# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




**आज अमृत स्नान**

*श्रद्धालुओं और स्नानार्थियों के जोश और उत्साह में कोई कमी नहीं*



## अंबानी परिवार की 4 पीढ़ियां एक साथ पहुंची महाकुंभ

### मां कोकिलाबेन भी प्रयागराज में

दिग्गज उद्योगपति मुकेश अंबानी अपने परिवार की 4 पीढ़ियों के साथ महाकुंभ पहुंचे। मां कोकिलाबेन अंबानी भी प्रयागराज आई हैं। अंबानी अपने परिवार के साथ प्रयागराज के अरैल घाट पहुंचे हैं। उनके साथ मां कोकिलाबेन अंबानी, बेटे अनंत और आकाश अंबानी, आकाश की पत्नी श्लोका मेहता और उनके दोनों बच्चे पृथ्वी और वेदा को भी कड़ी सुरक्षा के बीच अरैल घाट पर नाव की ओर ले जाया गया है। कोकिलाबेन अंबानी अपनी दोनों ▸▸ शेष पेज 4 पर

### वाराणसी में फिर बढ़ाई गईं स्कूलों की छुट्टियां

वाराणसी जिला प्रशासन ने एक बार फिर स्कूलों को 14 फरवरी तक के लिए बंद कर दिया है। वाराणसी शहरी क्षेत्र में कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों को 14 फरवरी तक बंद कर दिया गया है और तब तक ऑनलाइन शिक्षण कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं।

**महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ के पार**

# माघ पूर्णिमा पर आज बन सकता है 'नया रिकॉर्ड'

*महाशिवरात्रि तक स्नानार्थियों की संख्या 50 से 55 करोड़ के ऊपर जा सकती है*

एजेंसी ▸▸ प्रयागराज

मां गंगा, मां यमुना और अदृश्य मां सरस्वती के पवित्र संगम में श्रद्धा और आस्था से ओत-प्रोत साधु-संतों, श्रद्धालुओं, कल्पवासियों, स्नानार्थियों और गृहस्थों का स्नान अब उस शिखर पर पहुंच गया है, जिसकी महाकुंभ से पहले ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उम्मीद जताई थी। उन्होंने शुरुआत में ही 45 करोड़ श्रद्धालुओं के आने की ▸▸ शेष पेज 4 पर

» *मंगलवार से ही मेला क्षेत्र 'नो व्हीकल जोन' घोषित*

» *रेलवे ने फंसे श्रद्धालुओं को गंतव्य तक पहुंचाने विशेष ट्रेनें चलाईं*

### *भीड़-भाड़ को कम करने डिजिटल टोकन प्रणाली शुरू*

*प्रशासन ने भीड़-भाड़ को कम करने के लिए स्नान घाटों तक पहुंच को सुव्यवस्थित करने के लिए एक डिजिटल टोकन प्रणाली भी शुरू की। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष प्रावधान किए गए, जिससे यह सुनिश्चित हुआ कि कुंभ एक समावेशी आध्यात्मिक अनुभव बना रहे।* ▸▸ पढ़ें पेज 10 भी


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## खबर संक्षेप

### औसत कर 15.8% से घटकर 11.3% हुआ



**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को राज्यसभा में बताया कि वस्तु व सेवा कर (जीएसटी) के तहत अप्रत्यक्ष कर इसके लागू होने के बाद से पिछले कुछ वर्षों में काफी कम हुआ है। उन्होंने कहा कि पिछली अप्रत्यक्ष कर व्यवस्था के तहत औसत कर 15.8 प्रतिशत था, जीएसटी के तहत यह अब घटकर 11.3 प्रतिशत हो गया है।

### विजय मनोहर तिवारी बने एमसीयू के कुलगुरु



**भोपाल।** मंगलवार को राजधानी स्थित माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि (एमसीयू) में नए कुलगुरु की नियुक्ति के आदेश जारी कर दिए गए। महापरिषद् के अध्यक्ष सीएम डॉ. मोहन यादव द्वारा तिवारी को एमसीयू का कुलगुरु नियुक्त किया गया है। उनका कार्यकाल 4 वर्ष की अवधि का होगा।

### आईआईटी कानपुर में छात्र ने दी जान



**कानपुर।** आईआईटी से केमिस्ट्री से पीएचडी कर रहे छात्र अंकित यादव ने अपने हॉस्टल के कमरे में सोमवार को सुसाइड कर लिया। इस घटना की जानकारी तब लगी, जब छात्र की फ्रेंड उससे मिलने गई और दरवाजा बंद पाया। इसके बाद फ्रेंड ने खिड़की से देखा तो शव फंदे से लटक रहा था। छात्र नोएडा का रहने वाला था। 2024 में उसने दाखिला लिया था।

## मोहन कैबिनेट में अभूतपूर्व फैसले

### मप्र में पहली बार एक साथ 7 पॉलिसी को कैबिनेट से मिली मंजूरी

# 20 लाख लोगों को मिलेगा रोजगार 25 लाख करोड़ रु.का होगा निवेश

24-25 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट (जीआईएस) में 21 पॉलिसी लांच की जाएंगी

प्रधानमंत्री करेंगे ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का शुभारंभ, गृहमंत्री मंत्री शाह समिट के समापन सत्र में होंगे शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

कैबिनेट की करीब पौने दो घंटे तक चली बैठक में मंगलवार को अभूतपूर्व निर्णय हुए। पहली बार एक साथ 7 औद्योगिक, अधोसंरचना विकास, व्यापार सरलीकरण, उद्योगों को आगे बढ़ाने वाली पॉलिसी मंजूर की गई, जिससे मप्र के 20 लाख युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सकेगा। करीब 25 लाख करोड़ रुपए का निवेश होगा। नगरीय प्रशासन ▸▸ शेष पेज 4 पर

**ये भी फैसले**

1. जीआईएस को लेकर 17 सदस्यीय कमेटी गठित
2. निवेशकों की सहूलियतों के लिए 30 अनुमतियों को 12 किया गया
3. पहली बार एफडीआई को बढ़ावा देने डायरेक्ट पॉलिसी बनाई
4. मप्र के युवाओं को 75 फीसदी रोजगार देने वाले उद्योगों को सब्सिडी की राशि दी जाएगी



**ये हैं 7 पॉलिसी**

- उद्योग संवर्धन पॉलिसी
- सिटी गैस डिस्ट्रीब्यूशन पॉलिसी
- एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी
- लॉजिस्टिक पॉलिसी
- पर्यटन व फिल्म पॉलिसी
- सोलर व हाइड्रो पॉलिसी
- पंप स्टोरेज

### सभी अनुमतियों को समय-सीमा में देने का नियम बनाया

मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में 17 सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। इसमें कई मंत्री, स्थानीय विधायक, महापौर के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल किया गया है। कमेटी सभी विभागों के साथ समन्वयन स्थापित कर जीआईएस को बेहतर ढंग से संपन्न कराने में मदद करेगा। निवेशकों, उद्योगपतियों को सहूलियत देने के लिए सरकार ने निवेश करने व उद्योग लगाने के लिए जरूरी 30 अनुमतियों को कम करके 12 कर दिया है। सभी अनुमतियों को समय-सीमा में देने का नियम बनाया गया है।

### अब वेयर हाउस की जगह लॉजिस्टिक पार्क बनेगा

सरकार ने पहली बार एफडीआई को बढ़ावा देने का निर्णय लिया है। इसके लिए अलग से पॉलिसी बनाई गई है। अब वेयर हाउस की जगह लॉजिस्टिक पार्क बनाने का निर्णय लिया गया है। हाल में ही मप्र को मोस्ट फ्रेंडली स्टेट के लिए सम्मानित किया गया है। सरकार ने फिल्म प्रमोशन के लिए फिल्म के साथ ही कलाकारों को भी मौका दिया जाएगा।

### जनजातीय भाषाओं में फिल्म बनाने पर 10% अतिरिक्त अनुदान

कैबिनेट ने फिल्म पर्यटन अनुकूल राज्य बनाने और राज्य में फिल्म उद्योग के माध्यम से अधिकाधिक निवेश एवं रोजगार के अवसर उत्पन्न करने के उद्धेश्य से मप्र फिल्म पर्यटन नीति 2025 की स्वीकृति दी हैं। जनजातीय भाषाओं को बढ़ावा देने के लिए मालवी, बुंदेलखंडी, बघेलखंडी, निमाड़ी, गोंडी, भीली, कोरकू जैसी स्थानीय भाषाओं पर आधारित फिल्मों के लिए 10% अतिरिक्त अनुदान दिया जाएगा।

### 100 करोड़ की योजनाओं के लिए भूमि का सीधा आवंटन

कैबिनेट ने प्रदेश को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन गंतव्य के रूप मे स्थापित करने के लिए पर्यटन नीति 2025 की स्वीकृति दी है। नीति के तहत गोल्फ, कन्वेंशन सेंटर, वेलनेस रिसॉर्ट, क्रूज, अंर्तप्रदेशीय वायु सेवा, हेरिटेज होटल, रोप-वे, म्यूजियम, लाइट एंड साउंड शो आदि के निर्माण को प्रोत्साहन दिया जाएगा। अल्ट्रा मेगा परियोजनाओं (निवेश 100 करोड़ रुपए से अधिक) को कलेक्टर गाइडलाइन दर पर 90 वर्षों के लिए उपलब्ध विभागीय भूमि का सीधा आवंटन किया जाएगा। राज्य में किसी भी ▸▸ शेष पेज 4 पर

### मप्र में फिल्म बनाने पर इतना मिलेगा अनुदान

फीचर फिल्म के लिए अनुदान अधिकतम 2 करोड़ रुपए तक, वेब सीरीज के लिए अनुदान अधिकतम एक करोड़ 50 लाख रुपए, टीवी शो-सीरियल्स के लिए अनुदान अधिकतम एक करोड़, डॉक्युमेंट्री के लिए अनुदान अधिकतम 40 लाख रुपए, अंतर्राष्ट्रीय फिल्म के लिए अनुदान अधिकतम 1.3 मिलियन यूएस डॉलर (10 करोड़ रुपए तक), शॉर्ट फिल्मों के लिए अधिकतम अनुदान 15 लाख रुपए तक प्रदान किया जागा। वित्तीय अनुदान तब दिया जाएगा, जब कुल शूटिंग दिवसों में 75% शूटिंग दिवस मप्र में किया गया हो।

### विदेशी उद्योग समूहों और वाणिज्यिक दूतावासों के साथ दिल्ली में आज बैठक

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि समिट में विदेशों से आने वाले उद्योग और व्यापार समूहों तथा विभिन्न देशों के वाणिज्यिक दूतावासों से बेहतर तालमेल और समन्वय के लिए 12 फरवरी को नई दिल्ली में विशेष बैठक होने जा रही है।

**संसद में भाजपा सांसद ने नदियों में रेत खनन पर जताई चिंता**

# अवैध रेत खनन से नर्मदा पर खतरा इससे नदी का मूल स्वरूप बदल रहा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

नर्मदा नदी में अवैध रेत खनन और औद्योगिक ईकाइयों का वेस्ट नर्मदा में मिलने का मामला संसद में भाजपा के सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने उठाया है। उन्होंने कहा कि गैरकानूनी तरीके से अत्यधिक रेत खनन के कारण नर्मदा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो गया है। नर्मदापुरम से भाजपा सांसद चौधरी ने लोकसभा में शून्यकाल के दौरान पहले नर्मदा मैया का जयकारा लगाया और कहा- जीवनदायिनी मां नर्मदा के संरक्षण की आज अति आवश्यकता है। नर्मदा नदी न केवल मध्य प्रदेश बल्कि गुजरात की जीवन रेखा है। देश की अधिकतम नदियां फ्रेश वाटर बॉडी, औद्योगिक प्रदूषण, अति उपभोग व संरक्षण के अभाव में ह्यूमन कंजप्शन के लिए अनफिट होती जा रही हैं। मां नर्मदा के संरक्षण के लिए मैं जल मंत्रालय से ▸▸ शेष पेज 4 पर



नेता प्रतिपक्ष सिंघार बोले- 20 साल से भाजपा की सरकार

### साबरमती की तर्ज पर रिवर फ्रंट बनाया जाए

सांसद चौधरी ने कहा- साबरमती रिवर फ्रंट की तर्ज पर नर्मदापुरम में विश्वस्तरीय नर्मदा रिवर फ्रंट का विकास किया जाए। नर्मदा नदी विकास प्राधिकरण डेट बढ़ाकर इन संरक्षण के उपाय को करने के लिए एक इंस्टीट्यूशनल मेकेनिज्म बनाया जाए।

मॉब लिंचिंग पर सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी

# दिल्ली में बैठकर सभी मामलों की कतई निगरानी संभव नहीं

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मॉब लिंचिंग से जुड़ी एक जनहित याचिका का मंगलवार को निपटारा किया। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली में बैठकर मॉब लिंचिंग के मामलों का प्रबंधन नहीं किया जा सकता। जस्टिस बीआर गवई और के विनोद चंद्रन की पीठ ने शीर्ष अदालत के 2018 के फैसले का हवाला दिया।

इसमें भीड़ और गोरक्षकों द्वारा की जाने वाली हिंसा जैसे अपराधों से निपटने के लिए कई निर्देश दिए गए थे। पीठ ने कहा कि दिल्ली में बैठकर हम देश के विभिन्न राज्यों में होने वाली घटनाओं की निगरानी नहीं कर सकते। जनहित याचिका में राज्यों को 2018 के फैसले के अनुरूप तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश देने की मांग की गई थी, ताकि लिंचिंग ▸▸ शेष पेज 4 पर

पीड़ित व्यक्ति सक्षम अदालतों का दरवाजा खटखटा सकता है



### पर्याप्त व उचित मुआवजा एक समान संभव नहीं

लिंचिंग पीड़ितों को लगी चोटों के लिए मुआवजे के रूप में न्यूनतम एक समान राशि प्रदान करने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने के लिए एक अन्य प्रार्थना पर विचार करते हुए अदालत ने कहा कि पर्याप्त और उचित मुआवजा क्या हो सकता है, क्योंकि यह हर मामले में अलग-अलग होगा। यदि ऐसी घटना में किसी व्यक्ति को साधारण चोट लगी है और दूसरे को गंभीर चोटें आई हैं, तो एक समान मुआवजा देने का निर्देश अन्यायपूर्ण होगा। ▸▸ शेष पेज 4 पर

**डबरा में एक युवक की प्यार में गई जान**

# रात को प्रेमिका से मिलने पहुंचा घर परिजनों ने पीट-पीटकर मार डाला

हरिभूमि न्यूज ▸▸ डबरा

एक युवक को प्यार करना भारी पड़ गया और उसे अपनी जान गवानी पड़ी। यह पूरा मामला ग्वालियर जिले के भितरवार थाना क्षेत्र के ग्राम सर्वा है।

युवक की गलती इतनी थी की वो देर रात अपनी प्रेमिका से मिलने के लिए घर चला गया। इस दौरान घर में दाखिल होते जब लड़की के परिजनों ने देखा तो उसकी लाठी डंडों से बेरहमी से पीट पीटकर हत्या कर दी। जिसकी सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू की।

मिली जानकारी के अनुसार शिवपुरी जिले के बरउआ निवासी गवेंद्र बघेल (25) साल दो दिन पहले अपनी बहन के यहां आया हुआ था। बताया जा रहा है कि बहन के घर के पास ही युवक की प्रेमिका रहती थी। जिससे मिलने के लिए प्रेमी देर रात उसके घर चला गया। इस दौरान घर में घुसते परिजनों ने देख लिया तो उसकी लाठी डंडों से पिटाई कर दी। जिसकी वजह से वो गंभीर रूप से ▸▸ शेष पेज 4 पर



### 3 लोगों के खिलाफ शिकायत दर्ज

इधर मौत के बाद युवक के परिजनों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने तीन लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक युवक का पोस्टमार्टम करा कर शव परिजनों को सौंपकर मामले की जांच में जुट गई हैं।

**पूर्व में लोकायुक्त तीनों को रिमांड पर लेकर कर चुकी है पूछताछ**

ईडी की रिमांड पूरी होने के बाद फिर होंगे कोर्ट में पेश

# राज उगलवाने ईडी की फिर कवायद...सौरभ, सहयोगी चेतन, पार्टनर शरद को 17 तक 'रिमांड' पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

आरटीओ के पूर्व आरक्षक सौरभ शर्मा, उसके सहयोगी चेतन सिंह गौर और शरद जायसवाल को ईडी की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सुनवाई के बाद तीनों को 17 फरवरी तक की रिमांड पर सौंप दिया गया है।

ईडी प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट के तहत तीनों से पूछताछ करेगी। इसके अलावा छापे में मिली बेहिसाब ▸▸ शेष पेज 4 पर

### *जेल में हुई पूछताछ से नहीं निकला था कोई निष्कर्ष*



4 फरवरी को सौरभ शर्मा, शरद जायसवाल और चेतन सिंह गौर को लोकायुक्त पुलिस ने कोर्ट में पेश किया गया था। यहां कोर्ट ने तीनों को 17 फरवरी तक न्यायिक हिरासत में भेजने के आदेश दिए थे। ज्युडिशियल रिमांड के दौरान ईडी ने 5, 6 और 7 फरवरी तक लगातार सौरभ, चेतन और शरद से अलग-अलग और आमने-सामने बैठाकर पूछताछ की थी लेकिन ईडी को सही जबाब नहीं मिलने पर किसी निष्कर्ष तक नहीं पहुंच पाई थी।

### 5 पेज के आवेदन में ईडी ने गिनाई रिमांड की वजह

मंगलवार को कोर्ट में पेश रिमांड आवेदन में ईडी की तरफ से बताया गया कि छापों के दौरान बरामद हुई प्रॉपर्टी सहित अन्य बिंदुओं पर तीनों से पूछताछ करनी है। वहीं जेल में आरोपियों से तीन दिन तक जो पूछताछ की है उसमें आए ब्यौरे के बाद अब अन्य बिंदुओं पर भी पड़ताल करनी है। कोर्ट में ईडी के अधिवक्ता के तर्कों का विरोध करते हुए सौरभ, चेतन और शरद के अधिवक्ताओं ने कहा कि इस संबंध में लोकायुक्त पुलिस तीनों को सात दिन तक रिमांड पर ले चुकी है और तीन दिन तक ईडी ने भी पूछताछ की है, लिहाजा अब रिमांड देने की जरूरत नहीं है। तीनों के अधिवक्ताओं ने ▸▸ शेष पेज 4 पर

**भरोसा और**
**निवेशकों को पहला स्थान**
**मूल्यों की नींव पर**
**मध्यप्रदेश की उड़ान**



**नरेन्द्र मोदी,** प्रधानमंत्री **डॉ. मोहन यादव,** मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश


# कर्टेन रेज़र कार्यक्रम
# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट

## इन्वेस्ट मध्यप्रदेश

अनंत संभावनाएं

**24-25 फरवरी 2025, भोपाल**

**होटल ताज महल, मान सिंह रोड एरिया, नई दिल्ली**
**12 फरवरी, 2025 | अपराह्न 3:00 बजे**



## असीमित संभावनाएं एवं निवेश का समृद्ध इकोसिस्टम आपके लिए तैयार है

**आकर्षक नीतियां**
पारदर्शी नीतियों के साथ
कस्टमाइज्ड पैकेज

**ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस**
EODB रैंकिंग में अग्रणी राज्य

**आधुनिक आधारभूत संरचना**
340+ औद्योगिक पार्क (MSME, IT, EMS पार्क सहित) 7 स्मार्ट सिटीज़, 5 आईटी सेज़

**पावर सरप्लस**
31 GW स्थापित क्षमता
30% स्वच्छ ऊर्जा

**स्ट्रेटजिक कनेक्टिविटी**
6 हवाई अड्डे, 20 रेलवे जंक्शन, 6 ड्राई पोर्ट
1 मल्टी-मॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क

**व्यापक औद्योगिक लैंड बैंक**
1 लाख + एकड़

**विस्तृत रोड नेटवर्क**
5 लाख + किमी रोड नेटवर्क
46 राष्ट्रीय राजमार्ग

**पर्याप्त जल आपूर्ति**
उद्योगों के लिए 1000 + मिलियन घनमीटर जल उपलब्ध

रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें

www.investmp.in

D-11179/24
मध्यप्रदेश जनसंपर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

सीधा प्रसारण @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP | #InvestInMP | #MPGIS2025

भोपाल
बुधवार, 12 फरवरी 2025
माघ मास शुक्ल पक्ष –पूर्णिमा
वर्ष : 11, अंक : 319
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 31
न्यून. 15

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



12 सीरीज जीत चुकी टीम इंडिया आज...

विचार पेज
06 अमेरिकी यात्रा के अनुभव होंगे...

पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भोपाल के एडवाइजर आरजी द्विवेदी ने 'हरिभूमि' से कहा

# ग्लोबल इन्वेस्टर समिट मध्यप्रदेश और भोपाल के लिए 'स्वर्णिम' अवसर

- बड़ी कंपनियां और छोटे उद्यम दोनों इस क्षेत्र में अपना विस्तार कर पाएंगे
- भोपाल देश के केंद्र में स्थित होने से लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्थान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

इन्वेस्ट मध्यप्रदेश अनंत संभावनाएं ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 24, 25 फरवरी 2025 भोपाल

मध्यप्रदेश सरकार का द्विवार्षिक प्रमुख निवेश प्रोत्साहन कार्यक्रम यानी दो दिवसीय वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन 2025 जो 24 और 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित किया जा रहा है, न केवल एक औद्योगिक सम्मेलन होगा, बल्कि मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल को औद्योगिक राजधानी के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक स्वर्णिम अवसर साबित होगा। समिट से भोपाल को प्रमुख औद्योगिक केंद्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ने की संभावना है। यह बात पीएचडी चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री भोपाल के एडवाइजर आरजी द्विवेदी ने 'हरिभूमि' से कही। द्विवेदी ने कहा कि भोपाल भौगोलिक रूप से भी एक आदर्श ▶▶ शेष पेज 4 पर



## आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी

द्विवेदी ने कहा कि जीआईएस 2025 उद्यमियों और व्यापारियों के लिए वरदान साबित होगी। इसके जरिए औद्योगिक क्षेत्र के विस्तार और आर्थिक विकास को प्रोत्साहन मिलेगा और निवेश की संभावनाएं बढ़ेंगी। बड़ी कंपनियां और छोटे उद्यम दोनों इस क्षेत्र में अपना विस्तार कर पाएंगे। इसके अलावा औद्योगिक क्षेत्रों में जमीन की कीमतों में वृद्धि होगी। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण निवेशक नए उद्योग स्थापित करने के लिए प्रेरित होंगे। रोजगार के नए अवसर पैदा होने के साथ स्थानीय युवाओं को इन उद्योगों में नौकरी पाने का मौका मिलेगा।

### भोपाल जिला एक औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र के रूप में उभरेगा

द्विवेदी ने कहा कि नए उद्योगों की स्थापना से आर्थिक गतिविधियों में तेजी आएगी। इससे क्षेत्र के आर्थिक और सामाजिक विकास में भी योगदान होगा, आने वाले वर्षों में भोपाल जिला एक औद्योगिक और व्यापारिक केंद्र के रूप में उभरेगा। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को भी औद्योगिक विकास का लाभ मिलेगा। प्रमुख लॉजिस्टिक्स हब के रूप में उभर सकता है। जिससे लॉजिस्टिक्स कंपनियां इस क्षेत्र में अपनी सेवाओं का विस्तार करेंगी।

*इंपैक्ट फीचर*

## खबर संक्षेप

### सोशल मीडिया चलाने वाले बच्चों की निगरानी



**नई दिल्ली।** फेसबुक और इंस्टाग्राम जैसे सोशल मीडिया मंचों का संचालन करने वाली कंपनी मेटा ने मंगलवार को 'इंस्टाग्राम टीन अकाउंट्स' का भारत में विस्तार करने की घोषणा की। इसमें अवांछित बातचीत सीमित करने और गोपनीयता सेटिंग बढ़ाने के साथ मां-बाप की अधिक निगरानी सुनिश्चित की जा सकेगी। पिछले महीने भारत सरकार ने डिजिटल व्यक्तिगत डेटा सुरक्षा नियमों का मसौदा जारी किया था।

### विक्रांत बने आदिवासी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष



**भोपाल।** झाबुआ से कांग्रेस विधायक विक्रांत भूरिया को आदिवासी कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के निर्देश पर पार्टी महासचिव केसी वेणुगोपाल ने नियुक्ति आदेश जारी कर दिया है। विक्रांत कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता कांतिलाल भूरिया के पुत्र हैं। पिता के चुनाव में व्यस्त रहने के कारण उन्होंने युवक कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया था।

### एमपी पीसीएस प्री एडमिट कार्ड जारी




**भोपाल।** मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग ( एमपीपीएससी) की राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 के एडमिट कार्ड जारी कर दिए हैं। परीक्षार्थी वेबसाइटसे एप्लीकेशन नंबर व जन्मतिथि की मदद से एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकते हैं। एमपी पीसीएस प्रीलिम्स परीक्षा का आयोजन 16 फरवरी 2025 को होगा। परीक्षा प्रवेश-पत्र के डाउनलोड से संबंधित समस्या का निपटारा 13 फरवरी तक ही किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस के ग्रैंड पैलेस में एआई एक्शन समिट में कहा

# एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा, नौकरियां जाने की बात 'भ्रम'

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों के साथ कृत्रिम मेधा पर आयोजित शिखर सम्मेलन की सह-अध्यक्षता की। उन्होंने इसके लिए राष्ट्रपति मैक्रों को धन्यवाद दिया।*



एजेंसी ▶▶ पेरिस

प्रधानमंत्री मोदी ने पेरिस के ग्रैंड पैलेस में एआई एक्शन समिट को संबोधित किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा एआई पहले से ही हमारी अर्थव्यवस्था सुरक्षा और यहां तक कि हमारे समाज को नया आकार दे रहा है। एआई इस सदी में मानवता के लिए कोड लिख रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि एआई लाखों जिंदगियां बदल सकता है।

भारत का एआई मिशन काफी कारगर है। इससे नौकरियां जाने की बात भ्रम है। एआई आज वक्त की जरूरत है। हमारे पास दुनिया का सबसे बड़ा टैलेंट है। हम लोगों ने डेटा को सुरक्षित ▶▶ शेष पेज 4 पर

#### यह भी संबोधन

- भारत अपने एआई के अनुभव को बांटने को है तैयार
- अभूतपूर्व स्केल और स्पीड से डेवलप हो रहा है एआई
- एआई अर्थव्यवस्था सुरक्षा और समाज को नया आकार दे रहा
- हमें ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए

## इतिहास गवाह है तकनीक नौकरियां नहीं लेती



समिट में पीएम मोदी फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों से गले मिलते हुए

### प्रौद्योगिकी से नई तरह की नौकरियां सृजित होंगी

प्रधानमंत्री ने कहा कि संचालन व्यवस्था और मानकों को स्थापित करने के लिए सामूहिक वैश्विक प्रयासों की आवश्यकता है, जो हमारे साझा मूल्यों को बनाए रखें, जोखिमों को दूर करें और भरोसे का निर्माण करें। प्रौद्योगिकी के कारण काम खत्म नहीं होता, बल्कि उसकी प्रकृति बदल जाती है और नई तरह ▶▶ शेष पेज 4 पर

### एआई की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत

पीएम मोदी कहा कि मैं एक सरल प्रयोग से शुरू करता हूं। यदि आप अपनी मेडिकल रिपोर्ट किसी एआई एप पर अपलोड करते हैं तो यह सरल भाषा में बता सकता है कि इसका क्या मतलब है, लेकिन यदि आप उसी एप से किसी व्यक्ति की बाएं हाथ से लिखने की छवि बनाने के लिए कहते हैं तो सबसे अधिक संभावना ▶▶ शेष पेज 4 पर

### लोगों को केंद्रित करने वाले एप्लिकेशन बनाने चाहिए

पीएम ने कहा कि हमें ओपन सोर्स सिस्टम विकसित करना चाहिए, जो विश्वास और पारदर्शिता को बढ़ाए। पक्षपात रहित गुणवत्तापूर्ण डेटा सेंटर बनाने चाहिए, हमें प्रौद्योगिकी का लोकतंत्रीकरण करना चाहिए। लोगों को केंद्रित करने वाले एप्लिकेशन बनाने चाहिए। साइबर सुरक्षा, गलत सूचना और डीपफेक से संबंधित चिंताओं को दूर करना चाहिए। यह भी सुनिश्चित हो कि प्रौद्योगिकी स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र में निहित हो ताकि यह प्रभावी और उपयोगी हो।

▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

**महाकुंभ से लौट रहे** 10 श्रद्धालुओं की मौत

# जबलपुर में 7, मैहर में दो और पन्ना में 1 की गई जान



मरने वालों में 7 तेलंगाना 1 गुजरात, 2 इंदौर के

सीहोरा के पास ट्रक, ट्रैवलर और मैहर में कार टकराई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर/ मैहर

मप्र में मंगलवार रात से सुबह तक तीन सड़क हादसों में 10 कुंभ यात्रियों की मौत हो गई। जबलपुर और मैहर में सड़क दुर्घटना का शिकार हुए लोग प्रयागराज से स्नान कर लौट रहे थे। तीसरा हादसा पन्ना में हुआ, इसमें गुजरात के अहमदाबाद से प्रयागराज जा रहे एक श्रद्धालु ▶▶ शेष पेज 4 पर

सीएम डॉ. यादव ने घटना पर जताया दुख

### मुख्यमंत्री ने की अपील- यात्रा में तेज वाहन न चलाएं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तीर्थयात्रियों की भीषण सड़क दुर्घटना में हुई असामयिक मृत्यु पर दुःख व्यक्त किया है। डॉ. यादव ने कहा कि घायलों के समुचित उपचार और सभी मृतकों के परिजन से संपर्क कर पार्थिव देह पहुंचाने की व्यवस्था के लिए जिला प्रशासन को निर्देशित किया ▶▶ शेष पेज 4 पर

### मैहर में इंदौर के संघ पदाधिकारी समेत 2 की मौत

प्रयागराज से इंदौर लौट रहे कुंभ यात्रियों की एक स्कॉर्पियो मैहर में मंगलवार तड़के करीब 4 बजे डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, दो घायल हैं। हादसा नेशनल हाईवे 30 पर ड्राइवर की झपकी लगने के कारण हुआ। नादन देहात थाना प्रभारी एन बंजारे ने बताया कि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पदाधिकारी मनोज विश्वकर्मा और मंजू शर्मा की मौत हो गई। गाड़ी में 7 लोग सवार थे। 5 घायलों को ▶▶ शेष पेज 4 पर

**नरसिंहपुर में आधी रात घर में घुसकर दुष्कर्म**

## पीड़िता छत से गिरी, परिजनों का आरोप-गलत काम के बाद फेंका



एक आरोपी गिरफ्तार, पीड़िता जिला अस्पताल में भर्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहपुर

जिले में 19 साल की युवती से रेप का मामला सामने आया है। बचने के लिए भागने के दौरान वह 15 फीट ऊंची छत से नीचे आ गिरी। आरोप पड़ोसी के रिश्तेदार पर है। वारदात करेली थाना इलाके में सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात की है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका इलाज चल रहा है।

पहले सूचना आई थी कि चार आरोपियों ने गैंगरेप के बाद युवती को छत से फेंक दिया। इसके बाद एएसपी संदीप ▶▶ शेष पेज 4 पर

**यूट्यूबर की विवादित टिप्पणी पर गुस्सा**

## रणवीर इलाहाबादिया की जीभ काटकर लाने पर 5 लाख इनाम



कहा इलाहाबादिया ने घिनौना काम किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया पर देश भर में एफआईआर भी दर्ज हो चुकी हैं। लोग उनसे बुरी तरह नाराज हैं। इस सब के बीच सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर फैजान अंसारी ने रणवीर इलाहाबादिया को लेकर एक विवादास्पद बयान दे दिया है। अंसारी ने इलाहाबादिया की जीभ काटने वाले को 5 लाख रुपए का इनाम देने का ऐलान किया है। अंसारी ने एक वीडियो बनाकर यह ऐलान किया है। अंसारी ने कहा कि यूट्यूबर इलाहाबादिया ने इतना घिनौना काम किया ▶▶ शेष पेज 4 पर ▶▶ पढ़ें पेज 10 भी

**केंद्रीय मंत्री सिंधिया की जनसुनवाई में अनोखी अरजी**

## थकान दूर करने के लिए पीते हैं, खर्च हो जाती है आधी कमाई, शराब की कीमतों में कमी करवाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवपुरी

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया की जनसुनवाई कार्यक्रम के दौरान शिवपुरी में एक मजदूर ने शराब की कीमत करने की मांग कर डाली।

आवेदन देकर कहा कि मजदूरी के बाद रात में शरीर थक जाता है और शराब का सेवन करना पड़ता है, लेकिन मेहनताने की आधी राशि शराब में ही खर्च हो जाती है। कीमत ज्यादा होने कारण हर दिन शराब नहीं पी पाते ▶▶ शेष पेज 4 पर

- मजदूर ने लिखा- संबंधित विभाग को निर्देशित करने की कृपा करें




### आवेदन फेंकने पर 5 सस्पेंड

सिंधिया की जन सुनवाई के दौरान प्राप्त आवेदनों को फेंकने के मामले में 5 सरकारी कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया। शनिवार को शिवपुरी के पिछोर में 'जन सुनवाई' शिविर आयोजित किया गया। कुछ आवेदनों को कूड़ेदान में फेंक दिया गया, जबकि सिंधिया ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए थे कि सभी आवेदनों को उचित तरीके से सूचीबद्ध किया ▶▶ शेष पेज 4 पर

**बंधक मुद्दाः** डोनाल्ड ट्रंप ने हमास को दी चेतावनी

## शनिवार तक छोड़ने की डेडलाइन, बोले नहीं छोड़ा तो नरक के दरवाजे खोल देंगे



73 बंधक अभी भी हमास के कब्जे में

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हमास से दो टूक कह दिया कि अगर गाजा में बंधक बनाए गए सभी 73 लोगों को शनिवार दोपहर तक रिहा नहीं किया गया तो वो हमास के ठिकानों को नरक बना देंगे।

ओवल ऑफिस में बोलते हुए ट्रंप ने यह भी कहा कि यदि जॉर्डन और मिस्र गाजा से फिलिस्तीनी शरणार्थियों को लेने से इनकार करते हैं तो वह उनकी मदद रोक सकते हैं। इससे पहले दिन में उन्होंने कहा था कि फ़िलिस्तीनियों को उनकी प्रस्तावित अमेरिकी नेतृत्व वाली अधिग्रहण योजना के तहत गाजा लौटने का अधिकार नहीं होगा। ट्रंप ने ▶▶ शेष पेज 4 पर

# सुप्रीम कोर्ट ने क्रिमिनल केस में दोषी नेताओं की संसद में वापसी पर उठाया सवाल

दोषी ठहराए गए सांसदों और विधायकों के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग

## *अपराधी सरकारी नौकरी नहीं कर सकता तो दोषी नेता चुनाव कैसे लड़ सकता है?*

बड़ी खबर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजनीति के अपराधीकरण को बड़ा मुद्दा बताते हुए इस बात पर आश्चर्य जताया कि दोषी ठहराए गए राजनेता अपनी सजा पूरी करने के बाद विधायिका में कैसे लौट सकते हैं?

सुप्रीम कोर्ट ने दोषी राजनेताओं की संसद में वापसी पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे कानून कैसे बना सकते हैं? दो जजों की बेंच की अध्यक्षता कर रहे जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा कि एक बार जब उन्हें दोषी करार दे दिया जाता है और दोषसिद्धि बरकरार रखी जाती है तो लोग संसद और विधानमंडल में कैसे वापस आ सकते हैं? उन्हें जवाब देना होगा। उन्होंने कहा कि इसमें हितों का टकराव भी स्पष्ट है क्योंकि ये राजनेता कानूनों की जांच करेंगे। पीठ में जस्टिस मनमोहन भी शामिल थे, जो अधिवक्ता अश्विनी कुमार उपाध्याय ▶▶ शेष पेज 4 पर



### सांसदों-विधायकों से संबंधित लगभग 5000 आपराधिक मामले पेंडिंग

वरिष्ठ अधिवक्ता विजय हंसारिया ने पीठ को बताया कि समय-समय पर दिए गए निर्देशों के बावजूद, सांसदों विधायकों से संबंधित लगभग 5,000 आपराधिक मामले पेंडिंग हैं। उन्होंने देरी के लिए जिम्मेदार कारकों को भी गिनाते हुए कहा कि विशेष अदालतें अक्सर सांसदों और विधायकों से संबंधित मामलों के अलावा अन्य मामलों की सुनवाई करती हैं, ऐसे में केस बार-बार स्थगित कर दिया जाता है। जिसकी वजह से आरोपी सुनवाई से बचते हैं और गवाहों को समन भेजने में समस्या होती है।

वोट वेरिफिकेशन याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को दिए आदेश

### ईवीएम डेटा को डिलीट नहीं करें



चुनाव के बाद ईवीएम से वोट वेरिफिकेशन के लिए पॉलिसी बनाने की मांग को लेकर सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई थी। मंगलवार को इस याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। सीजेआई संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता की बेंच ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया है कि सुनवाई की प्रक्रिया पूरी होने तक ईवीएम में कोई डेटा रिलोड न करें, न ही कोई डेटा डिलीट करें। चुनाव के बाद ईवीएम की जली हुई मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर को लेकर प्रक्रिया की भी जानकारी मांगी गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग बताए कि इस ▶▶ शेष पेज 4 पर

## खबर संक्षेप



### आरकेएमपी-सुबेदारगंज कुंभ स्पेशल ट्रेन चलाई

**भोपाल।** महाकुंभ के लिए भोपाल रेल मंडल ने यात्रियों की मांग पर मंगलवार को गाड़ी संख्या 01667 रानी कमलापति-सुबेदारगंज कुंभ स्पेशल अनारक्षित ट्रेन चलाई। भोपाल मंडल के एसीएम व प्रवक्ता नवल अग्रवाल ने बताया कि रानी कमलापति स्टेशन पर शाम को ट्रेन में सवार होकर महाकुंभ के लिए श्रद्धालु रवाना हुए। ट्रेन को भोपाल, सांची, विदिशा, गुलाबगंज, गंजबासौदा, मंडी बामोरा, बीना स्टेशन पर भी हाल्ट दिया गया था।

### सिग्नल फेल, एक घंटे रेल संचालन ठप रहा

**भोपाल।** भोपाल मंडल के कुल्हार रेलवे स्टेशन पर मंगलवार को सिग्नल प्रणाली में खराबी आ जाने से रेल यातायात ठप हो गया। इस वजह से अप, डाउन और तीसरी लाइन का संचालन प्रभावित हुआ, जिससे यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रेलवे सूत्रों के अनुसार, दोपहर 2:07 से 3:05 बजे तक सिग्नल फेल होने के चलते कई ट्रेनों को विभिन्न स्टेशनों पर रोकना पड़ा। बिलासपुर एक्सप्रेस, मालगाड़ियां और अन्य यात्री ट्रेनें प्रभावित हुईं। इस दौरान कुछ ट्रेनों को बीना और मंडी बामोरा स्टेशनों पर रोका गया, जबकि मालगाड़ी को गंजबासौदा स्टेशन पर खड़ा रखा गया।

### ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा का किया पर्दाफाश

**भोपाल।** ब्रांच भोपाल की टीम को जुए और सट्टे के खिलाफ अभियान चला रही है। इसी क्रम में उसे से सूचना प्राप्त हुई कि फ्लैट नं. 607, सहज संगम अपार्टमेंट, गुफा मंदिर रोड, लालघाटी में एक व्यक्ति ऑनलाइन क्रिकेट का सट्टा खिला रहा है। क्राइम ब्रांच की टीम ने मौके पर पहुंचकर तस्दीक की। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम हितेश चंदानी उर्फ चूपा उर्फ हित्तू पिता शिवन लाल उम्र 29 साल निवासी लालघाटी थाना कोहेफिजा, का रहना बताया। आरोपी के पास से दो मोबाइल फोन जब्त किए गए, जिसमें सट्टे के सबूत मिले।

### छेड़छाड़ केस में फरार पूर्व सरपंच गिरफ्तार

**भोपाल।** टीटी नगर इलाके में पुलिस ने छेड़खानी के मामले में फरार चल रहे एक पूर्व सरपंच का पकड़ा है। आरोपी के पास से एक 315 बंदूक बरामद हुई है। पुलिस ने आयुध अधिनियम के तहत एक दूसरा प्रकरण भी दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक राम स्वरूप विश्वकर्मा काली पीपल शाजापुर का रहने वाला है। इसके पहले सरपंच था। उसके खिलाफ टीटी नगर थाने में एक युवती ने पिछले दिनों छेड़खानी का मामला दर्ज कराया था। इस मामले में पुलिस को उसकी तलाश थी। पुलिस ने फरार आरोपी को टीटी नगर इलाके में घूमते हुए पकड़ लिया। आरोपी से रायफल जब्त हुई है, जिसका लाइसेंस अवधि खत्म हो गई थी।

# भोपाल में एक घंटे में फुल चार्ज कर सकेंगे ई-व्हीकल

1 एक साथ चार्ज हो सकेंगीं 5 ई-कारें

2 ट्रायल बेस पर निःशुल्क कर सकेंगे ई-वाहन चार्ज

3 लेक व्यू पर फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन हुआ शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी के लेक व्यू पर स्मार्ट सिटी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ने फास्ट ई-व्हीकल चार्जिंग स्टेशन शुरू कर दिया है। यहां एक बार में एक साथ 5 ई-कारें या अन्य वाहन चार्ज हो सकेंगे। ट्रायल के रूप में एक सप्ताह के लिए कारों की चार्जिंग निःशुल्क रहेगी।

चार्जिंग स्टेशन से पिछले तीन दिन में 150 से अधिक वाहनों ने बिजली की 3 हजार यूनिट चार्ज की है। लेक व्यू पर 120 किलोवॉट, 60 किलोवॉट और 22 किलोवॉट कैपेसिटी के फास्ट चार्जिंग स्टेशन बनाए गए हैं। जिनमें टाइप-2 चार्जिंग गन का इस्तेमाल किया गया है। इनमें कार फुल चार्ज एक घंटे में हो रही है। स्मार्ट सिटी सीईओ अंजू अरुण कुमार के निर्देश पर ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट से पूर्व उक्त चार्जिंग स्टेशन शुरू किया गया है। इसके साथ ही एक अन्य चार्जिंग स्टेशन जल्द ही एमपी नगर स्थित मल्टीलेवल पार्किंग के पास शुरू होगा। इसका निर्माण कार्य प्रगति पर है।



### ऐसे कर सकते हैं वाहन चार्ज

*वाहन चार्ज करने के लिए वाहन मालिकों को स्टेटिक एप अपने फोन पर डाउनलोड करना होगा। इसमें न्यूनतम 50 रुपए की राशि बैलेंस रखना होगी। वर्तमान में एप डाउनलोड कर ई-वाहन को चार्ज किया जा सकेगा। सात दिन तक चार्जिंग शुल्क नहीं लगेगा। एप पर दिए गए निर्देश का पालन करते हुए वाहनों को चार्ज किया जा सकेगा। एप डाउनलोड करने के लिए स्टेशन पर क्यूआर कोड की सुविधा भी दी गई है*

### सीईओ ने किया एबीडी एरिया का निरीक्षण

*ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट की तैयारियों को लेकर भोपाल स्मार्ट सिटी सीईओ अंजु अरूण कुमार ने मंगलवार को एबीडी एरिया टीटी नगर का निरीक्षण किया। इसके दौरान सीईओ ने एबीडी एरिया की अटलपथ, लाड़ली लक्ष्मीपथ और अन्य सड़कों के निर्माण, मरम्मत, सौंदर्यकरण कार्य और अन्य निर्माण कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने गुणवत्तापूर्ण कार्य तय समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देष संबंधित अधिकारियों को दिए।*

## मौसम में बदलाव का सेहत पर पड़ रहा असर

# यह कैसी एलर्जीः बेअसर हुए कफ सीरप, 15 से 20 दिन बाद भी ठीक नहीं हो रही खांसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



**डॉक्टर इसे कोविड के बाद हुए बदलाव का असर मान रहे**

मौसम में बदलाव के साथ ही अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढ़ गई है, लेकिन इस बार सर्दी-खांसी के मरीजों को ज्यादा परेशानी हो रही है। कारण है खांसी का 15 से 20 दिन तक ठीक नहीं होना। डॉक्टर इसे कोविड के बाद हुए बदलाव का असर मान रहे हैं।

खास बात यह है कि खांसी में पहले कारगर साबित हुई दवाएं भी अब कई मरीजों के लिए कारगर साबित नहीं हो रही है। मौसमी बदलाव के चलते गले में खराश, बुखार के बाद सूखी खांसी की शिकायत होने लगी है। बच्चों में माइल्ड निमोनिया, पोस्ट वायरल ब्रोन्काइटिस के मामले भी देखे जा रहे हैं। जेपी अस्पताल की ओपीडी में बड़ी संख्या में मरीज पहुंच रहे हैं। इनमें भी सबसे ज्यादा मरीज सर्दी-खांसी और वायरल फीवर के थे।

### अधिकांश मरीज, सर्दी, वायरल, खांसी के

हालात यह है कि मंगलवार को जेपी अस्पताल की ओपीडी में एक हजार से ज्यादा मरीज इलाज के लिए आए। इनमें भी सबसे ज्याद मरीज सर्दी-खांसी और वायरल फीवर के थे। हालत यह है कि मेडिकल वार्ड में 20 बेड भरे हुए थे और कुल 35 मरीज वार्ड में थे। अभी यह स्थिति अगले एक सप्ताह तक बने रहने की संभावना है।

### धूल और सर्दी से संक्रमण भी एक वजह

सर्दी के बाद गर्मी के मौसम की शुरूआत होने पर मौसमी बीमारियां बढ़ जाती हैं। इसमें धूल व रात में सर्दी भी संक्रमण की वजह है। गले में संक्रमण के बाद बुखार व खांसी की समस्या ज्यादा हो रही है। एलर्जी से संक्रमित हुए लोगों को ज्यादा परेशानी है। उन्हें उपचार में ज्यादा समय लग रहा है।

**डॉ. धीरज शुक्ला**, मेडिसिन विशेषज्ञ

**खांसी का ट्रैंड भी बदला**

अभी अस्पताल में मरीजों की संख्या बढ़ गई है। वार्ड में बेड फुल हैं। खांसी का ट्रैंड भी बदला है। इसे कोरोना के बाद का बदलाव माना जा सकता है। उपचार में सभी दवाइयां दी जा रही है।

**डॉ. राकेश श्रीवास्तव**, अधीक्षक, जेपी अस्पताल

## जेपी अस्पतालः कामबंद कर किया प्रदर्शन

### 100 से ज्यादा आउससोर्स कर्मचारी को नहीं मिला तीन माह से वेतन



**भोपाल।** राजधानी के मार्डल अस्पताल जेपी में मंगलवार सुबह उस हड़कंप मच गया, जब 100 से ज्यादा आउटसोर्स कर्मचारियों ने कामबंद कर अस्पताल परिसर में प्रदर्शन किया। नारेबाजी कर प्रदर्शन कर रहे आउटसोर्स कर्मचारियों ने बताया कि उन्हें से तीन से चार माह का वेतन नहीं मिला है। अधीक्षक से लेकर आउटसोर्स कंपनी के अधिकारियों से वेतन देने की गुहार लगा चुके हैं। उसके बाद भी अब तक वेतन नहीं मिला है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि अगर एक सप्ताह में वेतन का भुगतान नहीं किया गया तो आमरण अनशन करने को मजबूर होंगे। हालांकि दो घंटे के प्रदर्शन के बाद अधीक्षक राकेश श्रीवास्तव के आश्वासन के बाद कर्मचारी काम पर लौट आए। राकेश श्रीवास्तव ने बताया कि बजट की कमी के कारण आउससोर्स कंपनी का भुगतान नहीं हो पाया है। कर्मचारियों के वेतन को लेकर विभाग को अवगत करा दिया है। जल्द ही कर्मचारियों को वेतन का भुगतान हो जाएगा।

### आउटसोर्स बनी कर्मचारियों के शोषण की प्रथा

*प्रदेश के 30 हजार से अधिक स्वास्थ्य कर्मचारी आउटसोर्स ठेके के कारण शोषण प्रथा के शिकार हो रहे है। राजधानी भोपाल के साथ प्रदेश के अधिकतर जिलों में आउटसोर्स कर्मचारियों को चार से पांच माह वेतन भुगतान नहीं किया जा रहा है। जबकि प्रमुख सचिव स्वास्थ्य द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए थे कि आउटसोर्स कर्मचारी को भी प्रतिमाह पहली तारीख में भुगतान किया जाए लेकिन आदेश का पालन नहीं किया गया।*

***कोमल सिंह**, प्रदेशाध्यक्ष, संविदा आउटसोर्स स्वास्थ्य कर्मचारी संघ*

# छावनी पठार में सरकारी जमीन पर बनाए पक्के मकानों पर चला बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

जिले में भूमाफिया द्वारा सरकारी जमीन पर प्लाट काटकर मकान बनाए जा रहे हैं। इस बार में जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को कुछ जानकारी नहीं मिल पाती है। इसी का फायदा उठाकर भूमाफिया कब्जा करते जा रहे हैं, जब कोई जिम्मेदार शिकायत करता है तब प्रशासन द्वारा कार्रवाई की जाती है।

ऐसी कार्रवाई हुजूर तहसील में मंगलवार को की गई है। जहां पर भूमाफिया ने सरकारी जमीन पर प्लाट काटकर पक्के मकान बना लिए थे। एसडीएम विनोद सोनकिया ने बताया कि ग्राम छावनी पठार में स्थित शासकीय भूमि पर छह लोगों द्वारा प्लाट काटकर पक्के मकान बनाए जा रहे थे। ऐसी शिकायत मिलने पर मौके पर टीम भेजकर जांच कराई गई तो पता चला कि गोपाल, सुनील, कैलाश, बब्लू, हर्ष और दुलीचंद द्वारा सरकारी जमीन पर निर्माण किया जा रहा था। जांच में शिकायत सही पाई जाने पर मंगलवार को नगर निगम अमले की मदद व पुलिस की मौजूदगी में शासकीय भूमि पर बनाए गए अवैध निमार्णों को तोड़ने की कार्रवाई की है। उन्होंने बताया कि बाहर से आए भूमाफिया द्वारा शासकीय भूमि पर कब्जा कर प्लाट बेचे जा रहे थे और खुद मकान भी बनाए जा रहे थे। जमीन की कीमत लगभग चार करोड़ रुपए बताई जा रही है। अतिक्रमण से मुक्त हुई शासकीय भूमि पर जल्द ही तार फेंसिंग करवाई जाएगी।

# पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि पर विवेक ने हार्ट दान करने का लिया संकल्प, बांटी खिचड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय मिशन के जिला संयोजक 30 वर्षीय विवेक कुमार चौहान उर्फ वीर ने मंगलवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर नेशनल हेल्थ ऑथारिटी को हार्ट दान करने का संकल्प लिया है।

अयोध्या बायपास तिरूपति एमएल हाईराइज कॉलोनी निवासी वीर ने बताया कि हार्ट दान करने का प्रोत्साहन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से प्राप्त हुआ। मुख्यमंत्री द्वारा मप्र में शरीर या शरीर के अंगों दान करने वालों को गार्ड ऑफ ऑनर और अंगदान की पूर्व सूचना देने वाले व्यक्तियों को राष्ट्रीय पर्वों पर सम्मानित किए जाने की घोषणा के बाद मेरी अंतर आत्मा से हार्ट दान करने की प्रेरणा हुई और नेशनल हेल्थ ऑथारिटी को 11 फरवरी 2025 को अंगदान की पूर्व सूचना दी।



### हार्ट दान करने की खुशी में बांटी खिचड़ी

*हार्ट दान करने की खुशी में वीर ने एम्स परिसर में असहाय लोगों को खिचड़ी बांटी। वीर ने हार्ट दान करने पर हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि अंगदान का महत्व जानने के बावजूद आज भी बहुत कम लोग ऑर्गन डोनेट करते हैं। मेरे हार्ट से किसी को नई जिंदगी मिलेगी तो मेरा जीवन सार्थक हो जाएगा। मरने के बाद भी मेरा दिल किसी और के शरीर में धड़केगा। हार्ट दान के बाद से मेरी सोच पूरी तरह सकारात्मक होने के साथ एक अहसास हर वक्त मेरे साथ रहता है कि जिसको मेरा हार्ट मिलेगा, मैं उसके साथ हमेशा रहूंगा।*

## ठेला हटाने को लेकर ननि से नाराज था

# शराबी युवक ने टॉवर पर चढ़कर मचाया उत्पात, क्रेन से उतारा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्यामला हिल्स इलाके में शराब के नशे में चूर एक युवक पॉलिटेक्निक चौराहे पर लगे एक टॉवर में चढ़ गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस और नगर निगम की टीम मौके पर पहुंच गई। पहले उससे अफसरों ने टावर से उतरने की अपील की। जब वह नहीं उतरा तो हाइड्रोलिक क्रेन बुलवाई गई।

इसके बाद उसे सकुशल टॉवर से उतारा गया। पुलिस के मुताबिक घटनाक्रम शाम 6 बजे के आसपास का है। कमल यादव बैरसिया का रहने वाला है। वह गिन्नोरी में ठेला लगाता है। वह शराब पीने का आदी है। वह टॉवर पर चढ़ गया और वहां से शोर मचाने लगा। सूचना के आधार पर पुलिस और नगर निगम की रेस्क्यू टीम पहुंच गई। इस दौरान यातायात व्यवस्था भी बाधित हुई। टॉवर में चढ़े युवक को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रही। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद उसे उतार कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया। पूर्व में भी कमल यादव नगर निगम द्वारा ठेला हटाने के कारण नाराज होकर टॉवर पर चढ़ चुका है। उस समय शर्त रखी थी कि नगर निगम अमले के खिलाफ कार्रवाई हो और उसका ठेला वापस किया जाए।



## सामाजिक न्याय विभाग की टीम पहुंची थी टीटीनगर थाने

# भिखारी को पकड़ा, वीडियोग्राफी करना भूले, नहीं हुई एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शहर को भिक्षावृत्ति मुक्त करने के लिए एक निजी समिति के साथ ही शासकीय विभागों के गठित दल कार्रवाई कर रहे हैं। इसके बाद भी कोई खास सफलता नहीं मिल पा रही है, नतीजतन अब भी शहर की सड़कों, चौराहों, धार्मिक स्थानों सहित अन्य जगहों पर भिक्षुक भीक्ष मांगते हुए दिखाई दे रहे हैं।

ऐसा ही कुछ मामला टीटीनगर क्षेत्र में मंगलवार को सामने आया। जहां सामाजिक न्याय विभाग की टीम भिक्षुक को लेकर थाने एफआइआर कराने पहुंची, लेकिन वीडियोग्राफी करना भूल गए थे। इस वजह से कार्रवाई नहीं की जा सकी है। बता दें कि कलेक्टर द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि भिक्षावृत्ति में लिप्त भिक्षुक और भिक्षा देने वाले दोनों की वीडियोग्राफी की जाए और उसी आधार पर कार्रवाई की जाए। जानकारी के अनुसार सामाजिक न्याय विभाग के संयुक्त संचालक आरके सिंह को एक दल का नोडल अधिकारी बनाया है। वह मंगलवार को टीम के साथ टीटीनगर क्षेत्र में भिक्षुकों को पकड़ने पहुंचे थे। यहां से उन्होंने भिक्षा मांग रहे भिक्षुक को पकड़ तो लिया] लेकिन कार्रवाई का सबूत जुटाना भूल गए। वह भिक्षुक को थाने लेकर पहुंचे और पुलिस से एफआईआर करने के लिए कहा। इस पर थाना प्रभारी सुधीर अरजरिया ने बताया कि पूरे मामले की वीडियो पेश कर दें तो वह सबूत के आधार पर कार्रवाई करेंगे। इस पर आरके सिंह कोई वीडियो नहीं दिखा पाए इस वजह से पुलिस ने एफआइआर दर्ज नहीं की है।



## शाम से हवाएं पूर्वी और उत्तर पूर्वी होने से एक से ढाई डिग्री तक आई कमी

# हवाओं के साथ बदल रहा पारा, दिन में गर्मी और रात में हल्की सर्दी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में अभी हवाएं लगातार बदल रही हैं। इससे दिन के साथ रात का पारा भी बदल रहा है। दिन में धूप और शाम से हवाएं पूर्वी और उत्तर पूर्वी होने से कभी तापमान में मामूली बढ़त जारी है, तो कभी गिरावट दर्ज की जा रही है। इस बीच दिन और रात का औसत तापमान लगातार बढ़ने से सर्दी का अहसास कम होने लगा है।

**न्यूनतम पारा 11.6 डिग्री रहा**



### 31.2 डिग्री रहा दिन का तापमान

*मंगलवार को शहर के दिन के तापमान में दशमलव दो डिग्री की कमी रही। अधिकतम पारा 31.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.7 डिग्री अधिक है। रात का पारा 2.6 डिग्री की गिरावट रही है। न्यूनतम पारा 11.6 डिग्री रहा, जो नॉर्मल से एक डिग्री कम है। मौसम केंद्र के अनुसार दो दिन बाद पारा कुछ कम होगा। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार हवाएं बदलने से तापमान में बदलाव अभी जारी रहेगा। यह क्रम पूरे फरवरी भर चलेगा।*

## आरटीओ में 90 से अधिक मामले आए सामने

# वाहन रजिस्ट्रेशन के लिए किराएदार को देना होगा मकान मालिक का शपथ-पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

यदि आप किराए के मकान में रहते हैं और आपको नई गाड़ी खरीदनी है तो अपने मकान मालिक का शपथ-पत्र वाहन के शो रूम पर देना होगा। इसके बाद ही गाड़ी का रजिस्ट्रेशन क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में हो सकेगा। नई व्यवस्था 10 फरवरी से लागू हो चुकी है। फर्जी पते पर वाहनों के रजिस्ट्रेशन रोकने के लिए यह नई व्यवस्था की जा रही है। उल्लेखनीय है कि आरटीओ में इन दिनों 90 से ज्यादा रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के मामले गलत पते वाले दस्तावेज के कारण अटक गए हैं।

### मकान बदला, तब भी शपथ पत्र जरूरी

*गाड़ी को फाइनेंस करवाने की स्थिति में शो-रूम संचालक को कंपनी का वेरिफिकेशन लेटर जमा करवाना होगा, जिसमें पते की तस्दीक की गई हो। यदि किसी वाहन मालिक ने गाड़ी खरीदने के बाद अपना पता बदल लिया है तो उसे अपने नए पते का शपथ-पत्र भी आरटीओ में देना होगा। बता दें कि आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने शपथ-पत्र जमा को लेकर दिशा-निर्देश दिए हैं।*

**जन्मदिन उत्सव**
**पाठक सूचना**
हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि अब हर माह आप बने भाग्यशाली विजेता। जन्मदिन उत्सव माह मार्च का फार्मेट का प्रकाशन 10 फरवरी को किया जा चुका है, पाठक अपना फार्मेट 15 फरवरी तक अपने एजेंट सब एजेंट जिला कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# जीआईएस 2025 में पर्यटन, उद्योग और पारंपरिक व्यंजनों का मिलेगा खास अनुभव

## 5 सितारा सुविधाओं का अनुभव कराने के लिए 100 से अधिक अत्याधुनिक लग्जरी टेंट्स होंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2025 राज्य की मेहमाननवाजी, सांस्कृतिक विरासत और औद्योगिक क्षमता को वैश्विक मंच पर प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर बनने जा रही है।

देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के लिए भव्य स्वागत, उच्च स्तरीय ठहरने की व्यवस्था, पारंपरिक और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का खास अनुभव, औद्योगिक भ्रमण और पर्यटन स्थलों का आकर्षण इस समिट को खास बनाएगा। पहली बार मेहमानों के लिए अत्याधुनिक लग्जरी टेंट्स की विशेष पहल की जा रही है, जिससे वे प्राकृतिक सौंदर्य के बीच मप्र की समृद्ध आतिथ्य परंपरा का अनुभव कर सकें। इस समिट से राज्य में निवेश और औद्योगिक विकास को नई गति मिलेगी।

### मेहमानों के ठहरने की विशेष व्यवस्था

ग्लोबल इन्वेटर्स समिट-2025 के लिए देश-विदेश से आने वाले मेहमानों के स्वागत और ठहरने की विशेष व्यवस्था की जा रही है। राजधानी में ताज लेक फ्रंट, कोर्टयार्ड बाय मेरियट और रेडिसन सहित अन्य प्रतिष्ठित होटलों में मेहमानों के लिए उच्च स्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। पहली बार जीआईएस में एक अनूठी पहल की जा रही है। भोपाल की प्राकृतिक सुन्दरता के बीच मेहमानों को 5 सितारा सुविधाओं का अनुभव कराने के लिए 100 से अधिक अत्याधुनिक लग्जरी टेंट्स तैयार किए जा रहे हैं। यह अभिनव पहल देश के और विदेशी मेहमानों को मप्र की समृद्ध आतिथ्य परंपरा से परिचित कराएगी।

### पर्यटन और औद्योगिक भ्रमण की विशेष योजना

जीआईएस में आने वाले मेहमानों को भोपाल और आस-पास के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भ्रमण कराने की विशेष योजना बनाई गई है। मेहमानों को भोपाल की रमणीय झीलों, प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर वन विहार और राज्य की जीवंत जनजातीय संस्कृति को प्रदर्शित करने वाले ट्राइबल म्यूजियम का भ्रमण कराया जाएगा। इसके अलावा इन्हें भोपाल के आस-पास के प्रमुख पर्यटन स्थलों का भी भ्रमण कराया जाएगा। मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास से रू-ब-रू कराने के लिए मंडीदीप और पीथमपुर जैसे प्रमुख औद्योगिक क्षेत्रों का दौरा भी कराया जाएगा, जहां वे राज्य की औद्योगिक क्षमताओं और निवेश के अवसरों से अवगत होंगे।

### पारंपरिक और अंतरराष्ट्रीय व्यंजनों का मिलेगा स्वाद

समिट में शामिल मेहमानों के लिए मप्र की समृद्ध खान-पान परंपरा को विशेष महत्व दिया गया है। प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से चुने गए पारंपरिक व्यंजन मेन्यू में शामिल किए गए हैं। साथ ही अंतरराष्ट्रीय मेहमानों की पसंद को ध्यान में रखते हुए कॉन्टीनेन्टल, चाइनीज और मेडिटरेनियन व्यंजनों की भी विशेष व्यवस्था की गई है। विश्व प्रसिद्ध शेफर्स की टीम इन व्यंजनों की तैयारियों में जुटी है।

### नाश्ता, भोजन और रात्रिभोज की खास व्यवस्था

ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आए मेहमानों के लिए कार्य स्थल पर चाय-कॉफी और लंच की सुविधा उपलब्ध होगी। नाश्ता और रात्रि भोजन उनके निर्धारित होटलों में प्रदान किया जाएगा। इस पूरी व्यवस्था का उद्देश्य मेहमानों को आरामदायक, यादगार और समृद्ध आतिथ्य का अनुभव देना है, जिससे वे मप्र की संस्कृति, पर्यटन और निवेश अवसरों से परिचित हों। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को सफल बनाने के लिए सभी व्यवस्थाएं अंतिम चरण में हैं। यह आयोजन राज्य की आर्थिक प्रगति और वैश्विक निवेश को बढ़ावा देने में मील का पत्थर साबित होगा।

## खबर संक्षेप

### मढ़ई कोर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंधित

**भोपाल।** सतपुड़ा टाइगर रिजर्व नर्मदापुरम के पर्यटन स्थल मढ़ई को प्लास्टिक मुक्त कर दिया गया है। मढ़ई में जंगल सफारी करने वाले पर्यटक प्लास्टिक की बोतल में पानी और पॉलिथिन में सामग्री नहीं ले जा सकेंगे। जंगल सफारी पर जाने वाले टूरिस्ट को टिकिट काउंटर या गेट पर ही प्लास्टिक और पॉलिथिन को जमा करना होगा। मढ़ई पार्क प्रबंधन ने बुधवार 12 फरवरी से मढ़ई कोर क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दिया है। पार्क प्रबंधन की ओर से पर्यटकों को पानी ले जाने के लिए स्टील, एल्युमिनियम की पानी की बोतल और कपड़े का थैला भी उपलब्ध कराया जाएगा। पर्यटक बोतल एवं

### डेंटल संकाय के अध्यक्ष बने डॉ. पहाड़िया

**भोपाल।** मध्य प्रदेश आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय जबलपुर के कुलाधिपति के आदेशानुसार डॉ. योगेन्द्र पहाड़िया को डेंटल संकाय के संकायाध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया है। डॉ. पहाड़िया गजराजा चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर में प्राध्यापक हैं और उन्हें दो वर्षों की अवधि के लिए यह पदभार सौंपा गया है। उनकी इस उपलब्धि पर डॉ. हरेंद्र भदोरिया प्रदेशाध्यक्ष नीमा विद्यार्थी प्रकोष्ठ ने उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

### मान्यता आवेदन की अंतिम तिथि निकली

**भोपाल।** मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिए स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा निर्धारित अंतिम तिथि समाप्त हो चुकी है। वहीं प्रदेश के करीब 20 फीसदी निजी स्कूल आवेदन नहीं कर पाए हैं। ऐसे में एक फिर स्कूल शिक्षा विभाग आवेदन की तिथि बढ़ा सकता है। इधर, निजी स्कूल एसोसिएशन के अध्यक्ष अजीत सिंह का कहना है कि विभाग की कठोर शर्तों और प्रशासनिक लापरवाही के चलते कई विद्यालयों की मान्यता अधर में लटकी हुई है। भोपाल में 1400 स्कूलों में से 232 स्कूलों ने मान्यता के लिए आवेदन नहीं किया है।

### एम्स को अंतरराष्ट्रीय श्रियर पुरस्कार मिला

**भोपाल।** एम्स भोपाल को इंटरनेशनल सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलाजी ने 2025 का अंतरराष्ट्रीय श्रियर पुरस्कार प्रदान किया है। डॉ. शिखा मलिक ने बताया कि यह सम्मान एम्स की बाल किडनी रोग देखभाल में उत्कृष्ट योगदान और 2018 से 2024 तक मैकगिल यूनिवर्सिटी, कनाडा के साथ सफल साझेदारी के लिए दिया है। एम्स को आईएसएन क्षेत्रीय उत्कृष्टता केंद्र के रूप में नामित किया गया है।

डॉ. यादव ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर अर्पित की श्रद्धांजलि

# मुख्यमंत्री ने किया 417 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का लोकार्पण, भूमिपूजन

*कहा- अंत्योदय के सिद्धांत को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध*

*गरीबों, जरूरतमंदों को इलाज पं. उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि*

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि राज्य सरकार पं. दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धांत को क्रियान्वित करने के लिए प्रतिबद्ध है। गरीब से गरीब व्यक्ति के जीवन में बदलाव लाना हमारा उद्देश्य है। प्रदेश में आरंभ की गई पीएमश्री एयर एंबुलेंस सुविधा का लक्ष्य हर गरीब और जरूरतमंद को आवश्यक इलाज उपलब्ध कराना है। यही पं. दीनदयाल उपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भोपाल में लालघाटी स्थित उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने के बाद उपस्थित जन समुदाय को संबोधित कर रहे थे। डॉ. यादव ने प्रतिमा स्थल पर नगर निगम द्वारा लगभग 7 करोड़ रुपए की लागत से विकसित हो रही नमो वन वाटिका का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री



ने 417 करोड़ रुपए लागत के विभिन्न कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया, जिसमें अमृत 2.0 परियोजना के अंतर्गत 400 करोड़ रूपए लागत की सीवरेज परियोजना, तीन करोड़ रुपए की लागत से क्रय चार सीवर कम जैटिंग मशीनों और बस स्टॉप के रूप में परिवर्तित की गईं पुरानी बसों का लोकार्पण शामिल रहा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पं. उपाध्याय की पुण्यतिथि पर समर्पण दिवस के अंतर्गत समर्पण निधि में योगदान भी दिया। इस दौरान प्रदेश शासन के मंत्री विश्वास सारंग, पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, महापौर मालती राय, प्रदेश मंत्री राहुल कोठारी, जिला अध्यक्ष रविंद्र यति सहित पार्टी पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों ने माल्यार्पण कर पं. दीनदयाल उपाध्याय का पुण्य स्मरण किया।

### समग्र मनोरंजन, सामुदायिक सहभागिता और सामाजिक सम्पर्कों का केंद्र बनेगी नमो वन वाटिका



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2025 के माध्यम से प्रदेश औद्योगिकरण की दिशा में नई उड़ान के लिए पूरी तरह से तैयार है। भोपाल के लिए पहला अवसर है जब यहां ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट का आयोजन होने जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा नमो वन वाटिका के रूप में भोपाल को दी जा रही सौगात को एक जीवंत, बहुउद्देश्यीय मनोरंजन स्थल के रूप में परिकल्पित किया गया है। विस्तृत क्षेत्र में फैला यह पार्क प्रकृति, फिटनेस और मनोरंजन का आदर्श मिश्रण प्रदान करेगा।

### भोपाल नगर के प्रवेश द्वार विकसित किए जाएंगे

मंत्री विश्वास सारंग ने कहा कि अंतिम पंक्ति के अंतिम व्यक्ति के कल्याण को समर्पित पं. दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को धरातल पर क्रियान्वित करने के उद्देश्य से राज्य सरकार, मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में विभिन्न गतिविधियां संचालित कर रही है। महापौर मालती राय ने नमो वन वाटिका के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यहां सौर ऊर्जा के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां संचालित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री डॉ यादव की मंशा के अनुरूप भोपाल नगर में प्रवेश करने वाले सभी मार्गों पर द्वार विकसित किए जाएंगे, इसकी शुरूआत शीघ्र ही इंदौर रोड से होगी। कार्यक्रम में सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवान दास सबनानी, सर्वश्री राहुल कोठारी, रवीन्द्र यती, सुमित पचौरी सहित अन्य जन-प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री निवास पर अन्नू कपूर ने सुनाए संस्कृत के श्लोक



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में अभिनेता अन्नू कपूर ने भेंट की। अन्नू कपूर ने कहा कि वे मध्यप्रदेश से हैं और यहां आकर उन्हें आनंद का अनुभव होता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के आग्रह पर अभिनेता कपूर ने संस्कृत के कुछ श्लोक भी सुनाए। इस अवसर पर अन्नू कपूर ने अपनी कला यात्रा और मध्यप्रदेश के नगरों -कस्बों से उनके संबंध के बारे में भी जानकारी दी।

# वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए शत-प्रतिशत बजट का उपयोग करें: मुख्यमंत्री

- सभी अधिकारी समय-सीमा में पूरा करें निर्धारित लक्ष्य
- विभागीय कार्ययोजना की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों की विभागीय कार्ययोजना एवं उससे जुड़े वित्तीय प्रावधानों के संदर्भ में समीक्षा बैठक ली। उन्होंने कहा कि वर्तमान वित्त वर्ष में विभागों को जारी किए गए बजट में वित्तीय अनुशासन का पालन करते हुए शत-प्रतिशत बजट का उपयोग सुनिश्चित करें। नए वित्तीय वर्ष के बजट में योजनाओं के लक्ष्य के अनुरूप वित्तीय प्रावधान सुनिश्चित किए जाएं। सभी विभाग अपने निर्धारित लक्ष्य समय-सीमा में पूरा करें, जिससे विकास कार्यों को सुचारू रूप से सम्पन्न कराया जा सके।

डॉ. यादव ने प्रमुख सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा को निर्देश दिए कि वे आयुष्मान निरामयम योजना की नियमित रूप से मानीटरिंग करें। सभी पात्र व्यक्तियों के तेजी से आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं।

### योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित मॉनीटरिंग हो

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने विभिन्न योजनाओं की स्थिति की जानकारी ली और अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से मॉनिटरिंग भी की जाए। जनहित से जुड़ी योजनाओं में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए और सरकार की योजनाओं का लाभ समय पर जनता तक पहुंचे। उन्होंने कहा कि पूंजीगत परियोजनाओं की स्वीकृति समय पर हो तथा इनका क्रियान्वयन भी समय सीमा में ही पूरा करें। डॉ. यादव ने प्रदेश के आर्थिक संसाधनों के न्यायसंगत वितरण पर जोर दिया और कहा कि वित्तीय नियमावली का पालन करते हुए योजनाओं का क्रियान्वयन किया जाए। उन्होंने सभी अधिकारियों से रिजल्ट ओरिएंटेड कार्यशैली अपनाने और योजनाओं के समयबद्ध निष्पादन के लिए प्रतिबद्ध होकर कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने अपनी विभागीय कार्य योजनाओं की जानकारी दी और आगामी वित्त वर्ष के लिए तय किए गए लक्ष्यों की रूपरेखा पर चर्चा की। बैठक में स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह, कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम टेटवाल, मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन सहित अन्य विभाग अधिकारी उपस्थित थे।

## जब विधायक व उनका परिवार असुरक्षित तो जनता का हश्र क्या होगा: पटवारी



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंडला जिले के कांग्रेस विधायक नारायण पट्टा, उनके प्रतिनिधि और परिवार के साथ प्रशासनिक अधिकारी द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

उन्होंने कहा है कि जब विधायक और उनके परिवार का अपमान हो सकता है तो आम जनता की क्या स्थिति होगी, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। पटवारी डिंडौरी, शाहपुरा, बिछिया और मंडला के दौरे के दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

### भाजपा वादे पूरे न करे तो सड़क पर उतरो

पटवारी ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि यदि भाजपा सरकार किए गए वादे पूरे न करे तो सड़क पर उतर कर विरोध करें। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी यह वर्ष संगठन-संघर्ष पर्व के रूप में मना रही हैं। संगठन को मजबूत करने के लिए पंचायत और ग्राम पंचायत स्तर पर मोहल्ला कांग्रेस कमेटियां बनाई जाएंगी। इनमें अजा, अजजा, ओबीसी, सामान्य वर्ग के लोगों को बराबरी से शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संविधान की पुस्तक सिर पर रखकर हमें संविधान की रक्षा के लिए एकजुट होना होगा।

## रेडक्रॉस भवन सेवा भारती को सौंपा जाना नियम विरुद्ध : पटवारी

- सरकार की संपत्ति किसी संगठन को नहीं दी जा सकती
- मुकेश नायक के कार्यकाल में हुए थे उल्लेखनीय कार्य

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी, मध्य प्रदेश राज्य शाखा द्वारा इतवारा रोड स्थित रेडक्रॉस भवन को सेवा भारती को सौंपे जाने के निर्णय पर आपत्ति जाहिर की है।

उन्होंने कहा है कि कांग्रेस सरकारों में शुरू की गई संवैधानिक संस्थाओं और देश के संस्थागत ढांचे को भारतीय जनता पार्टी हमेशा से ही हड़पने का काम करती रही है। इसका ताजा उदाहरण राजधानी भोपाल के इतवारा रोड स्थित रेडक्रॉस भवन को नियम विरूद्ध तरीके से आरएसएस के अनुसांगिक संगठन सेवा भारती को सौंपा जाना है। पटवारी ने कहा कि यह भवन कांग्रेस सरकार के दौरान रेडक्रॉस सोसाइटी को दिया गया था, जो मूलतः सरकार की संपत्ति है और किसी राजनैतिक संगठन को इसे दिया जाना नियमों के विरूद्ध है। उन्होंने कहा कि पूर्व शिक्षा मंत्री मुकेश नायक ने राजधानी में रेडक्रॉस अस्पताल का शुभारंभ एक डॉक्टर के साथ कराया गया था। पटवारी ने कहा कि जब नायक ने इन संस्था को छोड़ा तब संस्था के नाम से 8 करोड़ रुपए की एफडी कराकर गए थे। उनके जाने के बाद इस एफडी को तोड़ दिया गया और अब कुछ लाख ही संस्था के बैंक में बचे हैं। इसी एफडी की राशि से संस्था के सचिव ने अपनी सुविधाओं को बढ़ाने के लिए नई इनोवा कार भी खरीद ली है।




कहा- प्रदेश के विकास में हो सबकी सक्रिय भागीदारी

# सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे कोई पात्र व्यक्ति: मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री ने की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनकल्याण ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता और लक्ष्य है। इसलिए सुनिश्चित करें कि प्रदेश का कोई भी पात्र व्यक्ति सरकार की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। प्रदेश के विकास में हर नागरिक की सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। डॉ. यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में विभिन्न विभागों की हितग्राहीमूलक योजनाओं की समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हितग्राहियों को पात्रतानुसार त्वरित लाभ दिया जाए। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय डॉ. राजेश राजौरा, अपर मुख्य सचिव गृह जेएन कंसोटिया आदि मौजूद रहे।

### लक्ष्यों की समय पर पूर्ति की जाए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अधिकारियों से कहा कि इस वित्तीय वर्ष के तय लक्ष्यों की समय पर पूर्ति की जानी चाहिए। योजनाओं के क्रियान्वयन की प्रतिदिन समीक्षा की जाए, ताकि कोई भी सुपात्र हितग्राही लाभ पाने से न छूटे। हर पात्र व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले, इसके लिए सभी विभाग अपने स्तर पर सतत समीक्षा करें। डॉ. यादव ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन योजनाओं का फुल सैचुरेशन (पूर्ण संतृप्ति) किया जाना है, उसे शीघ्र पूरा किया जाए। साथ ही बैंकों द्वारा वित्तपोषित योजनाओं में हितग्राहीमूलक प्रकरणों को निर्धारित समय से पहले लक्ष्य से भी कहीं ज्यादा संख्या में प्रस्ताव भेजे जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को लाभ मिल सके।

### अधिकारियों ने दी योजनाओं के बारे में जानकारी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने विभागीय अधिकारियों को यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 में हितग्राहीमूलक योजनाओं के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष 2024-25 के बराबर या उससे अधिक वित्तीय प्रावधान किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी और पारदर्शी संचालन से ही हम विकास की दिशा में आगे बढ़ेंगे। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों ने अपनी-अपनी विभागीय हितग्राहीमूलक योजनाओं की अद्यतन जानकारी दी और इन योजनाओं के लक्ष्यों की पूर्ति के लिए कि, जा रहे प्रयासों के बारे में भी बताया।

## जैकेट का शेष

### माघ पूर्णिमा पर...

संभावना जताई थी।
उनका यह आंकलन महाकुंभ के समापन से 15 दिन पहले ही सच साबित हो गया। मंगलवार की सुबह 8 बजे ही महाकुंभ में 45 करोड़ स्नानार्थियों की संख्या पार हो गई। मंगलवार को सुबह 8 बजे तक करीब 50 लाख श्रद्धालुओं ने त्रिवेणी संगम में पावन डुबकी लगाई, जिसके साथ ही महाकुंभ में स्नानार्थियों की संख्या 45 करोड़ पार हो गई। अभी महाकुंभ को 15 दिन और दो महत्वपूर्ण स्नान पर्व शेष हैं। पूरी उम्मीद है कि स्नानार्थियों की संख्या 50-55 करोड़ के ऊपर जा सकती है। रेलवे ने 9 फरवरी को लगभग 330 ट्रेनों ने 12.5 लाख तीर्थयात्रियों को पहुंचाया, 10 फरवरी को दोपहर 3 बजे तक 130 और ट्रेनें चलाई गईं।

### अंबानी परिवार की...

बेटियों के साथ महाकुंभ में शामिल होने के लिए त्रिवेणी संगम पहुंचीं व डुबकी लगाई।

### 20 लाख लोगों ...

मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने कहा कि उनके 30 साल के राजनैतिक जीवन में एक साथ इतनी पॉलिसी की कभी भी मंजूरी नहीं दी गई। उन्होंने कहा कि 24-25 फरवरी के ग्लोबल इनवेस्टर्स समिट (जीआईएस) में 21 पॉलिसी लांच की जाएंगी। इससे प्रदेश में बड़े पैमाने पर निवेश का रास्ता प्रशस्त हो सकेगा। कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंत्रालय में हुई। बैठक में उद्योग, एमएसएमई, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, नगरीय प्रशासन समेत एक दर्जन विभागों की नवीनतम पॉलिसी को मंजूरी दे दी गई। इसकी तैयारी भी अधिकारियों ने देर रात मंत्रालय में बैठकर की। मुख्य सचिव अनुराग जैन ने तो एक-एक पॉलिसी में बारीकी से संशोधन कराते हुए कैबिनेट की मंजूरी के लिए तैयार किया। इसकी मॉनिटरिंग एसीएस डॉ. राजेश राजौरा ने खुद की। कैबिनेट की बैठक के बाद इस बारे में डिटेल जानकारी मंत्री विजयवर्गीय ने पत्रकारों को दी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि कि भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट (जीआईएस) के शुभारंभ कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी और समापन कार्यक्रम में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आएंगे। दोनों के आने की स्वीकृति मिल गई है। पीएम मोदी 23 फरवरी को छतरपुर में कैंसर अस्पताल का भूमि-पूजन करेंगे। अगले दिन 24 फरवरी को ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का शुभारंभ करेंगे।

### 100 करोड़ की ...

स्थान पर पर्यटन परियोजनाओं के लिए 15% से 30% अधिकतम 90 करोड़ तक का पूंजी अनुदान प्रदाय किया जाएगा। इलेक्ट्रिक क्रूज को प्रोत्साहित करने के लिए 5% का अतिरिक्त अनुदान तथा दुर्गम दूरस्थ नवीन क्षेत्रों में पर्यटन परियोजनाओं की स्थापना पर 5% का अतिरिक्त अनुदान प्रदान किया जाएगा।

### अवैध रेत खनन से ...

निवेदन करता हूं कि सेंट्रल वाटर कमीशन के संसाधनों का उपयोग करके नर्मदा नदी के संरक्षण की योजना पर फिजिबिलिटी रिपोर्ट बनाई जाए। इस रिपोर्ट में करंट स्टेटस ऑफ क्वालिटी ऑफ रिवर वॉटर, औद्योगिक क्षेत्र का कितना वेस्ट नर्मदा में डिस्चार्ज किया जा रहे है। सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट इंडस्ट्री जैसे सख्ती से उपाय किए जाएं। इस पर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि मप्र में 20 साल से भाजपा की सरकार है, पर किसी ने नर्मदा संरक्षण को गंभीरता से नही लिया। प्रदेश में जो रेत माफिया पनप रहा है, उसे भी भाजपा के नेताओं और अफसरों का आश्रय है।

### दिल्ली में बैठकर ...

और भीड़ हिंसा की घटनाओं से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। कोर्ट ने कहा कि अधिकारी शीर्ष अदालत द्वारा जारी निर्देशों का पालन करने के लिए बाध्य हैं। जब इस अदालत द्वारा निर्देश जारी किए जाते हैं, तो वे भारत के संविधान के अनुच्छेद 141 के मद्देनजर देश के सभी अधिकारियों और अदालतों के लिए बाध्यकारी होते हैं।

### पर्याप्त व उचित ...

उन्होंने कहा कि इस तरह की राहत की मांग करने वाली याचिका पीड़ितों के हित में नहीं होगी। सुनवाई के दौरान केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने 2018 के फैसले का हवाला दिया और कहा कि शीर्ष अदालत ने विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए थे। नई भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या एक अलग अपराध है।

### रात को प्रेमिका ...

घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए तुरंत अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### राज उगलवाने ईडी...

प्रॉपर्टी, इनोवा में मिले गोल्ड और कैश के संबंध में भी पूछताछ की जानी है। इसके पूर्व लोकायुक्त तीनों को सात दिन की रिमांड पर लेकर पूछताछ कर चुकी है। दरअसल, ईडी ने सोमवार को कोर्ट में आवेदन लगाकर 7 दिन की रिमांड मांगी थी। मंगलवार को जेल पुलिस ने तीनों को स्पेशल कोर्ट में पेश किया।

### 5 पेज के आवेदन ...

कोर्ट से कहा कि अगर ईडी चाहे तो जेल जाकर तीनों से पूछताछ जारी रख सकती है। कोर्ट ने तीनों को 6 दिन की रिमांड पर ईडी को सौंपने का फैसला सुनाया। 17 फरवरी को सुनवाई होगी।


**RAJYA ANAND SANSTHAN**
(An Autonomous Institution of Govt. of MP, Anand Department)
Board Office Campus, Shivaji Nagar, Bhopal-462011

Rajya Anand Sansthan invites quotations from eligible bidders to provide comprehensive AMC for Air Conditioners installed in the office for the period of one year. Bidders can download the bid documents from the website **https://gem.gov.in**. The financial bid is to be submitted online only on GEM Portal. Please refer to Gem Bid No. - GEM/2025/B/5936830. The last date of bid submission is **04.03.2025 at 03:00 PM.**
M.P. Madhyam/118776/2025 **CHIEF EXECUTIVE OFFICER**



**भोपाल सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित**
(म.प्र. सहकारी सोसायटीज अधिनियम 1960 के अधीन पंजीकृत)
भोपाल डेरी प्लांट, हबीबगंज, भोपाल- 462024, म.प्र. (भारत)
Ph. 0755-2478250, 51, 53, Fax : 0755-2450898
E-mail : bsdsim@gmail.com, sanchi.bhopal@gmail.com
क्रमांक/970/भोदुसं/प्रशा./25 दिनांक : 11.02.2025

**जाहिर सूचना**

भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के सीधी भर्ती के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु मध्यप्रदेश कर्मचारी चयन मण्डल, भोपाल द्वारा समूह-2 उपसमूह-4 के अंतर्गत आयोजित संयुक्त भर्ती परीक्षा-2022 के परीक्षा परिणाम के आधार पर प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का सत्यापन दिनांक 13.02.2025 को किया जाना है। उक्त दस्तावेज सत्यापन की सूचना चयनित अभ्यर्थियों को उनके निवास स्थान के पते पर रजिस्टर्ड डाक से प्रेषित की गई है, साथ ही भोपाल सहकारी दुग्ध संघ की वेबसाइट **www.sanchibhopal.com** एवं एमपीसीडीएफ की वेबसाइट **www.sanchidairy.com** पर भी दस्तावेज सत्यापन की सूचना अपलोड कर संबंधितों को सूचित किया जा चुका है।
अत: प्रतीक्षा सूची के अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि दस्तावेज सत्यापन में वेबसाइट पर अपलोड जीवन वृत्त (बायोडाटा) को दो प्रतियों में पूर्ण रूप से भरकर आपके द्वारा आवेदित पद हेतु प्रस्तुत आवेदन में उल्लेखित शैक्षणिक योग्यता, जन्मतिथि, जाति प्रमाण-पत्र/ई.डब्ल्यू.एस. प्रमाण-पत्र, भूतपूर्व सैनिक/विकलांग प्रमाण-पत्र, स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र, रोज़गार कार्यालय का जीवित पंजीयन, फोटोयुक्त आईडी आदि दस्तावेजों का मूल दस्तावेजों से मिलान/सत्यापन कराने हेतु **दिनांक 13.02.2025 को प्रात: 11.00 बजे** एम.पी. स्टेट को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि. में स्थित भोपाल सहकारी दुग्ध संघ के प्रशिक्षण केन्द्र, आईएसबीटी के सामने, हबीबगंज, भोपाल में उक्त वांछित मूल दस्तावेजों, उनकी छायाप्रतियों (दो सेट) एवं पासपोर्ट साइज रंगीन फोटो (दो प्रति) सहित स्वयं उपस्थित होवें। निर्धारित दिनांक एवं समय पर समस्त वांछित दस्तावेजों के साथ उपस्थित न होने की स्थिति में आपकी उम्मीदवारी निरस्त कर दी जावेगी जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।
म.प्र. माध्यम/118781/2025 **प्रभारी प्रशासन**



**OFFICE OF THE MUNICIPAL CORPORATION, BHOPAL**
**Sewage Department**
**Municipal Corporation Rest House, Shyamlla Hills, Bhopal**
**NOTICE INVITING e-TENDER**

Online tenders are being invited for the following works . The bidder can obtain detailed information and tender documents on website http://mptenders.gov.in .
Corrigendum for this NIT shall not be issued separately in newspapers. Corrigendum regarding correction can be seen on the website http://mptenders.gov.in

| S. No. | NIT No./ Call No. | Tender ID | Details of Work | Tender Value (INR) | Earnest Money (EMD) | Bid Submission End Date |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 212/SEW/BMC/ 2024-25 Second Call | 2025_UAD_ 396244_2 | Providing, Laying And Jointing Of Sewer Line At Shakti Nagar Sector-1 H.No. 1-18, Sector 2, Shakti Nagar H.No 235 To 241 Towards Main Sewer Line W-57 ,Z-14 | 612935 | 6129 | 18.02.2025 |
| 2 | 213/SEW/BMC/ 2024-25 Second Call | 2025_UAD_ 396247_2 | Providing, Laying and Jointing of Sewer Line at 3d H.No. LIG 54 To 64, MIG 130 to 162 And 3ch. No. LIG 33 To 38, 43 To 45, 49 to 53, 107 to 109, 117 to 125 And MIG 86 To 89 Saket Nagar W-56 ,Z-14 | 828580 | 8286 | 18.02.2025 |
| 3 | 214/SEW/BMC/ 2024-25 Second Call | 2025_UAD_ 396439_2 | Providing, Laying and Jointing of Sewer Line and Chambers at Gali No, 17, 16 and 09 Satnami Nagar at W-67, Z -15 | 378282 | 2783 | 18.02.2025 |
| 4 | 215/SEW/BMC/ 2024-25 Second Call | 2025_UAD_ 396445_2 | Providing, Laying and Jointing of Sewer Line and Manhole at Ganesh Nagar W-83, Z-18 | 628685 | 6287 | 18.02.2025 |
| 5 | 216/SEW/BMC/ 2024-25 Second Call | 2025_UAD_ 396529_2 | Providing, Laying and Jointing of Sewer Line and Manhole Near Ganpati Enclave W-82, Z-18 | 417511 | 4175 | 18.02.2025 |
| 6 | 217/SEW/BMC/ 2024-25 Second Call | 2025_UAD_ 396654_2 | Repairing and Maintenance of Sewer Line and Chambers at Various Places Under Indrpuri C Sector, Bhavna Nagar, Chanchal Colony, Rajat Colony Rajiv Nagar, Kamala Nagar etc W-67, Z-15 | 441266 | 4413 | 18.02.2025 |
| 7 | 218/SEW/BMC/ 2024-25 Second Call | 2025_UAD_ 396887_2 | Providing, Laying and Jointing of Sewer Line at Kachra Transfer Station Jaatkhedi to Main Sewer Line W-53 , Z -13 | 207160 | 2072 | 18.02.2025 |
| 8 | 219/SEW/BMC/ 2024-25 Second Call | 2025_UAD_ 396894_2 | Providing, Laying and Jointing of Sewar Line Near Bhabha College Towards Mein Sewer Line W-53, Z -13 | 294835 | 2948 | 17.02.2025 |
| 9 | 220/SEW/BMC/ 2024-25 Second Call | 2025_UAD_ 397302_2 | Providing, Laying and Jointing Sewer Line at Master Residency Near Star Homes Aakriti Ecocity Bawardiya Kalan Towards Main Sewer Line W- 52 ,Z- 13 | 529879 | 5299 | 18.02.2025 |
| 10 | 221/SEW/BMC/ 2024-25 Second Call | 2025_UAD_ 396221_2 | Providing, Laying, Jointing and Maintenance of Sewer Line and Chambers at Rohit Nagar Phase 01 02 and Various Places Under W-52 , Z -13 | 425698 | 4257 | 18.02.2025 |

T.N. 1279/024/025 Executive Engineer, Municipal Corporation, Bhopal



**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्री नारायण प्रसाद तिवारी पिता श्री जगदीश प्रसाद तिवारी उम्र 56 वर्ष एवं श्रीमति राधा तिवारी पति श्री नारायण प्रसाद तिवारी उम्र 54 वर्ष, निवासी–म.नं. 157 राजीव गाँधी वार्ड, विजयनगर जबलपुर म.प्र. से अधिकृत होकर आम जनता को सूचित करती हूँ कि मेरे पक्षकारगणों के द्वारा अपने पुत्र निखिल तिवारी का विवाह श्री सुरेश मिश्रा जी की सुपुत्री कृति मिश्रा निवासी भदभदा रोड डी.पी.एस. नीलबड़ स्कूल के पीछे भोपाल म.प्र. से दिनांक 12.02.2023 को हिन्दू रीति रिवाज के साथ सम्पन्न कर दिया गया है। यह कि मेरे पक्षकारगणों के पुत्र /निखिल एवं पुत्रवधु/कृति के बीच वैचारिक मतभेद होने से मधुर संबंध नहीं है और आये दिन दोनों के बीच लड़ाई–झगड़ा, वाद–विवाद की स्थिति बनी रहती है। यह कि मेरे पक्षकारगणों के द्वारा काफी समझाने के बावजूद भी उनके व्यवहार आचरण में कोई सुधार संभव नहीं है। ऐसी विषम परिस्थिति में निखिल व उसकी पत्नी कृति के असामाजिक आचरण से मेरे पक्षकारगण निरंतर सदमें व चिन्ता में रहते है कि कही कोई अप्रिय घटना घटित न हो जाये अर्थात मेरे पक्षकारगण अपने पुत्र व पुत्रवधू के चलते अपने ही घर में दासता का जीवन जी रहे है और घर परिवार में अशांति का वातावरण व्याप्त है। इस कारण मेरे पक्षकारगण आज दिनांक से अपने पुत्र व पुत्रवधू द्वारा कारित किसी भी कृत्य के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे, इस आशय की आम सूचना के माध्यम से आम जनता को सूचित किया जाता है कि निखिल तिवारी व उसकी पत्नी कृति तिवारी द्वारा कारित किसी भी प्रकार की कानूनी कार्यवाही के लिए मेरे पक्षकारगण (नारायण प्रसाद तिवारी व श्रीमति राधा तिवारी) प्रत्यक्ष अथवा परोक्ष रूप से जिम्मेदार नहीं होंगे, बल्कि उनके द्वारा किये गये सभी कृत्यों हेतु वे स्वयं ही जिम्मेदार होंगे।

**प्रिया बागडे अधिवक्ता**
कार्यालय –108 B, राजवैद कालोनी कोलार रोड भोपाल मोबाइल नं. 9752024143


## पेज एक का शेष

### ग्लोबल इन्वेस्टर ...

औद्योगिक हब बनने की पूरी क्षमता रखता है। भोपाल देश के केंद्र में स्थित होने से लॉजिस्टिक्स और आपूर्ति श्रृंखला के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्थान है। औद्योगिक विकास के लिए महत्वपूर्ण संस्थान जैसे मैनिट, आरआईएल, आईआईएफएम, निफ्ट और एनआईडी जैसे राष्ट्रीय संस्थान स्थापित हैं, जो उद्योगों के लिए आवश्यकता के अनुरुप अनुसंधान एवं प्रशिक्षित मानव संसाधन तैयार करेंगे।

### एआई इस सदी...

रखने की व्यवस्था की है। इसका भविष्य काफी अच्छा है। कुछ लोग मशीनों की ताकत बढ़ने से चिंता में हैं लेकिन इसमें चिंता की कोई बात नहीं है। एआई से नई नौकरियों के अवसर पैदा होंगे। यह 'कोड फॉर ह्यूमैनिटी' लिख रहा है। इससे लाखों लोगों की जिंदगियां बदल रही है। वक्त के साथ-साथ रोजगार का स्वरूप भी बदल रहा है। हमें एआई से रोजगार के संकट पर ध्यान देना होगा। इतिहास गवाह है तकनीक नौकरियां नहीं लेती। एआई हमारी राजनीति, अर्थव्यवस्था, सुरक्षा और समाज को सकारात्मक तरीके से बदल रहा है। एआई मानवता के लिए मददगार है। यह समाज और सुरक्षा के लिहाज से बहुत जरूरी है।

### प्रौद्योगिकी से नई ...

की नौकरियां सृजित होती हैं। इसलिए हमें एआई संचालित भविष्य के लिए अपने लोगों को कुशल बनाने और नए काम के तरीकों के लिए उन्हें तैयार करने में निवेश करने की जरूरत है।

### एआई की सकारात्मक ...

है कि एप किसी व्यक्ति को उसके दाएं हाथ से लिखते हुए दिखाएगा, क्योंकि प्रशिक्षण डेटा में यही बात हावी है। यह दर्शाता है कि एआई की सकारात्मक क्षमता बिल्कुल अद्भुत है, इसमें कई पूर्वाग्रह हैं जिनके बारे में हमें सावधानी से सोचने की आवश्यकता है। इसीलिए मैं अपने मित्र राष्ट्रपति मैक्रों का इस शिखर सम्मेलन की मेजबानी करने तथा मुझे इसमें शामिल होने के लिए आमंत्रित करने के लिए आभारी हूं।'

### जबलपुर में 7...

की मौत हो गई। सबसे बड़ा हादसा जबलपुर में मंगलवार सुबह करीब 9 बजे हुआ। प्रयागराज से लौट रहे हैदराबाद के 9 यात्रियों की ट्रैवलर को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें 7 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। ट्रक और सड़क की रेलिंग के बीच फंसी ट्रैवलर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ट्रैवलर में फंसे लोगों को पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से बाहर निकाला। दो गंभीर रूप से घायल हैं। इस हादसे के बाद सामने से आ रही एक कार ट्रैवलर और ट्रक से टकरा गई। हालांकि, कार सवार सभी लोग एयरबैग खुलने से सुरक्षित हैं। हादसा नागपुर-प्रयागराज नेशनल हाईवे पर जबलपुर से 50 किमी दूर मोहला बरगी गांव के पास पुल पर हुआ। हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। कलेक्टर दीपक सक्सेना, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय और एसडीएम रूपेश सिंघई मौके पर पहुंचे। कलेक्टर सक्सेना ने कहा कि मृतकों के परिजन को घटना की सूचना दे दी गई है। वे हैदराबाद से रवाना हो चुके हैं।

### मुख्यमंत्री ने की ...

है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रयागराज की यात्रा लंबी है, इसलिए वाहन चालकों के पर्याप्त आराम और नींद का ध्यान रखना आवश्यक है। साथ ही तेज रफ्तार से वाहन चलाने से भी बचना चाहिए।

### मैहर में इंदौर के संघ...

अमरपाटन अस्पताल पहुंचाया गया। इनमें गंभीर घायल अक्षय, नरेंद्र और राजेंद्र शर्मा को सतना जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल मुकेश नायक ने बताया, सुबह करीब 4 बजे सभी लोग नींद में थे। गाड़ी मैं चला रहा था। मैहर में नेशनल हाईवे 30 पर मेरी भी झपकी लग गई।

### पीड़िता छत से...

भूरिया ने बताया- पीड़िता के मुताबिक, रात 10 से 11 बजे के बीच आरोपी उसके घर में घुसा। डरा-धमकाकर दुष्कर्म किया। पीड़िता बचने के लिए छत पर भागी। इसी दौरान हड़बड़ी में नीचे आ गिरी। हालांकि युवती के दादा ने उसे छत से फेंकने का ही आरोप लगाया है। युवती के दादा ने बताया कि उसके माता-पिता और दादी महाकुंभ में गए हुए हैं। आरोपी पड़ोस में शादी में आया था। उसने लड़की को उठा ले जाकर गलत काम किया। दादा का आरोप है कि गलत काम करने के बाद लड़की को छत से फेंक दिया। जब लड़की चिल्लाई तो हम घटनास्थल पर पहुंचे देखा तो लड़की अचेत अवस्था में पड़ी हुई थी। हमने डायल हंड्रेड को फोन किया। पुलिस के आने के बाद लड़की को इलाज के लिए नरसिंहपुर भेजा है। घटना के वक्त युवती की चाची अपने बच्चों के साथ बाजू वाले कमरे में सो रही थी और लड़की का भाई बाहर दुकान में सो रहा था।

### रणवीर इलाहाबादिया...

है कि अगर मैं वहां होता तो उसकी जीभ काट देता। मैं बहुत शर्मिंदा हूं। पूरे देश में कोई भी मुझे रणवीर की जीभ काटकर लाकर देगा, उसे मैं 5 लाख नकद इनाम दूंगा। अंसारी एक सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर हैं और वह अक्सर बॉलीवुड के सितारों के साथ नजर आते रहते हैं। वह हाल ही में सैफ अली खान पर हुए हमले के बाद हॉस्पिटल पहुंचाने वाले ऑटो ड्राइवर को 11,000 रुपए का इनाम देने की पेशकश कर चर्चा में आए थे।

### थकान दूर करने ...

और सुबह थकान के कारण मजदूर करने भी नहीं जा पाते। शिवपुरी के कोलारस में रहने वाले नन्हे यादव ने आवेदन में लिखा कि कोलारस शहर में शराब की कीमतों में कमी किए जाने बाबत संबंधित विभाग को निर्देशित करने की कृपा करें। यह आवेदन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

### आवेदन फेंकने पर...

जाए और उनका तुरंत समाधान किया जाए। इस लापरवाही के लिए 3 पटवारियों और 2 अन्य लिपिकीय कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

### शनिवार तक छोड़ने ...

ये टिप्पणी हमास द्वारा की गई उस घोषणा के बाद की है, जिसमें हमास ने अगली सूचना तक इजराइली बंधकों की रिहाई रोक लगा दी। आतंकी संगठन ने इजराइल पर सीजफायर समझौते का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है और चिंता जताई कि संघर्ष फिर से शुरू हो सकता है।

### अपराधी सरकारी ...

की पेंडिंग जनहित याचिका पर सुनवाई कर रहे थे, जिसमें आपराधिक मामलों में दोषी ठहराए गए सांसदों और विधायकों के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। याचिका में जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 को भी चुनौती दी गई है, जो जेल की सजा काटने के बाद दोषी राजनेताओं के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध की अवधि को छह साल तक सीमित करती है और दोषी व्यक्तियों के राजनीतिक दलों के पदाधिकारी होने के मुद्दे को भी चुनौती दी गई है।

### ईवीएम डेटा को...

मुद्दे पर मानक संचालन प्रक्रिया क्या है? याचिका में कहा गया है कि चुनाव आयोग ईवीएम के 4 कंपोनेंट्स- कंट्रोल यूनिट, बैलट यूनिट, वीवीपीएटी और सिंबल लोडिंग यूनिट की ओरिजिनल बर्न मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच के लिए पॉलिसी बनाए। अगली सुनवाई 3 मार्च से शुरू होगी।


**हरिभूमि क्लासीफाइड**
आवश्यकता है | खरीदना है | बेचना है | व्यापार | चिकित्सा | ज्योतिष | डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644




**आवश्यकता**
पेंसिल, पेन, रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही आपको नौकरी की जरूरत है संपर्क करें:- 8981475043, 8017271898.
R-07 to 21-02-2025

**नाम परिवर्तन**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Shoab Rizvi था। जो मेरे शैक्षणिक दस्तावेजों में अंकित है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर Shoaib Hasan Rizvi हो गया है। अतः अब मुझे मेरे इसी नए नाम Shoaib Hasan Rizvi से जाना/ पहचाना जाए। ADDRESS : G- 95/53, Tulsi Nagar, PO - T. T. Nagar, Bhopal (M.P.) - 462003

**नाम परिवर्तन**
मैं शांति लड़िया (Shanti Ladhiya) पत्नी श्री राजकुमार लड़िया (Rajkumar Ladhiya) निवासी H.N. 28 रचना विहार कॉलोनी अवधपुरी भोपाल, मेरा नाम शांति लड़िया पत्नी श्री राजकुमार लड़िया है जो की सही है मेरे पैन कार्ड, आधार कार्ड एवं अन्य डॉक्यूमेंट में शांति लड़िया सही नाम है यह कि मेरा सरनेम लड़िया Ladhiya) है जबकि मेरे कार्यालय मुख्य वास्तुविद लोक निर्माण विभाग में मेरा सरनेम लारिया(Lariya) अंकित हो गया है यह की शपथ पत्र में मेरे द्वारा सही नाम शांति लड़िया पत्नी श्री राजकुमार लड़िया अंकित किया जाए मुझे आज से शांति लड़िया के नाम से जाना व पहचाना जावे मेरा शपथ पत्र क्रमांक बीएफ 539721 है

**नाम परिवर्तन**
मैं तुफान आत्मज श्री तोलिया, निवासी म. नं.- 393, (म.प्र.) आ.नं.-6897 7012 3883 यह कि भारती (BHARTI) मेरी पुत्री हैं, जिसको भारती एवं मानसी दोनों ही नाम से जाना जाता है। मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र, समग्र आईडी, एंव कक्षा पांचवी की अंकसूची में नाम मानसी डिडोंर दर्ज है जोकि सही है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड (आ.नं.-2506 7184 6876) में भारती (BHARTI) नाम त्रुटिवश दर्ज हो गया है । आधार कार्ड मे मेरी पुत्री का नाम भारती की जगह मानसी डिडोंर अंकित किया जावे।

**छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।**

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये। लाभ नही तो पैसे वापिस। 08116592844
R-09 to 12/2/2025- not-14,26,27,03

**नाम परिवर्तन**
सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम Aditiya Manchanda था। जो मेरे पासपोर्ट में अंकित है। किंतु अब मेरा नाम परिवर्तित होकर Aditya Manchanda हो गया है। मैं अब Aditya Manchanda S/O Suresh Manchanda के नाम से जाना व पहचाना जाता हूं। ADDRESS : Banglow no. 44, Globus green, behind Rajeev Nurseri, Lal ghati Airport Road, Bhopal (M.P.) - 462001

**हरिभूमि भोपाल बाजार** विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल मो. 7772079910

**लेकसिटी हॉस्पिटल**
डॉ. आनंद जयंत काले एम.एस., एमसीएच (प्लास्टिक सर्जन)
कटे होंठ — आयुष्मान कार्डधारकों के लिए चिन्हित सभी प्लास्टिक सर्जरी के मुफ्त ऑपरेशन

कटे तालू — 400 से ज्यादा आयुष्मान योजना के अंतर्गत प्लास्टिक सर्जरी के सफल ऑपरेशन
बी-27, कस्तूरबा नगर, चेतक ब्रिज के पास, भोपाल (म.प्र.)
SmileTrain
सोमवार, मंगलवार, बुधवार, शुक्रवार, शनिवार समय : दोपहर 2 से 5 बजे तक लेकसिटी हॉस्पिटल, भोपाल
प्रत्येक गुरूवार समय : दोपहर 12 से 3 बजे तक विदिशा में उपलब्ध
Helpline Number : 9111933376

**Medical Help Line**
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद

**सफेद दाग गारंटेड इलाज**
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें। M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंजिल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।


**धनु** — व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 5776



**बाएँ से दाए**
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

**ऊपर से नीचे**
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

■ चंचल सैणचा, बैंगलोर

**शब्द पहेली- 5775 का हल**



## सूडोकु नवताल - 5786

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| | 6 | | 8 | 9 | | | 7 | 5 |
| 3 | | | 1 | | | | | 2 |
| | 3 | | 4 | | | | 6 | |
| 6 | | 2 | | 1 | | 4 | | 3 |
| | 8 | | | | 5 | | 2 | |
| 2 | | | | | 3 | | | 1 |
| 5 | 1 | | | 7 | 6 | | 4 | |
| | 9 | | | 4 | | | 3 | 6 |

■ MANGAL SENACHA, BANGALORE

■ प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
■ प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
■ पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
■ पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 5785 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 4 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 8 | 5 | 2 | 6 | 4 |
| 1 | 5 | 2 | 4 | 3 | 6 | 7 | 9 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 2 |
| 5 | 8 | 6 | 9 | 2 | 4 | 3 | 1 | 7 |
| 2 | 9 | 7 | 5 | 1 | 3 | 8 | 4 | 6 |
| 9 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 7 | 5 | 6 | 4 | 2 | 1 | 8 | 9 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 9 | 8 | 4 | 7 | 5 |

## खबर संक्षेप

### बीसीएस और वीआर सिद्धार्थ में समझौता

**नई दिल्ली।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशंस लिमिटेड (बीसीएस) ने विजयवाड़ा स्थित वीआर सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस साझेदारी का उद्देश्य उद्योग और शिक्षाविदों के बीच सहयोग को मजबूत करना और तकनीकी प्रगति को बढ़ावा देना है। इस सहयोग के तहत डिजिटल फॉरेंसिक्स और साइबर सुरक्षा लैब की स्थापना की जाएगी। यह समझौता बीसीएसएस की अध्यक्ष जानकी यारलगड्डा और वीआर सिद्धार्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के कुलपति प्रोफेसर परचुरी वेंकटेश्वर राव के बीच हुआ।

### महिंद्रा इलेक्ट्रिक एसयूवी की बुकिंग शुरू

**मुंबई।** महिंद्रा की इलेक्ट्रिक ओरिजिन एसयूवी विश्वस्तरीय खूबियों के साथ एक नया बेंचमार्क स्थापित कर रही हैं, जो भारत के लिए अनलिमिटेड इंडिया गौरव का क्षण बन गया है। महिंद्रा ने एक्सईवी 9 ई और बीई 6 के सभी वेरिएंट्स की बुकिंग 14 फरवरी से शुरू हो गई। मांग को पूरा करने के लिए एक संरचित उत्पादन विस्तार योजना लागू की जा रही है, जिसमें प्रत्येक वेरिएंट की डिलीवरी समय-सीमा साझा की गई है।

### फाइबरवेब के शुद्ध लाभ में 167 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** फाइबरवेब (इंडिया) लिमिटेड ने वित्तवर्ष 2025 के तीसरी तिमाही और 9 महीने के अनऑडिटेड परिणामों की घोषणा की है। जिसमें कुल आय 25.21 करोड़, वार्षिक वृद्धि 68.64 फीसदी, एबिटडा 5.52 करोड़, वार्षिक वृद्धि 165.34 फीसदी, एबिटडा मार्जिन 21.90 फीसदी, वार्षिक वृद्धि 798 बेसिस पॉइंट्स , शुद्ध लाभ 3.55 करोड़, वार्षिक वृद्धि 130.11 फीसदी, शुद्ध लाभ मार्जिन 14.08 फीसदी, वार्षिक वृद्धि 376 बेसिस पॉइंट्स रही।

### एलएंडटी ने गोल्ड लोन कारोबार में किया प्रवेश

**मुंबई।** एलएंडटी फाइनेंस लिमिटेड ने पॉल मर्चेंट्स फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड के गोल्ड लोन व्यवसाय के अधिग्रहण के माध्यम से गोल्ड लोन क्षेत्र में प्रवेश करने की घोषणा की है। यह अधिग्रहण एलटीएफ के सिक्योर्ड लोन प्रोडक्ट्स पोर्टफोलियो को और मजबूत करेगा। प्रस्तावित अधिग्रहण के तहत पूरी तरह से संचालित नेटवर्क और 24/7 सिक्योरिटी सेंटर शामिल हैं, इस अधिग्रहण के माध्यम से एलटीएफ को चंडीगढ़, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, गुजरात, मध्य प्रदेश और उत्तराखंड जैसे कम प्रवेश वाले बाजारों में रणनीतिक उपस्थिति मिलेगी।

### नोवो नॉर्डिस्क ने की एचसीपी पर स्टडी

**नई दिल्ली।** नोवो नॉर्डिस्क द्वारा हाल ही में एक स्टडी की गई। जिसमें भारत में पीडब्ल्यूओ के सामने बड़ी चुनौतियां है। ये स्टडी मोटापे से ग्रस्त 2,000 से अधिक लोग और 300 हेल्थ केयर प्रोफेशनल्स (एचसीपी) पर की गई थी। अध्ययन से मोटापे के बारे में जागरूकता, समझ और प्रबंधन के बीच एक महत्वपूर्ण अंतर पता चल रहा है, जो उपचार के लिए एक एकीकृत, दीर्घकालिक दृष्टिकोण की आवश्यकता को रेखांकित करता है। अध्ययन से पता चला है कि भारत में हर तीन में से एक पीडब्ल्यूओ अपनी स्थिति की गंभीरता को नहीं समझता है ।

### गोदरेज ग्रुप ने दासरा के के साथ हाथ मिलाया

**मुंबई ।** गोदरेज इंडस्ट्रीज ग्रुप , राधिका पीरामल (कार्यकारी निदेशक, वीआईपी इंडस्ट्रीज और ट्रस्टी, दासरा यूके) और केशव सूरी फाउंडेशन ने दासरा के साथ मिलकर भारत के पहले समर्पित एलजीबीटीक्यूआईए+ फिलन्थ्रॉफी फंड- 'द प्राइड फंड' को लांच करने की घोषणा की है। इस फंड का उद्देश्य निरंतर, संचरित और धैर्यपूर्ण परोपकार के साथ फंडिंग गैप को दूर करना है, ताकि भारत के एलजीबीटीक्यूआईए प्लस समुदाय के लिए सार्थक ऑन-ग्राउंड बदलाव को सशक्त बनाया जा सके।

# अडाणी समूह ने विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के लिए की मेयो क्लीनिक के साथ साझेदारी

## सेवा साधना है सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमार्थ है: गौतम अडाणी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अहमदाबाद



अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने अडानी हेल्थ सिटी (एएचसी) एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के शुभारंभ की घोषणा की है, जिसे समूह की गैर-लाभकारी स्वास्थ्य सेवा शाखा के माध्यम से कार्यान्वित किया जाएगा। गौतम अडाणी के 'सेवा साधना है, सेवा प्रार्थना है और सेवा ही परमार्थ है' के सामाजिक दर्शन के अनुरूप, अडाणी परिवार पूरे भारत में समाज के सभी वर्गों के लोगों के लिए सस्ती, विश्व स्तरीय चिकित्सा देखभाल और चिकित्सा शिक्षा लाने की लागत पूरी तरह से वहन करेगा। अडाणी परिवार अहमदाबाद और मुंबई में इन पहले दो एकीकृत स्वास्थ्य परिसरों के निर्माण के लिए 6,000 करोड़ रुपए से अधिक का दान देगा।

## शहरों और कस्बों में एकीकृत अडाणी 'हेल्थ सिटी' बनाने की योजना



*गौतम अडाणी की भारत भर के शहरों और कस्बों में ऐसे और अधिक एकीकृत अडाणी हेल्थ सिटी बनाने की योजना है। इन एकीकृत एएचसी परिसरों में से प्रत्येक में 1,000 बिस्तरों वाले मल्टी-सुपर-स्पेशियलिटी अस्पताल, 150 स्नातक, 80 प्लस निवासियों और 40प्लस फेलो के वार्षिक प्रवेश के साथ मेडिकल कॉलेज, स्टेप-डाउन और संक्रमणकालीन देखभाल सुविधाएं और अत्याधुनिक अनुसंधान सुविधाएं शामिल होंगी। एएचसी चिकित्सा पारिस्थितिकी तंत्र का लक्ष्य सभी सामाजिक-आर्थिक पृष्ठभूमि के लोगों की सेवा करना, डॉक्टरों की अगली पीढ़ी को प्रशिक्षित करना और नैदानिक अनुसंधान, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और बायोमेडिकल सूचना विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करना है। अडाणी समूह ने इन प्रतिष्ठानों में संगठनात्मक उद्देश्यों और नैदानिक प्रथाओं पर रणनीतिक सलाह प्रदान करने के लिए यूएसए के मेयो क्लिनिक ग्लोबल कंसल्टिंग (मेयो क्लिनिक) को नियुक्त किया है। मेयो क्लिनिक डिजिटल और सूचना प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य सेवा गुणवत्ता वृद्धि पर ध्यान देने के साथ प्रौद्योगिकी के एकीकरण पर विशेषज्ञ मार्गदर्शन भी प्रदान करेगा।*

### शिक्षा और कौशल विकास में सुधार के लिए 60 हजार करोड़ रुपए देने का वादा

*अडाणी समूह के अध्यक्ष गौतम अडाणी ने कहाकि दो साल पहले, मेरे 60वें जन्मदिन पर उपहार के रूप में, मेरे परिवार ने स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और कौशल विकास में सुधार के लिए 60,000 करोड़ रुपए देने का वादा किया था। अडाणी हेल्थ सिटी का विकास इस योगदान से कई प्रमुख परियोजनाओं में से पहला है, जो भारतीय समाज के हर वर्ग के लोगों को सस्ती, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने की दिशा में एक लंबा रास्ता तय करेगा। मुझे विश्वास है कि दुनिया की सबसे बड़ी एकीकृत गैर-लाभकारी चिकित्सा समूह प्रैक्टिस, मेयो क्लिनिक के साथ हमारी साझेदारी, जटिल रोग देखभाल और चिकित्सा नवाचार पर विशेष जोर देने के साथ, भारत में स्वास्थ्य देखभाल मानकों को ऊपर उठाने में मदद करेगी। मेयो क्लिनिक स्वतंत्र स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं को, चाहे वे कहीं भी स्थित हों, अपनी विशेषज्ञता प्रदान करता है। मेयो क्लिनिक कार्यक्रम संलग्नताओं को डिजाइन करके एक अनुरूप दृष्टिकोण प्रदान करता है जो ग्राहकों को उनके लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करने के लिए सही विशेषज्ञों से सही उत्तर प्राप्त करने में मदद करता है।*

## रिटेल दुकानदारों को सरकार ने दिया दाल के भावों में कटौती का आदेश



वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सरकार का रिटेल दुकानदारों को दाल के भावों में कटौती का आदेश दिया है। सरकार ने कहाकि होलसेल कीमतों में गिरावट का फायदा लोगों को मिलना चाहिए। सरकार ने दुकानदारों को होलसेल के मुताबिक भाव रखने का आदेश दिया है। गिरावट का फायदा ग्राहकों को देने का आदेश दिया है।

सूत्रों के मुताबिक थोक मंडियों में तुअर, मसूर, चना, मूंग के होलसेल दाम गिरे है। इन दालों के भावों में 5-20 फीसदी तक गिरावट आई है। सूत्रों के मुताबिक उड़द,पीली मटर के थोक दाम गिरे है। मंडियों में दालों के दाम एमएसपी के करीब पहुंचे है। 2024-25 के लिए दालों की एमएसपी पर नजर डालें तो तुअर के दाम 7550 रुपए प्रति क्विंटल पर है,जबकि मूंग दाल की एमएसपी 8682 रुपए प्रति क्विंटल और उड़द के दाल 7400 रुपए प्रति क्विंटल पर है। कहना है कि रिटेल भाव अभी तक नीचे नहीं आए है। तुअर के दाम 1400 डालर से घटकर 800-900 डालर हुए है। 40-45 फीसदी होलसेल दाम नीचे आ गए हैं। किसान के भाव भी एमएसपी से नीचे पहुंचे है। तेजी और मंदी दोनों स्थिति में रिटेल के भाव ऊपर जाते हैं। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन में दालों का स्टॉक ज्यादा है। पिछले साल उत्पादन कम होने के कारण तुअर में तेजी आई। तुअर, चना दाल के भाव फरवरी-मार्च में गिर सकते हैं ।

## शेयर बाजार में मचा कोहराम, फरवरी में अब तक निवेशकों के 17.76 लाख करोड़ रु. स्वाह

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शेयर बाजार में निवेशकों की चिंताएं बढ़ती जा रही हैं। लगातार पांच दिनों से सेंसेक्स-निफ्टी में तेज गिरावट दर्ज की गई है, जिससे बाजार की स्थिति डांवाडोल हो गई है। दोनों प्रमुख इंडेक्स में अब तक 3 फीसदी से अधिक की गिरावट आ चुकी है, जबकि सिर्फ मंगलवार को ही डेढ़ फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। इस गिरावट का सीधा असर निवेशकों पर पड़ा है, जिन्हें मंगलवार तक 10 लाख करोड़ रुपए और 4 फरवरी के बाद से अब तक 17.76 लाख करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान झेलना पड़ा है।

खास बात यह है कि फरवरी में अब तक की गिरावट जनवरी से भी ज्यादा रही है और महीने के आधे पड़ाव से पहले ही सेंसेक्स 2,400 से ज्यादा अंक लुढ़क चुका है। हाल ही में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने टैरिफ को लेकर सख्त रुख अपनाने के संकेत दिए हैं, जिसका असर वैश्विक शेयर बाजारों पर साफ नजर आ रहा है। भारत भी इससे अछूता नहीं है। ट्रंप ने स्टील और एल्युमीनियम पर 25 फीसदी अतिरिक्त टैरिफ लगाने की घोषणा की है, जिससे बाजार पर दबाव बढ़ गया है। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार निवेशकों की नजरें अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और डोनाल्ड ट्रंप के संभावित बयानों पर टिकी होंगी।



### निवेशकों को 10 लाख करोड़ से ज्यादा का नुकसान

*शेयर बाजार में इस गिरावट की वजह से शेयर बाजार निवेशकों को मोटा नुकसान हुआ है। निवेशकों का नुकसान बीएसई के मार्केट कैप के कम या ज्यादा होने पर डिपेंड करता है। एक दिन पहले बीएसई का मार्केट कैप 4,17,82,573.79 करोड़ रुपए था। जो घटकर कारोबारी सत्र के दौरान 407 लाख करोड़ रुपए से नीचे आ गया। इसका मतलब है कि मौजूदा कारोबारी सत्र के दौरान निवेशकों को 10 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान देखने को मिला। 4 फरवरी के बाद से बात करें तो 5 कारोबारी सत्रों में निवेशकों को और भी ज्यादा मोटा नुकसान हो चुका है। बीएसई का मार्केट कैप 4,25,50,826.11 करोड़ रुपए पर था, जिसमें अब तक 17.76 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान हो चुका है।*

### बढ़ी हुई कीमतों से ध्वस्त हुए सभी रिकॉर्ड

## सोना हुआ और महंगा, भाव 88450 रुपए प्रति 10 ग्राम

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

सोने के भाव ने ऊंची छलांग लगाते हुए सोना को और अधिक महंगा बढ़ा दिया है। सोने के भाव ने नया रिकॉर्ड कायम करते हुए स्थानीय सराफा बाजार में 24 कैरेट सोने का भाव 88450 रुपए प्रति दस ग्राम स्तर पर पहुंच गया है जबकि चांदी लखपती बनने के करीब है।

गौरतलब है कि सोना खरीदने और पहनने के कई शौकीनों पर सोने का भाव भारी पड़ रहा है। सोने की कीमत अपने ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गईं। कीमतों में लगातार बढ़ोतरी ग्लोबल मार्केट में उतार-चढ़ाव के बीच पीली धातु में निवेशकों की बढ़ती दिलचस्पी को दर्शाती है। फरवरी की शुरुआत से ही सोने की कीमतों में लगातार तेजी देखी जा रही है। 1 फरवरी को 24 कैरेट सोने की कीमत 8,5500 रुपए 10 प्रति ग्राम थी। जो अब 88450 रुपए प्रति ग्राम हो गए। इससे कैलकुलेट किया जा सकता है कि



10 दिनों में 24 कैरेट सोने के भाव में 2950 रुपए प्रति दस ग्राम की मूल्य वृद्धि हुई है। स्थानीय सराफा कारोबारी संजीव जैन और योगेश सोनी ने बताया कि सोने की बढ़ती कीमतों के पीछें कई कारण हैं। व्यापार तनाव और मुद्रास्फीति संबंधी चिंताओं से प्रेरित वैश्विक आर्थिक अनिश्चितता ने निवेशकों को सुरक्षित-आश्रय परिसंपत्तियों की तलाश करने के लिए प्रेरित किया है। इसके अलावा कमजोर भारतीय रुपए ने घरेलू सोने की कीमतों को और बढ़ा दिया है। इससे पीली धातु आयात और महंगा हो गया है। साथ ही मुद्रास्फीति और शेयर मार्केट में उतार-चढ़ाव के बीच सोना में निवेश करना एक सेव ऑप्शन बनता जा रहा है।

## पीएनबी के मंडल कार्यालय में 'पीएनबी एमएसएमई आउटरीच' कार्यक्रम कल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

पंजाब नेशनल बैंक द्वारा 13 फरवरी 2025 को गोविंदपुरा इंडस्ट्रियल एसोसिएशन कॉम्प्लेक्स, इंडस्ट्रियल एरिया, जेके रोड भोपाल में सुबह 10 बजे से पीएनबी एमएसएमई आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम पीएनबी भोपाल के अंचल प्रमुख शैलेंद्र सिंह बोरा की अध्यक्षता में और मंडल प्रमुख मनोज ढींगरा के नेतृत्व में आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम उद्यमियों को अपना व्यवसाय शुरू करने के लिए आवश्यकतानुसार सूक्ष्म,लघु और मध्यम योजनाओं के अंतर्गत बैंक द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान करने एवं समुचित जानकारी प्रदान के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में इच्छुक एमएसएमई ग्राहक अनुकूलित वित्तीय समाधान के लिए पीएनबी के वरिष्ठ अधिकारियों से ऑनस्पॉट जानकारी प्राप्त कर सकते है। साथ ही आकर्षक ब्याज दर, आसान प्रक्रिया एवं न्यूनतम दस्तावेज़ के साथ ऋण योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सकते है। इसमें ग्राहकों को बैंक की प्रमुख एमएसएमई योजनाओ जैसे पीएनबी प्राइम प्लस, पीएनबी जीएसटी एक्सप्रेस ,पीएनबी ट्रेड ग्रोथ, पीएनबी संपत्ति के अंतर्गत ऋण योजनाओं में विशेष ऑफर एवं छूट के साथ त्वरित सैद्धांतिक स्वीकृति भी प्रदान की जाएगी। इस कार्यक्रम का उद्देश्य नए उद्यमी से जुड़ने के साथ-साथ नए व्यवसाय को जुटाने के लिए बैंक की अनुकूलित योजनाओं को संभावित ग्राहकों तक पहुंचाना है। इस मौके पर बैंक के वरिष्ठ अधिकारी और ऋण विशेषज्ञ मौके पर ही ऋण से जुड़ी ओपचारिकताओं को पूरा करने में मदद करेंगे।

### शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों के बाद सेबी ने की कार्रवाई

## एलएस इंडस्ट्रीज, प्रमोटर और चार अन्य किए गए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सेबी ने धोखाधड़ी गतिविधियों और शेयर मूल्य में हेरफेर के आरोपों के बाद हिमाचल प्रदेश स्थित एलएस इंडस्ट्रीज, इसके प्रवर्तक प्रोफाउंड फाइनेंस और चार अन्य को अगले आदेश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया। आदेश में कहा गया है कि बाजार नियामक ने दुबई स्थित एनआरआई सार्वजनिक शेयरधारक जहांगीर पनिक्कावेटिल पेरुम्बरम्बाथु को शेयरों की बिक्री से 1.14 करोड़ रुपए के अवैध लाभ को प्रथम दृष्टया धोखाधड़ी योजना के तहत जब्त करने का भी निर्देश दिया है। सेबी ने सुरेश गोयल, अलका साहनी, शशिकांत साहनी एचयूएफ और जेपीपी को भी अगले आदेश तक प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया गया है। नियामक ने संस्थाओं को सभी प्रासंगिक जानकारी प्रस्तुत करके सेबी की जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। बीएसई में सूचीबद्ध इकाई एलएस इंडस्ट्रीज लिमिटेड और उसके प्रवर्तक ने एक योजना तैयार की।

## बिजनेस न्यूज

### एलएन आयुर्वेद कॉलेज में शारीरिक स्वास्थ्य पर कार्यक्रम

**भोपाल।** एलएन आयुर्वेद महाविद्यालय मे विशेष उद्बोधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय सह संगठन सचिव डॉ.मुरली कृष्ण उपस्थित थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य मिहिर व आरोग्य भारती के मध्य भारत प्रांत के



संगठन सचिव मुकेश दीक्षित, प्राचार्य डॉ.सपन जैन व निर्देशक डॉ.विशाल शिवहरे उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान धनवंतरी के समक्ष दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन प्रोफेसर डॉ.शैलेश जैन द्वारा किया गया। अतिथियों का स्वागत औषधीय पौधों के साथ किया गया। तत्पश्चात मुख्य वक्ता मुरली कृष्ण जी ने अपने उद्बोधन में वर्तमान परिपेक्ष में स्वास्थ्य और चिकित्सा पर अपना विशेषज्ञ उद्बोधन दिया। डॉ.मुरली कृष्ण जी ने कहा कि आज हम नेचर के विपरीत खान पान और रहन-सहन कर रहे हैं, जिसकी वजह से हम निरंतर बीमार होते जा रहे हैं। आज कोई पथ्य का पालन नहीं करना चाहता, जीवन शैली बिगड़ी हुई है, आहार विहार में परिवर्तन हुआ है अग्नि (डाइजेशन कैपेसिटी)की अपेक्षा आज कोई भोजन ग्रहण नहीं करता और आज मानसिक स्वास्थ्य भी ठीक नहीं है टेंशन, अनिद्रा ,डिप्रेशन आदि से सभी लोग पीड़ित है। उद्बोधन सत्र के बाद में छात्र-छात्राओं के साथ प्रश्नोत्तर भी हुआ। तत्पश्चात मुख्य वक्ता का स्मृति चिन्ह व श्रीफल के साथ सम्मान किया गया ।

### मानसरोवर आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज के विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण

**भोपाल।** मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर के विद्यार्थियों ने श्रीधी मिल्क एंड फूड प्रोडक्ट प्राइवेट लिमिटेड, मंडीदीप में शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान



स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग मे वर्णित पाठ्यक्रम के 91 छात्र- छात्राओं ने दूध के पाश्चराइजेशन, दुग्ध में उपस्थित जिवाणू परीक्षण तथा दुग्ध में मिलावट के परीक्षण की बारीकियों को जाना। शैक्षणिक भ्रमण में श्रीधी मिल्क के डायरेक्टर, हर्ष चौरड़िया और रक्षित जैन का विशेष योगदान रहा। प्राचार्य डॉ. अनुराग सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। वहीं भ्रमण की रूपरेखा मानसरोवर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर भोपाल के स्वस्थवृत्त एवं योग विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष डॉ.आकांक्षा पटवा, डॉ.सौरभ मेहता और डॉ मुकेश कुमार द्वारा बनाई एवं भ्रमण का समन्वय केशव भारंबे द्वारा किया गया तथा राजेश पाठक और जय करण सिंह द्वारा बताए गए। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विविध स्वादिष्ट दुग्ध उत्पाद लस्सी, रबड़ी का स्वाद भी लिया।

### युवाओं को रोजगार प्रदान करने कॅरियर कॉलेज में युवा संगम 'मेगा ओपन जॉब फेयर'

**भोपाल।** युवाओं को रोजगार प्रदान करने के लिए जिला रोजगार कार्यालय,भोपाल के द्वारा कॅरियर कॉलेज में युवा संगम मेगा ओपन जॉब फेयर का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। जिला रोजगार अधिकारी डॉ ए.बी. खान ने जानकारी देते हुए बताया कि जॉब फेयर में 12वीं, ग्रेजुएट एवं पोस्ट ग्रेजुएट के लगभग 3000 उमीदवारों ने हिस्सा लिया । इसमें से 464 युवाओं को चयनित किया गया एवं 369 युवाओं को शार्टलिस्ट किया गया। कॅरियर ग्रुप के चेयरमैन मनीष राजोरिया ने इस अवसर पर कहा कि ये तेरहवां जॉब फेयर था, जिसमें अधिकतम दस लाख रूपए वार्षिक वेतन प्रदान करने वाली कंपनी सम्मिलित हुई। कुल 65 कंपनियों ने इस जाब फेयर में सहभागिता की और कई बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया । सहायक रोजगार कार्यालय श्री विजय पाटिल ने बताया कि मध्य प्रदेश शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध हो। आईटीआई गोविंदपुरा प्राचार्य श्रीकांत गोलाईत ने बताया कि यह जॉब फेयर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने में




सफल रहा। कॅरियर कॉलेज के ग्रुप डायरेक्टर प्रोफेसर प्रदीप जैन ने बताया कि जॉब फेयर में एक्सिस बैंक, इसाफ स्मॉल फाइनेंस बैंक, हेक्सा वेयर, आईसीआईसीआई बैंक, एलआई सीऑफ इंडिया, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, वर्धमान, बजाज कैपिटल, सदर लैंड,एयरटैल पैमेंट बेंक,एमपी ऑनलाइन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने सहभागिता की। प्लेसमेंट ऑफिसर देवेश कुमार माथुर और डॉक्टर शिल्पी श्रीवास्तव ने बताया कि इस ओपन जॉब फेयर में भोपाल सहित मध्यप्रदेश के 25 अन्य जिलों के युवाओं ने प्रतिभागिता की। इस अवसर पर कॅरियर कॉलेज की प्राचार्य डॉ. चरणजीत कौर ने सभी कंपनियों के एच.आर के प्रति आभार प्रकट किया है।

### शिक्षकों के शिक्षण अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में नवनीत एआई लांच

**भोपाल।** नवनीत एजुकेशन लिमिटेड ने नवनीत एआय लांच करने की घोषणा की है। यह नवाचार शिक्षकों को ज्ञान और संसाधनों तक आसान पहुंच प्रदान करने के लिए तैयार किया गया है। नवनीत के व्यापक शैक्षणिक सामग्री संग्रह का लाभ उठाते हुए नवनीत एआय के उपकरण शिक्षकों को पाठ अधिक प्रभावी ढंग से पढ़ाने में मदद करेंगे। नवनीत एजुकेशन लिमिटेड के ब्रांडिंग, मार्केटिंग और सेल्स डायरेक्टर देविश गाला कहाकि यह प्लेटफॉर्म इंटरएक्टिव और उपयोग में सरल है, जिससे शिक्षक क्विज, होमवर्क, पीपीटी, फ्लैशकार्ड, सारांश और अन्य शैक्षणिक सामग्री आसानी से तैयार कर सकेंगे। कई दशकों से भारतभर में शिक्षक और छात्र नवनीत की पढ़ाई से जुड़ी किताबों और संसाधनों का उपयोग कर रहे हैं। नवनीत डाइजेस्ट, वर्कबुक, नवनीत 21 मोस्ट लाइकली क्वेश्चन सेट्स, प्री-प्राइमरी और बच्चों के लिए प्रकाशित किताबों ने सीखने को आसान बनाया है। अब नवनीत एआय के जरिए 50,000 से ज्यादा संसाधनों को एक नए रूप में पेश किया जा रहा है, जिससे पढ़ाई का अनुभव और दिलचस्प और असरदार बनेगा। नवनीत एजुकेशन लिमिटेड शिक्षकों को नवनीत एआय से परिचित कराने और इसके अधिकतम उपयोग में सहायता देने के लिए प्रश्नोत्तरी विद नवनीत एआय नामक कार्यशालाओं की एक श्रृंखला आयोजित करेगा।

### कॅरियर परामर्श और छात्र कल्याण के लिए आईसी थ्री क्षेत्रीय फोरम का आयोजन

**भोपाल ।** राजधानी में आयोजित 2025 आईसीथ्री क्षेत्रीय फोरम में कॅरियर परामर्श और छात्र कल्याण के महत्व पर चर्चा करने के लिए पूरे प्रदेश के प्रमुख संस्थानों के शिक्षकों, काउंसलर और प्रतिनिधियों को एक साथ लाया गया। बिलबोंग हाई इंटरनेशनल स्कूल में संपन्न हुए फोरम ने गुणवत्तापूर्ण करियर परामर्श संसाधनों तक पहुंच सुनिश्चित करते हुए छात्रों और शिक्षकों के सामने आने वाली जमीनी चुनौतियों को दूर करने के लिए संवाद को बढ़ावा देने पर ध्यान केंद्रित किया। भोपाल में आयोजित आईसीथ्री क्षेत्रीय फोरम में 130 से अधिक पंजीकरण हुए। यह बात मध्य प्रदेश के शिक्षा समुदाय की मजबूत वचनबद्धता को दर्शाती है। 40 से अधिक संस्थानों ने इसमें हिस्सा लिया। फोरम ने समग्र कॅरियर परामर्श प्रथाओं के माध्यम से छात्रों में मिलने वाले परिणामों को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया। काउंसेलिंग एज़ ए कल्चर के तहत हुई चर्चाओं ने दैनिक शैक्षिक अनुभव में करियर परामर्श को एकीकृत करने की आवश्यकता पर जोर दिया, ताकि छात्रों को अकादमिक और भावनात्मक रूप से सहायता प्रदान की जाए। आईसी3 मूवमेंट के संस्थापक गणेश कोहली ने कहाकि मध्य प्रदेश में एक जीवंत और प्रतिबद्ध शैक्षिक समुदाय है, लेकिन गुणवत्तापूर्ण कॅरियर परामर्श तक समान पहुंच सुनिश्चित करना उनके लिए भी एक चुनौती बनी हुई है। हर छात्र, चाहे उसकी सामाजिक आर्थिक पृष्ठभूमि या लिंग कुछ भी हो, उसे समग्र विकास के लिए आवश्यक मार्गदर्शन मिले यह हमारा मिशन है। भोपाल के सीबीएसई रीजनल ऑफिसर विकास कुमार अग्रवाल ने भी छात्रों की सफलता में सहायता करने के लिए कॅरियर मार्गदर्शन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा छात्रों को स्ट्रक्चर्ड कॅरियर काउंसेलिंग प्रदान करना उनकी शैक्षणिक और पेशेवर यात्रा को आकार देने में एक आवश्यक कदम है।

### ओला इलेक्ट्रिक ने लांच की रोडस्टर एक्स सीरीज के साथ ईवी मोटरसाइकल

**भोपाल।** ओला इलेक्ट्रिक ने अपनी रोडस्टर एक्स सीरीज के साथ इलेक्ट्रिक मोटरसाइकल सेगमेंट में प्रवेश किया। ये मोटरसाइकल बेहतरीन परफॉर्मेंस के साथ राईडिंग का रोमांचक अनुभव प्रदान करती



हैं। कंपनी के स्केलेबल मोटरसाइकल प्लेटफॉर्म पर बनाई गई रोडस्टर एक्स सीरीज में रोडस्टर एक्स को 74,999 रुपए, 4.5 किलोवाट रोडस्टर एक्स को 1,04,999 रुपए और 9.1 किलोवाट रोडस्टर एक्स को 1,54,999 रुपए में बाजार में उतारा गया है। ये हर चार्ज में 501 किलोमीटर की बेहतरीन रेंज प्रदान करती हैं ऑल-न्यू रोडस्टर एक्स 2.5 किलोवाट, 3.5किलोवाट और 4.5किलोवाट वैरिएंट्स में क्रमशः 74,999 रुपए, 84,999 रुपए और 94,999 रुपए में पेश किया गया है। रोडस्टर सीरीज में 3 साल 50,000 किलोमीटर की स्टैंडर्ड वॉरंटी मिलती है। रोडस्टर सीरीज की डिलीवरी मार्च के मध्य से शुरू होगी।

### वी ने ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ पेश की पोस्टपेड इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स में बैगेज प्रोटेक्शन सर्विसेज

**मुंबई।** दूरसंचार सेवा प्रदाता वी ने अपने सभी पोस्टपेड इंटरनेशनल रोमिंग पैक्स में बैगेज प्रोटेक्शन सर्विसेज शामिल कर अपनी इंटरनेशनल रोमिंग पेशकश को और बेहतर बना लिया है। यूएस आधारित प्रमुख लॉस्ट बैगेज कंसीयज सर्विस ब्लू रिब्बन बैग्स के साथ साझेदारी के माध्यम से वी के पोस्टपेट उपभोक्ता प्रति बैग पर 19800 रुपए का मुआवजा पा सकते हैं, अगर शिकायत दर्ज करने के 96 घंटे बाद भी उन्हें लगेज उन्हें नहीं मिलता है या खो जाता है। बहुत से यात्रियों के लिए बैगेज खो जाना या देर से मिलना, तनावपूर्ण अनुभव होता है, ऐसे में उनकी यात्रा का पूरा मज़ा खराब हो जाता है।

### एमआईबी-आईईआईसी और विंजो ने लांच किया टेक ट्रायम्फ सीजन थ्री

**नई दिल्ली।** टेक ट्रायम्फ प्रोग्राम (टीटीपी) को इंटरएक्टिव एंटरटेनमेंट एंड इनोवेशन काउंसिल (आईईआईसी) ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय (एमआईबी) तथा विनजो गेम्स के सहयोग से क्रिएट इन इंडिया चैलेंज सीजन - 1 के तहत लांच किया है। यह पहल वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स) से पहले भारत की गेमिंग प्रतिभाओं को पहचानने, प्रोत्साहित करने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी।

### वार्डविजर्ड इनोवेशंस ने की 3830 इलेक्ट्रिक वाहनों की बिक्री

**वड़ोदरा।** ब्राण्ड्स जॉय ई-बाईक और जॉय ई-रिक के तहत इलेक्ट्रिक वाहन बनाने वाली अग्रणी निर्माता वार्डविजर्ड इनोवेशंस एंड मोबिलिटी लिमिटेड ने जनवरी 2025 में 3830 इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहन बेचे हैं, जिसमें हाई-स्पीड एवं लो-स्पीड मॉडल शामिल हैं। इस दृष्टि से कंपनी ने जनवरी 2024 की तुलना में 18.76 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है, जब 3225 युनिट्स बेची गई थीं। कंपनी यतिन गुप्ते, चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक, वार्डविजर्ड इनोवेशंस एंड मोबिलिटी लिमिटेड ने कहाकि हमने इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बिक्री में 18.76 फीसदी की बढ़ोतरी के साथ 2025 की शानदार शुरूआत की है।

## चिंतन

# डोनाल्ड ट्रंप के नए टैरिफ से भारत को रहना होगा सतर्क

दूसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति पद की शपथ लेने के बाद डोनाल्ड ट्रंप एक के बाद एक ताबड़तोड़ फैसले ले रहे हैं। उनके इन फैसलों का अमेरिका ही नहीं, पूरी दुनिया पर असर पड़ने वाला है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी फ्रांस की यात्रा पर हैं। 14 फरवरी को वे अमेरिका पहुंचने वाले हैं। इससे दो दिन पहले ही डोनाल्ड ट्रंप ने स्टील पर 25 और एल्युमिनियम के आयात पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का ऐलान कर दिया। इसका असर भारत पर भी होगा। भारत भी अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम बेचता है, लेकिन हमारी हिस्सेदारी काफी कम है। स्टील के मामले में महज 6 और एल्युमिनियम में 2 फीसदी के आसपास है। अमेरिका अगर भारत को टैरिफ से छूट नहीं देता तो अमेरिकी बाजार में भारतीय मेटल कंपनियों की प्रतिस्पर्धा घट सकती है। साथ ही, भारतीय बाजार चीन के सस्ते स्टील और एल्युमिनियम से पट भी सकता है। चीन पहले भारतीय बाजार में काफी स्टील डंप कर रहा है। इसका सीधा असर हमारे व्यापार खाटे पर पड़ता है। हालांकि, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमेरिका के दौरे पर जा रहे हैं। वहां पर उनकी ट्रंप के साथ भी मुलाकात होगी। ऐसे में भारत की मेटल इंडस्ट्री को उम्मीद है कि ट्रंप भारत के स्टील और एल्युमिनियम एक्सपोर्ट को रियायत दे सकते हैं। ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल में भी भारत को छूट दी थी। अगर भारत को रियायत मिलती है, तो यहां से अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम का एक्सपोर्ट बढ़ सकता है, जो भारतीय इकोनॉमी के लिए भारी बूस्टर साबित होगा, लेकिन यह अभी भविष्य के गर्भ में है कि अमेरिका क्या कदम उठाता है। ऐसा भी नहीं है कि अमेरिका ने ऐसा ट्रैरिफ पहली बार लगाया हो। इससे पहले डोनाल्ड ट्रंप ने अपने पहले कार्यकाल के दौरान भी स्टील और एल्युमिनियम पर इंपोर्ट टैरिफ लगा दिया था, जिससे इन धातुओं की कीमतों में तेज उछाल आया था। इससे अमेरिका को काफी नुकसान भी हुआ था। अमेरिकी कंपनियों के लिए उत्पादन की लागत बढ़ गई थी, जो स्टील और एल्युमिनियम खरीदते थे और उनका उपयोग अपने उत्पाद बनाने में करते थे। असल में ट्रंप अपनी अमेरिका फर्स्ट पॉलिसी के तहत लोकल प्रोडक्शन और रोजगार को बढ़ावा देना चाहते हैं। यही वजह है कि उन्होंने इंपोर्ट पर टैरिफ लगाया है। इसके नुकसान भी हैं। कई आर्थिक जानकारों का मानना है कि टैरिफ लगाने से अमेरिका में स्टील और एल्युमिनियम महंगा हो जाएगा। इसकी कीमत आखिर में अमेरिकी कंपनियों और उपभोक्ताओं को ही चुकानी होगी। वहीं टैरिफ बढ़ने से अमेरिकी सहयोगियों पर बुरा असर पड़ेगा। कनाडा, अमेरिका को स्टील और एल्युमिनियम का सबसे बड़ा सप्लायर है। मैक्सिको स्टील का तीसरा सबसे बड़ा सप्लायर है। जापान और दक्षिण कोरिया भी अमेरिका को स्टील एक्सपोर्ट करने वाले प्रमुख देश हैं। टैरिफ बढ़ाने से अमेरिका के कई करीबी देश नाराज हो सकते हैं और बदले में इसी तरह का कदम उठा सकते हैं। कनाडा ने तो इसकी धमकी भी दे रखी है। असल में अमेरिका के निशाने पर चीन है। उसे ग्लोबल स्टील इंडस्ट्री की समस्याओं की जड़ माना जाता है। उसने भारी उत्पादन करके दुनियाभर के बाजारों को सस्ते स्टील से पाट रखा है। इससे कीमतें जमीन पर आ गई हैं और अमेरिका के साथ अन्य देशों में स्टील निर्माताओं को नुकसान हुआ है। अब अमेरिका ने ट्रैरिफ लगाया है तो वो अन्य देशों में अपने उत्पाद को डंप करेगा। खासकर भारत को इसे लेकर सतर्क रहना होगा, क्योंकि चीन के साथ पहले से ही हमारा व्यापार घाटा गंभीर अवस्था में है।



विमर्श
विकेश कुमार बडोला

# अमेरिकी यात्रा के अनुभव होंगे महत्त्वपूर्ण

> ट्रंप द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में अमेरिकी शासन का कार्यभार संभालने के बाद यह किसी भी प्रसिद्ध, प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में अग्रणी देश के प्रधान की प्रथम अमेरिकी यात्रा है। यह एक महत्त्वपूर्ण यात्रा सिद्ध होगी, इसमें किंचित भी संदेह नहीं है। मोदी की इस यात्रा के बाद वैश्विक राजनीतिक गतिविधियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं में एक नवीनता देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ विषयों पर ट्रंप को पूर्ववर्ती बाइडेन की तरह अपने अनुसार साध पाना मोदी के लिए असंभव होगा, किंतु विचारणीय यह है कि ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद चुनाव पूर्व की उन्हीं घोषणाओं व योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं, जिनको पूर्ण करने के लिए उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी चार दिवसीय राजकीय यात्रा पर पहले फ्रांस पहुंच चुके हैं। यहां दो दिन रुकने के बाद वे अगले दो दिनों के लिए अमेरिका जाएंगे। फ्रांस की यात्रा 'एआई एक्शन समिट' में उनके सह-अध्यक्ष की भूमिका के निर्वहन के लिए हो रही है। इस सम्मेलन में वे विश्व के नेताओं और वैश्विक प्रौद्योगिकी सीईओज को संबोधित करेंगे। प्रौद्योगिकी के नवोन्नत रूप-स्वरूप आर्टिफीशियल इंटेलिजेंसी अर्थात कृत्रिम बौद्धिकता के आधार पर वैश्विक कार्यों के निस्तारण की दिशा में हुई प्रगति द्वारा जहां एक ओर वैश्विक सुविधा संपन्नता में वृद्धि हुई है, तो वहीं कृत्रिम बौद्धिकता पर समग्र गतिविधियों की निर्भरता के कारण यह चुनौतीपूर्ण समस्या के रूप में उभरी है। कुछेक वर्षों से इसी समस्या, बाधा और जटिलता के निवारण हेतु 'एआई एक्शन समिट' का आयोजन किया जा रहा है। इस बार इसका आयोजनकर्ता देश फ्रांस है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुअल मैक्रों के साथ मोदी द्विपक्षीय व्यापार, अर्थव्यवस्था तथा अन्य महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों से संबंधित विषयों पर भी '2047 होराइजन रोडमैप' के अंतर्गत दोनों देशों की कार्यनीतिक साझीदारी की समीक्षा बैठक करेंगे। इस यात्रा में प्रधानमंत्री फ्रांस में भारत के प्रथम वाणिज्य दूतावास का उद्घाटन भी करेंगे। वे अंतरराष्ट्रीय तापन नाभिकीय प्रायोगिक रिएक्टर परियोजना का निरीक्षण भी करेंगे। इसके अतिरिक्त वे प्रथम एवं द्वितीय विश्व युद्धों में बलिदान हुए भारतीय सैनिकों को श्रद्धासुमन अर्पित करने के उद्देश्य से 'मजरग्यूज वार सिमेट्री' भी जाएंगे।

इसके बाद मोदी की महत्त्वपूर्ण अमेरिकी यात्रा प्रारंभ होगी। जनवरी में ट्रंप द्वारा नवनिर्वाचित राष्ट्रपति के रूप में अमेरिकी शासन का कार्यभार संभालने के बाद यह किसी भी प्रसिद्ध, प्रभावी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिष्ठा में अग्रणी देश के प्रधान की प्रथम अमेरिकी यात्रा है। यह एक महत्त्वपूर्ण यात्रा सिद्ध होगी, इसमें किंचित भी संदेह नहीं है। मोदी की इस यात्रा के बाद वैश्विक राजनीतिक गतिविधियों, कार्यक्रमों तथा योजनाओं में एक नवीनता देखने को मिलेगी। हालांकि कुछ विषयों पर ट्रंप को पूर्ववर्ती बाइडेन की तरह अपने अनुसार साध पाना मोदी के लिए असंभव होगा, किंतु विचारणीय यह है कि ट्रंप दोबारा राष्ट्रपति चुने जाने के बाद अपने दल की चुनाव पूर्व की उन्हीं घोषणाओं व योजनाओं पर कार्य कर रहे हैं, जिनको पूर्ण करने के लिए उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था। यह दुनिया के सभी देशों के नेताओं के लिए एक प्रेरणादायी बात भी है कि वे जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करने की दिशा में ही कार्य करें। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति का वादा पूरा करने का अभियान दुनिया की राजनीति में बड़ी हलचल मचाये हुए है। जहां तक भारत और अमेरिका के आर्थिक-व्यापारिक संबंधों की बात है, तो ट्रंप द्वारा शुल्क वृद्धि नीति को क्रियान्वित किए जाने के बाद इनमें भारत के पक्ष में हानि का गणित बनता दिख रहा है। इसमें संदेह है कि ट्रंप अपने समकक्ष मोदी से पुरानी मित्रता के आलोक में भारत के साथ आर्थिक-व्यापारिक संबंधों को पहले की तरह बनाए रखने के लिए प्रेरित होंगे। अमेरिका से अवैध प्रवासियों को बाहर निकाले जाने के बिंदु पर भी भारत की ओर से आपत्ति प्रकट किए जाने का कोई औचित्य नहीं होगा, क्योंकि अमेरिका ही नहीं बल्कि यह किसी भी देश का




अपना निर्णय, अपनी नीति और अपना अधिकार है कि वह अपने यहां अवैध ढंग से रह रहे लोगों को बाहर निकाले। इस संदर्भ में तो भारत को अमेरिका से प्रेरणा लेनी चाहिए और बांग्लादेशी व म्यामारी घुसपैठियों को बाहर करने का बड़ा अभियान चलाना चाहिए। भारत-अमेरिका के मध्य विभिन्न क्षेत्रों में जो बहुमुखी संबंध हैं, निश्चित रूप में मोदी की इस यात्रा की समयावधि में उनमें सुव्यवस्था स्थापित होने की आशा है। शुल्क, व्यापार, अवैध आव्रजन, अमेरिका के विरोध में ब्रिक्स जैसी गुटसापेक्षता, इत्यादि विषयों पर ट्रंप अपनी नवनीतियों में मोदी के साथ मित्रता के आधार पर परिवर्तन नहीं करेंगे। मोदी को इस बिंदु का ध्यान रखते हुए द्विपक्षीय संबंधों को शक्तिशाली बनाने की दिशा में कुछ अनचाहे समझौते भी करने ही होंगे। इनमें पहला यही कि अमेरिकी शुल्क वृद्धिकारी नीतियों का कुछ समय के लिए पालन किया जाए और अवैध आव्रजन जैसे विषय पर अमेरिका का सहयोग करते हुए सभी अवैध भारतीय नागरिकों को अमेरिका से वापस बुला लिया जाए। इससे भारत के विरुद्ध अमेरिकी शुल्क वृद्धि नीति में कुछ सकारात्मक परिवर्तन हो सकता है। यह सुनिश्चित है कि मोदी इस यात्रा के बाद अमेरिका से किसी न किसी भारतीय हित की नीति को संवर्द्धन करके वापस लौटेंगे, किंतु इसके लिए ट्रंप प्रशासन की कुछ शर्तें भी होंगी, जिनका भारत को अनुसरण करना होगा। यदि अंतरराष्ट्रीय विषयों के संदर्भ में ट्रंप-मोदी की भेंट का निष्कर्ष निकालें तो इसके दुनिया के हित में दूरगामी कार्यबिंदु उभरते हुए दिखाई दे रहे हैं। दक्षिण एशिया में भारत की स्वायत्तताओं के लिए ट्रंप अपने पहले कार्यकाल की ही भांति उदार होंगे। हो सकता है कि आगामी कुछ दिनों में बांग्लादेश में अपदस्थ राष्ट्रपति शेख हसीना का पुनः सत्तारूढ़ होने का मार्ग प्रशस्त हो जाए या वहां पर आम चुनाव का वातावरण बन जाए और उसमें हसीना विजयी होकर वापस सत्ता प्राप्त कर लें। यदि ऐसा होता है, तो इस सत्ता के सकारात्मक संचालक के रूप में भारत व अमेरिका ही गोपनीय भूमिका में होंगे। पिछली बार ट्रंप जब सत्ता में थे तो उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सभा, यूनिसेफ, मानवाधिकार संगठन, विश्व स्वास्थ्य संगठन, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, इत्यादि यूरोपीय देशों के प्रभाव वाली संस्थाओं के अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रमों और नीतियों को दुनिया के स्वायत्त देशों के लिए आत्मघाती घोषित कर इनमें अमेरिकी योगदान को नगण्य स्तर तक सीमित कर दिया था। यूनिसेफ तो अमेरिका से अलग भी हो गया था।

देखा-देखी इजरायल ने भी इस प्रकरण में यूनिसेफ की सदस्यता त्याग दी। इस बार ट्रंप ने संयुक्त राष्ट्र के अनुषंगी तंत्र अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन से स्वयं को अलग कर दिया। इजरायल ने भी तुरंत इस संगठन की सदस्यता त्याग दी। इस संदर्भ में भारत को अमेरिका और इजरायल का आंतरिक दृष्टिकोण जानना-समझना होगा कि क्यों वे बाहय रूप में जगभलाई के हेतु दिखाई देने वाले ऐसे तंत्रों व संगठनों का परित्याग कर रहे हैं, जो वास्तविकता में मध्य यूरोप, अफ्रीका, मध्य एशिया और दक्षिण-पश्चिम एशिया के मुसलिम बहुल देशों में मानवाधिकार के अंतर्गत मुद्रा से लेकर खाद्य सुरक्षा पहुंचा रहे हैं और बदले में ऐसे देशों के लोग अराजक, आतंकी और अवैध नागरिक बनकर विकसित व सभ्य देशों के सार्वजनिक जीवन को अशोभनीय और असुरक्षित बना रहे हैं। यह सच है कि भारत में बांग्लादेशी, म्यांमारी तथा अन्य देशों के अवैध नागरिकों द्वारा ऐसी ही नकारात्मक परिस्थितियां उत्पन्न की जा रही हैं। इस आधार पर ये लोग किसी भी दृष्टि से मानवाधिकार के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सुख-सुविधाएं प्राप्त करने के अधिकारी नहीं हो सकते हैं। भारत को भी इस सत्य को समझना होगा। वर्तमान में अमेरिका से लेकर भारत तक ऐसे लोगों की संख्या कम नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।
लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## जयंती विशेष

अखिलेश आर्येन्दु



# महर्षि दयानंद का संदेश आज के दौर में अधिक प्रासंगिक

हम महर्षि को पौराणिकता या किसी खास नजरिए से देखने के बजाय यदि वेदों और उपयोगिता के संदर्भ में विश्व मानवता के साथ जोड़ कर देखें तो पाएंगे कि दयानंद ने आज से 160 साल पहले जो विश्व मानवता को संदेश दिया था, वह आज के हिंसा और अराजकतावाद के उन्मादी दौर में कहीं अधिक प्रासंगिक जान पड़ता है। मैक्समूलर ही नहीं अनेक विदेशी विचारकों, साहित्यकारों, राजनेताओं, समाज सुधारकों ने साफ तौर पर स्वीकार किया कि दयानंद जो भी कहते हैं, वह निष्पक्ष ही नहीं ज्ञान, सत्य, सर्व कल्याण को ध्यान में रखकर और तर्कसंगत तथा वैज्ञानिक तथ्यों पर आधारित होता है। आम तौर पर दयानंद को महज एक हिंदू समाज सुधारक के तौर पर समझकर उन्हें संकीर्ण बना देते हैं। जबकि महर्षि दयानंद हिंदू समाज सुधारक ही नहीं बल्कि वे तो सारी मानवता को एक ऐसी दिशा देने वाले थे जो सामाजिक रूप से सबल और उच्चता के शिखर पर पहुंचने वाली साबित हुई। जीवन, समाज, साहित्य, धर्म, संस्कृति, भाषा, मानव मूल्य, अध्यात्म, राजनीति, अर्थ, दर्शन, विज्ञान, व्याकरण, योग ध्यान सहित ऐसे सभी विषयों पर उनकी नजर गई जो मानव और समाज के लिए महत्वपूर्ण, उपयोगी और कल्याणकारी हो। 59 साल की विकट संघर्ष वाली जिंदगी में उन्होंने एक भी कार्य ऐसा नहीं किए जो किसी के लिए अनुचित, अहितकारी या अमर्यादित रहा हो। चाहे वह सांस्कृतिक चेतना की बात हो, राजनीति, समाज, दर्शन और शिक्षा की बात हो, तब भी केवल और केवल वेद ही सामने होते हैं। इसलिए दयानंद के किसी विचार, कार्य और व्यवहार पर किसी को काटने की जरूरत नहीं पड़ी। जिसने उनके कार्य, विचार और व्यवहार का विरोध किया, वह किसी न किसी व्यक्तिगत स्वार्थ के वशीभूत होकर ही किया। हम दयानंद के कार्यों और विचारों का मूल्यांकन करते वक्त यह भूल जाते हैं कि उन्होंने सत्य, न्याय, निष्पक्ष, व्यावहारिक और सर्वहित पर गौर करते हुए ही सारी बात कही और सारे कार्य किये। भले ही उन्हें इसके लिए जहर पीना पड़ा हो। वैसे तो उनके अनगिनत कार्य हैं लेकिन वैदिक गुरुकुलों की स्थापना, राष्ट्र निर्माण की चेतना, समाज कल्याण और स्वदेशी पर ही जोर देने, हिंदी को प्रमुखता, शुद्धिकरण, दलित, पिछड़े व नारी कल्याण, सच्चे वैदिक धर्म व अध्यात्म का प्रचार, सत्य, शुभ और शांति की स्थापना, शुद्ध आहार-विहार, गौ संरक्षण, वैदिक यज्ञों की फिर से स्थापना और योग साधना जैसे तमाम कार्यों को हम मौजूदा दौर में अधिक प्रासंगिक पाते हैं। मानव की भलाई जिसमें हो, दयानंद उस बात को उस कार्य को सबसे बेहतर और हितकारी मानते दिखाई पड़ते हैं। सत्यार्थ प्रकाश में जो भी उन्होंने लिखा, उसमें उनका अपने खुद के फायदे का कुछ भी नहीं है।

सारा का सारा ज्ञान और तथ्य मानव समाज के सुधार, सुख, शांति, आपसी प्रेम, करुणा, दया, सहिष्णुता, न्याय, अहिंसा की स्थापना, सत्य की जीत और शुभत्व को ध्यान में रखकर ही प्रस्तुत किया। दुराग्रह, आग्रह, स्वार्थ और पक्षधारिता को दूर-दूर तक दयानंद के जीवन में हम नहीं पाते हैं। महर्षि दयानंद की देन को हमें विस्तृत फलक पर देखना चाहिए, तभी हम उनका ठीक, सही और निष्पक्ष मूल्यांकन कर पाएंगे। मिसाल के तौर पर जब हम विज्ञान और अध्यात्म के क्षेत्र में उनका मूल्यांकन करें तो पाएंगे कि उन्होंने वेदों के आधार पर जो विश्व मानवता के हित में था, वहीं आगे बढ़ाया। विज्ञान और अध्यात्म एक-दूसरे से कैसे जुड़े हैं उनके जरिए वेदाधारित त्रैतवाद के जरिए समझा जा सकता है। दयानंद द्वारा मानवता, धर्म, संस्कृति, अध्यात्म, समाज, भाषा, शिक्षा और वेद के लिए किए गए अनगिनत अवदानों और स्थापनाओं को जानने में भी दुनिया को सुविधा होगी।

वह स्वभाषा, स्वसंस्कृति, स्वधर्म, स्वराष्ट्र, स्वाभिमान, स्वगौरव, स्वशिक्षा, स्वतंत्रता और शाकाहार को समाज का आधार मानते थे। उनकी आंखों में सभी मानवों के लिए प्रेम, करुणा, दया, सहिष्णुता और कल्याण के लिए स्थान था। वह सब का भला चाहते थे, भले ही उन्हें उनके लिए दुख सहने पड़ते हों। असहायों, दुखियों, रोगियों, दलितों, गरीबों और अंधकार में भटक रहे अज्ञानी लोगों के लिए उन्होंने वह सब-कुछ किया, जो वह कर सकते थे। सत्यार्थ प्रकाश, संस्कार विधि, ऋग्वेदादिभाष्य भूमिका और वेदांजलि में महर्षि दयानंद ने मानव के जीवन के हर पक्ष को मजबूत बनाने और उन्नति करने के सभी तरह के सूत्र और विचार दिए हैं। वह मत मतांतरों की आलोचना उनके सुधार के मद्देजनर करते हैं। वह जितना हिंदुओं के सुधार की बात करते हैं, उतना ही दूसरे मत पंथों की भी।

(लेखक वरिष्ठ स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# चरित्र गठन की विशाल व्यायामशाला है संसार



संकलित
## दर्शन

अच्छा है, ना बुरा। प्रत्येक मनुष्य अपने लिए अपना-अपना संसार बना लेता है। हमारी मानसिक अवस्था के अनुसार ही हमें यह संसार भला या बुरा प्रतीत होता है। अग्नि स्वयं में अच्छी है न बुरी। जब यह हमें गर्म रखती है, तो हम कहते हैं यह कितनी अच्छी है, जब हमारी अंगुली जल जाती है, तो हम इसे दोष देते हैं। यही हाल संसार का है। संसार स्वयं पूर्ण है। पूर्ण का अर्थ यह है कि इसमें अपने सभी प्रयोजन पूर्ण करने की क्षमता है। हमें जान लेना चाहिए कि हमारे बिना भी यह संसार बड़े मजे से चलता जाएगा। हमें उसकी सहायता करने के लिए माथापच्ची करने की आवश्यकता नहीं। परंतु फिर भी हमें सदैव परोपकार करते ही रहना चाहिए। यदि हम सदैव यह ध्यान रखें कि दूसरों की सहायता करना एक सौभाग्य है, तो परोपकार करने की इच्छा एक सर्वोत्तम प्रेरणा शक्ति है। एक दाता के ऊंचे आसन पर खड़े होकर और अपने हाथ में दो पैसे लेकर यह मत कहो, 'ऐ भिखारी, ले, मैं तुझे यह देता हूं। तुम स्वयं इस बात के लिए कृतज्ञ हो जाओ कि इस संसार में तुम्हें अपनी दयालुता का प्रयोग करने और इस प्रकार पूर्ण होने का अवसर प्राप्त हुआ। धन पाने वाला नहीं, देने वाला होता है। भलाई के सभी कार्य हमें शुद्ध और पूर्ण बनाने में सहायता करते हैं। यह संसार न तो तुम्हारी सहायता का भूखा है और ना मेरी। परंतु फिर भी हमें निरंतर कार्य करते रहना चाहिए, परोपकार करते रहना चाहिए। क्योंकि इससे हमारा ही भला है।

# मुश्किल समय में मन अस्थिर हो जाता है



संकलित
## प्रेरणा

गौतम बुद्ध यात्राएं करते रहते थे। यात्रा में उनके शिष्य भी साथ रहते थे। एक दिन वे अपने शिष्य आनंद के साथ यात्रा कर रहे थे। यात्रा करते हुए वे एक जंगल से गुजर रहे थे। उन्हें चलते-चलते काफी समय हो गया था। काफी चलने की वजह से वे थक गए थे। आराम के लिए वे एक जगह रुके। बुद्ध ने शिष्य आनंद से कहा कि प्यास लगी है, पास में से ही एक झरने के बहने की आवाज आ रही है, वहां जाकर पीने का पानी ले आओ। बुद्ध की आज्ञा मिलने के बाद आनंद झरने के पास पहुंच गया। वहां पहुंचकर आनंद ने देखा कि एक बैलगाड़ी पानी में से गुजरी है तो पहियों की वजह से पानी बहुत गंदा हो गया है। पानी में मिट्टी दिख रही थी, पानी पीने लायक नहीं था। आनंद गंदा पानी देखकर लौट आया। आनंद ने लौटकर बुद्ध से कहा कि तथागत, वहां का पानी तो बहुत गंदा है, पीने लायक नहीं है। बुद्ध ने कहा कि अब तुम कुछ देर बाद फिर से जाना। इस बार तुम्हें अच्छा पानी मिल जाएगा। बुद्ध की बात मानकर आनंद कुछ देर बाद फिर से पानी लेने पहुंच गया। इस बार पानी शांत था, पानी में कोई हलचल नहीं थी। पानी एकदम साफ दिख रहा था। आनंद ने तुरंत ही पीने के लिए पानी भरा और बुद्ध के पास लौट आया। बुद्ध ने पानी पीकर आनंद से कहा कि हमारे जीवन में भी कई बार ऐसी स्थितियां बन जाती हैं। मन तनाव की वजह से अशांत हो जाता है। अशांति गंदे पानी की तरह है। जब तक मन अशांत रहता है, तब तक हमें कोई निर्णय नहीं लेना चाहिए।

## सटाका




## आज की पाती

### केजरीवाल की राजनीतिक परिपक्वता

देश के लाखों-लाख लोग लगातार टकटकी लगाकर ताक लगाए बैठे थे कि दिल्ली विधानसभा में बड़ी पराजय के बाद अरविंद केजरीवाल क्या-क्या कहने और आरोप लगाने वाले हैं! उनसे बहुत नकारात्मक और तर्कहीन बातों-आरोपों की आशाएं व अपेक्षाएं लगा रखी थीं लाखों लोगों ने। परंतु अप्रत्याशित और आश्चर्यजनक रूप से केजरीवाल ने विनम्रता का प्रदर्शन करते हुए जनादेश का स्वागत कर डाला। मैं अधिकतर अवसरों पर केजरीवाल की कुछ नकारात्मक किस्म की राजनीति का विरोधी रहा हूं। मुझे भी केजरीवाल की ऐसी प्रतिक्रिया पर आश्चर्य हुआ। इस तरह का सकारात्मक रुख अपनाकर केजरीवाल यह संदेश देने में सफल रहे कि वो राजनीति में अब परिपक्व हो गए हैं। *मनोज पाठक, दुर्ग*

## करंट अफेयर

# ट्रंप ने विदेशों में भ्रष्टाचार विरोधी कानून स्थगित किया

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने करीब 50 साल पुराने फॉरेन करप्ट प्रैक्टिसेस एक्ट को निलंबित कर दिया है। इससे अमेरिकियों के लिए विदेशों में व्यापार के लिए रिश्वत देना अपराध नहीं रहेगा। रॉयटर्स के मुताबिक ट्रम्प ने अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी को इस कानून के तहत दिए गए फैसलों की समीक्षा करने के लिए गाइडलाइन्स बनाने का निर्देश दिया है। ट्रंप ने आदेश दिया। अमेरिकी जस्टिस डिपार्टमेंट पर इस बात की जांच कर रहा है कि क्या अडानी समूह ने का उल्लंघन किया है। यह कानून अमेरिकी संस्थाओं को विदेशी अधिकारियों को रिश्वत देने से रोकता है। ट्रम्प द्वारा इस कानून को स्थिगित करने से अमेरिका में अडाणी के खिलाफ चल रही जांच में देरी हो सकती है। अडाणी पर अरबों की धोखाधड़ी के आरोप पिछले साल अमेरिका में उद्योगपति गौतम अडाणी समेत 8 लोगों पर अरबों रुपए की धोखाधड़ी के आरोप लगे थे। आरोप पत्र के मुताबिक अडाणी की कंपनी ने भारत में रिन्यूएबल एनर्जी के प्रोजेक्ट गलत तरीके से हासिल किए। इसके लिए सरकारी अधिकारियों को 250 मिलियन डॉलर यानी करीब 2,029 करोड़ रुपए रिश्वत देने की योजना बनाई।



## ऑफ बीट

# गर्म हो रही है समुद्र तल पर ठंडे पानी की परत

अंटार्कटिक में हमारे नए शोध से पता चलता है कि समुद्र तल पर ठंडे पानी की महत्वपूर्ण परत, जो दुनिया को घुमाती है और ज्यादातर वायुमंडलीय गर्मी और ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन को सोखने की समुद्र की क्षमता को बनाए रखने में मदद करती है, अब गर्म हो रही है और सिकुड़ रही है। इनमें से अधिकांश मानव निर्मित जलवायु परिवर्तन का परिणाम है, जो अंटार्कटिक बर्फ की परतों को पिघला रहा है और इस संचलन को नियंत्रित करने वाली जटिल प्रणाली को बाधित कर रहा है। लेकिन ऐसा प्रतीत होता है, जहां तक पिछले 30 वर्षों का संबंध है, देखे गए परिवर्तनों के लिए एक प्राकृतिक चक्र आंशिक रूप से जिम्मेदार हो सकता है। औद्योगिक युग की शुरुआत के बाद से मानव द्वारा उत्पादित अतिरिक्त गर्मी का 90% से अधिक और अतिरक्त कार्बन डाइआक्साइड का लगभग 30% समुद्र ने अवशोषित किया है। इसने पृथ्वी की सतह पर जहाँ हम रहते हैं, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को बहुत कम कर दिया है। वायुमंडल और महासागर के बीच गैसों और गर्मी का अधिकांश आदान-प्रदान दक्षिणी महासागर में अंटार्कटिका के आसपास पानी की जटिल ऊर्ध्वाधर गतिविधियों के माध्यम से होता है।



## ट्रेंड

### विनम्र श्रद्धांजलि



प्रखर राष्ट्रवादी विचारक, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि! समाज के अंतिम पायदान पर खड़े गरीबों, शोषितों, वंचितों के उत्थान और स्वावलंबी भारत के निर्माण हेतु समर्पित उनका जीवन हम सभी के लिए पाथेय है।
**- योगी आदित्यनाथ, सीएम, उप्र**

### गंदगी की सफ़ाई कराएं



संगम के मुख्य नहान स्थान पर हर तरफ़ फैली अपरंपार गंदगी की सफ़ाई का इंतज़ाम तुरंत किया जाए। ये गंदगी स्वच्छता और स्वास्थ्य दोनों तरह से बहुत हानिकारक है। इससे महाकुंभ की पवित्र-पावन छवि भी दूषित और धूमिल हो रही है।
**-अखिलेश यादव, सपा सांसद**

### मोटापे के ख़िलाफ़ लड़ाई



स्वस्थ रहने के लिए एथलीट या फिटनेस उत्साही होने की आवश्यकता नहीं है। मोटापे के ख़िलाफ़ लड़ाई एक ऐसी चीज़ है जिसका हमें डटकर सामना करना होगा।
**-नीरज चोपड़ा, भारतीय एथलीट**

### संसाधन खोजना अहम



अगले पांच वर्षों में दुनिया को केवल बैटरी उत्पादन की मांग को पूरा करने के लिए तांबे, लिथियम और कोबाल्ट की अधिक आवश्यकता होगी। जाहिर है, नई खदानें खोलना और अन्वेषण के माध्यम से अधिक संसाधन खोजना बहुत महत्वपूर्ण है।
**- अनिल अग्रवाल, उद्योगपति**

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
aapkepatra.haribhoomi@gmail.com
पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप



### प्रेस क्लब के अध्यक्ष बने उपेंद्र मालवीय

**औबेदुल्लागंज।** प्रेस क्लब के चुनाव की प्रक्रिया लंबे समय से प्रस्तावित थी। इसलिए प्रेस क्लब के संरक्षक एवं औबेदुल्लागंज के वरिष्ठ पत्रकार ऋषभ जैन द्वारा मंगलवार शाम 4 बजे बैठक में चुनाव प्रक्रिया को प्रारंभ किया गया। शाम 4:21 से 4:51 तक प्रत्याशियों के नाम निर्धारण एवं 4:52 से 5 बजे तक मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया संपन्न की गई। इसके बाद नवनिर्वाचित अध्यक्ष के रूप में उपेन्द्र मालवीय को नियुक्त किया गया। इसके बाद सभी सदस्यों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष उपेन्द्र मालवीय को शुभकामनाएं दी।

### पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि पर किया माल्यार्पण



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में भाजपा द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई गई। वार्ड 13 स्थित गोल्ड पार्क में पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर पुष्प माला अर्पित कर उनके आदर्शों पर चलने की प्रेरणा लेने का संकल्प लिया गया। इस मौके पर भाजपा के राजेन्द्र अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अरविन्द जैन, जिला उपाध्यक्ष जीवनसिंह पाल, जिला मंत्री प्रेमशंकर साहू भी उपस्थित थे। इधर, भाजपा के पदाधिकारी तथा कार्यकर्ताओं द्वारा शाम को नगर पालिका परिषद पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया।

### राजेंद्र अग्रवाल बने जिला प्रभारी



**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष राजेन्द्र अग्रवाल को जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा द्वारा भाजपा के समर्पण निधि (आजीवन सहयोग राशि) के आजीवन सहयोग निधि का प्रभारी बनाया गया है। उनके द्वारा जिले के सभी 27 मंडलों में मंडल प्रभारी नियुक्त कर समर्पण राशि एकत्रित की जाएगी।

### केक काटकर रतन मेघानी का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** व्यापार महासंघ के उपाध्यक्ष रतन मेघानी के जन्मदिन पर केक काटकर बधाई दी। अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोरा, विवेक मित्तल, अशोक सेठी, रमेश वासवानी, पंकज कोठारी, दिनेश सेन, बल्लू अरोरा, बंटी जोशी, नीरज चावला, रवि कमल, कैलाश डब्बू नागर, आशीष दीक्षित, विक्रम धाड़ी, मनोज मेघानी, दिलीप मेघानी, सोनू वासवानी, पंकज नागरानी, अमित राय, गिरीश चावला आदि लोगों ने जन्मदिन पर बधाई दी।

### देवानी को मिला ग्लोबल आइकन अवॉर्ड



**संतनगर।** बजरंग सेना समिति के अध्यक्ष कमलेश देवानी व वरिष्ठ समाजसेवी के उत्कृष्ट कार्य को देखते हुए ज्ञान उदय फाउंडेशन, कोटा राजस्थान की तरफ से 'ग्लोबल आइकन अवॉर्ड' देकर बधाई दी गई। ज्ञान उदय फाउंडेशन की पूरी टीम द्वारा देवानी को बधाई और शुभकामनाएं दी है।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 336 | 27 | 179 |
| रात: | 347 | 40 | 190 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 379 | 96 | 114 |
| रात: | 388 | 91 | 155 |

# निर्माणाधीन ओवरब्रिज से बिगड़ी नगर की ट्रैफिक व्यवस्था व्यापारी बोले- दशहरा मैदान पर की जाए वाहनों की पार्किंग

## एसडीएम ने व्यापारियों के साथ किया मुख्य मार्ग का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर



उपनगर बैरागढ़ में निर्माणाधीन ओवरब्रिज के कारण हो रही बाधित ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर व्यापारी चिंतित हैं। मुख्य मार्ग से वाहनों को निकलने में लोगों को परेशानी हो रही है। वहीं एसडीएम आदित्य जैन ने मंगलवार को व्यापारियों के साथ मुख्य मार्ग का निरीक्षण किया। इस दौरान व्यापारियों ने मांग रखी की जब तक ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है तब तक दशहरा मैदान पर पार्किंग की व्यवस्था की जाए, जिस एसडीएम ने भरोसा दिलाया कि वह इस संबंध में कलेक्टर और संबंधित अधिकारियों को पत्र लिखेंगे।

मालूम हो कि भोपाल इंदौर राजमार्ग पर पिछले कुछ समय से ओवर ब्रिज का निर्माण चल रहा है, जिसके कारण दोनों और की सड़क काफी सकरी हो गया है। हालाँकि जिला प्रशासन के निर्देशों के बाद वॉल्वो बसों को वाया गांधीनगर से चलाया जा रहा है, इसके बावजूद भी वाहनों की संख्या अधिक होने के कारण रोजाना ट्रैफिक बाधित हो रहा है।

### व्यापारियों ने एसडीएम के समक्ष रखी समस्याएं

कपड़ा संघ के अध्यक्ष कन्हैया इसरानी, नरेंद्र लालवानी वासदेव वाधवानी सहित कई व्यापारियों ने एसडीएम के समक्ष यह समस्या रखी, साथ ही मांग की है कि जब तक ओवरब्रिज बन नहीं जाता तब तक दशहरा मैदान पर पार्किंग की व्यवस्था की जाए। एसडीएम व व्यापारियों ने मल्टीलेवल पार्किंग स्थल का भी दौरा किया, वहां पर ऐसा देखा गया है कि कई वाहन काफी टाइम से पार्क किए गए हैं। अगर ऐसी स्थिति में जो ग्राहक आएंगे वो अपना वाहन कैसे पार्किंग करेंगे। इस समस्या पर भी एसडीएम का ध्यान अवगत कराया गया।

# निर्माणाधीन भवन की तीसरी मंजिल से गिरकर सुपरवाइजर की मौत

## हादसे में हुई लापरवाही की पुलिस कर रही जांच

◆ पुलिस ने महाविद्यालय प्रबंधन से ठेकेदार को लेकर जानकारी तलब की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रायसेन रोड स्थित एक निजी इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माणाधीन छात्रावास में काम कर रहे एक सुपरवाइजर की तीसरी मंजिल से गिरने की वजह से मौत हो गई। पुलिस ने मंगलवार को पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में पुलिस द्वारा महाविद्यालय प्रबंधन से ठेकेदार को लेकर जानकारी तलब की गई है।

पुलिस के मुताबिक प्रभातम हाईटस पटेल नगर निवासी 30 वर्षीय गगन पिता दीनानाथ गर्ग एक ठेकेदार के यहां सुपरवाइजर का काम करता था। वह सोमवार की दोपहर एलएनसीटी के निर्माणाधीन हॉस्टल पर काम कर रहा था। इसी दौरान उसका तीसरी मंजिल पर पैर फिसल गया, जिससे वह नीचे गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहां काम कर रहे मजदूर उसे अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान रात में ही उसकी मौत हो गई।

**ठेकेदार की लापरवाही आ रही सामने**

गिरते समय मृतक ने हेलमेट भी पहना हुआ था। पुलिस की शुरुआती जांच में ठेकेदार की लापरवाही सामने आ रही है। पुलिस ने एलएनसीटी प्रबंधन से ठेकेदार से हुए अनुबंध को लेकर जानकारी मांगी है। पुलिस का कहना है मामले की जांच की जा रही है। जांच में आए तथ्यों के आधार पर आगे एक्शन लिया जाएगा।

## 11 दिवसीय अभियान का साइबर मेले के साथ हुआ समापन

# 'सेफ क्लिक' अभियान के जरिए जाना ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव का तरीका

### ग्रामीण क्षेत्रों में साइबर अपराध रोकथाम पर विशेष जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 1 फरवरी से 11 फरवरी तक साइबर सेफ क्लिक इंटरनेट डे के अंतर्गत एक राज्य व्यापी और प्रभावशाली अभियान का आयोजन किया गया। इस अभियान का शुभारंभ 1 फरवरी को डीजीपी कैलाश मकवाणा ने किया था। पुलिस अफसरों का कहना है कि इस 11 दिवसीय साइबर सुरक्षा जन जागरुकता अभियान 'सेफ क्लिक' को प्रदेशभर में जबरदस्त समर्थन मिला। इस अभियान का उद्देश्य डिजिटल युग में नागरिकों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित इंटरनेट उपयोग को बढ़ावा देना है।

इस अभियान में 1 फरवरी से 11 फरवरी तक सुरक्षित क्लिक-सुरक्षित जीवन थीम पर जागरुकता अभियान पूरे प्रदेश में संचलित किया गया। अभियान में नुक्कड़ नाटक, क्विज प्रतियोगिताएं, जनसंवाद, साइबर सुरक्षा कार्यशालाएं और जागरुकता रैलियां आयोजित की गई, जिनमें लाखों विद्यार्थियों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों, किसानों एवं व्यापारियों को जागरूक किया गया। साइबर अपराध जैसे फिशिंग, ऑनलाइन धोखाधड़ी, सोशल मीडिया दुरुपयोग, बैंकिंग फ्रॉड और डिजिटल पेमेंट से जुड़े सुरक्षा उपायों पर भी विशेष जोर दिया गया। डीजीपी ने अभियान को सफल एवं और अधिक प्रभावी बनाने के लिए अधिक से अधिक लोगों को भाग लेने की अपील की थी। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों से बचाव के लिए समाज के हर वर्ग को डिजिटल जागरूक रहने की आवश्यकता है।

**हैशटैग कैंपेन भी चलाया गया**

अभियान के तहत विशेष हैशटैग कैंपेन चलाया गया, जिसने लाखों डिजिटल उपभोक्ताओं तक पहुंच बनाई। इस प्रयास के माध्यम से युवाओं और इंटरनेट उपयोगकर्ताओं को साइबर खतरों से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई और उन्हें डिजिटल सुरक्षा के प्रति सजग रहने के लिए प्रेरित किया गया।

**सतर्कता से करें फेसबुक, एक्स और इंस्ट्राग्राम का उपयोग**

साइबर सुरक्षा को लेकर नागरिकों में जागरुकता बढ़ाने के लिए व्यापक जनजागृति अभियान चलाया गया, जिसमें आधुनिक प्रचार-प्रसार के संसाधनों का भरपूर उपयोग किया गया। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता सोशल मीडिया प्लेटफार्म्स पर इसका प्रभावशाली प्रचार था। फेसबुक, एक्स, इंस्टाग्राम, एफएम रेडियो और यूट्यूब जैसे प्रमुख डिजिटल माध्यमों का उपयोग करते हुए विशेष सामग्री पोस्ट की गई। इन पोस्ट्स में इन्फोग्राफिक्स, वीडियो, ऑडियो, लाइव सेशंस, साइबर सुरक्षा डॉक्यूमेंट्री, वेबिनार, लाइव सेमिनार, पॉडकास्ट और शॉर्ट फिल्मों को शामिल किया गया।

**विशेषज्ञों ने बताए साइबर अपराधों से बचने के उपाय**

इस अभियान में रियल-टाइम अपडेट्स और इंटरएक्टिव सेशंस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विशेषज्ञों द्वारा लाइव वेबिनार आयोजित किए गए, जिसमें साइबर सुरक्षा विशेषज्ञों, सरकारी अधिकारियों और डिजिटल विशेषज्ञों ने साइबर अपराधों से बचने के उपायों पर मार्गदर्शन दिया। सरकारी संगठनों, शैक्षणिक संस्थानों और निजी क्षेत्रों के सहयोग से चलाए गए इस अभियान को व्यापक समर्थन मिला। आम नागरिकों ने भी सोशल मीडिया पोस्ट्स और शेयरिंग के माध्यम से इस पहल को आगे बढ़ाया, जिससे जागरुकता अभियान और अधिक प्रभावी बना।

# राजगढ़ में हुए हादसे के मर्ग की सूखी सेवनिया थाना पुलिस कर रही जांच

अस्पताल प्रबंधन की गलती से उलझा मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अस्पताल की चूक के चलते राजगढ़ जिले में सड़क हादसे में हुई मौत की घटना सूखी सेवनिया पुलिस के गले आ पड़ी। यह स्पष्ट होने के बाद कि हादसा राजगढ़ जिले के देवगढ़ चौकी क्षेत्र में हुआ था, अब केस डायरी वहां भेजी जा रही है।

पुलिस के मुताबिक कलरसिटी गनेश नगर, महाराष्ट्र निवासी 52 वर्षीय इनामउल्ला पुत्र अकील उर रहमान 4 फरवरी को अपने मामा के लड़के कैफ और वाहन चालक अजीम के साथ मारुति वैन से उप्र के आजमगढ़ जा रहे थे। वहां पर मृतक के मामा के लड़के की शादी थी। रास्ते में राजगढ़ जिले के कुरावर थाने की देवगढ़ चौकी से करीब दो किलोमीटर दूर टायर फटने से मारुति वेन पलट गई और उसमें सवार तीनों लोग घायल हो गए।

इस दौरान इनामउल्ला को गंभीर चोटें आई थी, इसलिए उसे भोपाल रेफर कर दिया गया। यहां एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मंगलवार तड़के उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने घटना स्थल ईंटखेड़ी के आगे का मानते हुए सूखी सेवनिया पुलिस को मर्ग की सूचना दे दी।

मर्ग कायम कर जब जांच शुरू की गई तो पता चला कि दुर्घटना राजगढ़ जिले में हुई थी। अहम बात यह है कि दुर्घटनाग्रस्त कार भी संबधित थाने में ही खड़ी हुई है। इसके बाद अब डायरी संबधित जिले को भेजी जा रही है।

### मकान मालिक ने ताला तोड़कर सामान करा दिया गायब

**भोपाल।** गांधी नगर इलाके में एक मकान मालिक ने अपने किराएदार का सामान गायब करा दिया। दरसल पहले से किराएदार से मकान खाली करने को लेकर विवाद चल रहा था।

पुलिस के मुताबिक पुष्पा मिश्रा अनमोल सिटी में गोविंदराम तोलानी के मकान में रहती है। उनका किराया अनुबंध सामाप्त होने के कारण मकान मालिक खाली करने का दबाव बना रहा था। इसको लेकर दोनों के बीच काफी समय से विवाद चल रहा था। महिला जब किसी काम से शहर से बाहर गई तो मौका पाकर मकान मालिक ने ताला तोड़ दिया। वहीं मकान में रखा पूरा घरेलू सामान निकाल लिया। जब बाहर से महिला लौटी तो देखा कि ताला टूटा था और सामान गायब मिला। उन्होंने थाने में मकान मालिक के खिलाफ शिकायती आवेदन दिया।

## युवती की शिकायत पर आरोपी गिरफ्तार

# लिव इन पार्टनर शादी से मुकरा तो दर्ज कराया दुष्कर्म का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

ऐशबाग इलाके में एक युवती द्वारा लिव इन पार्टनर के खिलाफ दुष्कर्म का मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। पीड़िता का आरोपी से एक साल पहले ही परिचय हुआ था।

पुलिस के मुताबिक पीड़िता मूलतः रायसेन जिले की रहने वाली है और वह यहां पर किराए के मकान में रहकर प्राइवेट जॉब करती है। यहां उसकी एक अन्य युवती से दोस्ती हो गई थी। उसी युवती ने आरोपी अमीन अली से परिचय कराया था। इसके बाद दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। लगातार मिलने जुलने और प्रेम प्रसंग की वजह से दोनों लिवइन रिलेशन में रहने लगे। इस दौरान आरोपी ने उससे शादी करने का बोलकर कई बार शारीरिक संबंध भी बनाए। इसके बाद जब युवती ने शादी की बात कही तो आरोपी अमीन अली ने शादी करने से इंकार कर दिया। साथ ही पीड़िता ने जब विरोध किया तो वह उसको बदनाम करने की धमकी देने लगा। इसके बाद पीड़िता ने पुलिस से शिकायत कर दी, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

**पीड़िता का आरोपी से एक साल पहले ही हुआ था परिचय**

# अवैध गैस सिलेंडर रिफिलिंग दुकान से 29 गैस सिलेंडर, एक मारुति वैन जब्त

◆ आपूर्ति विभाग ने की छापामार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज





कलेक्टर रायसेन के निर्देशों पर सहायक आपूर्ति अधिकारी औबेदुल्लागंज संदीप भार्गव एवं कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी रायसेन की संयुक्त जांच दल द्वारा मंडीदीप नयापुरा ब्रिज स्थित सान कॉप्लेक्स के पास 2 संस्थाओं की जांच की गई, जिसमें एक मारुति बैन, विभिन्न कम्पनियों के 25 घरेलू गैस सिलेंडर, गैस रिफलिंग करने वाली पीतल की 4 नोजल, बजन करने मशीन जब्त की गई।

इन संस्थाओं के दुकानदार दिनेश मीणा, मोहम्मद नईम तथा मारुति बैन के चालक अब्दुल सलीम द्वारा घरेलू गैस का अवैध विक्रय किया जाना पाया गया। इसके अतिरिक्त जांच दल द्वारा औबेदुल्लागंज एचपी पेट्रोलपंप के पास मो. जुनैद की दुकान की जांच की गई, जिसमें 4 घरेलू गैस सिलेंडर, 3 नग गैस अंतरण की पीतल की नोजल तथा लोकल कंपनी के गैस सिलेंडर अवैध रूप से रखा होना पाए जाने पर जब्त किए गए। अवैध गैस सिलेंडर रिफलिंग के विरुद्ध कार्रवाई क्षेत्र में निरंतर चालू रहेगी।



### भाजपा मंडल ने मनाई पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा मंडल औबेदुल्लागंज ने पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनाई एवं समर्पण निधि को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा, वरिष्ठ नेता कन्हैया नंदवंशी, मांझी प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेश संयोजक डॉ. कैलाश विनय, सुरजीत सिंह बिल्ले, देवेंद्र सिंह राजू, पंकज कोठारी, जनपद सदस्य सुलेखा चौहान, माधव यादव, दीपू परमार, माखन परमार, बागिश अग्रवाल आदि मौजूद थे।

### पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर फैलाया जा रहा भ्रम: पटेल

**भोपाल।** मध्य प्रदेश पिछड़ा वर्ग संयुक्त संघर्ष मोर्चा के संरक्षक भुवनेश पटेल, मप्र महिला कांग्रेस अध्यक्ष विभा पटेल, एडवोकेट तुलसीराम पटेल और एडवोकेड रामेश्वर ठाकुर ने कहा कि पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर भ्रम फैलाया जा रहा है। दरअसल किसी याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कोई स्टे ऑर्डर नहीं दिया है। तथ्यों को तोड़ मरोड़ कर प्रचारित किया जा रहा है। इसके लिए महाधिवक्ता दोषी है। उनकी लापरवाही के कारण लाखों ओबीसी युवा का भविष्य खतरे में पड़ गया, क्योंकि उन्हें 27 फीसदी आरक्षण का लाभ भर्ती में नहीं मिल रहा है।

मोर्चा नेताओं ने बताया कि पिछड़ा वर्ग आरक्षण मामेले में वैधानिक स्थिति स्पष्ट की है। मोर्चा के संरक्षक भुवनेश पटेल ने कहा कि वस्तुस्थिति यह है कि याचिका क्रमांक 3668/2022 पीएससी के एक अनुसूचित जाति वर्ग का अभ्यर्थी है, जिसने पीएससी 2020 के रिजल्ट 13 प्रतिशत होल्ड अनारक्षित वर्ग की वैधानिकता को चुनौती दी गई थी, जिसे जस्टिस शील नागू ने खारिज कर दिया। याचिका क्रमांक 3368/2022 में पारित अन्तरिम आदेश 4 मई 2022 का हवाला दिया जा रहा है, जबकि उक्त याचिका की केस स्टेटस डिस्पोजाफ है।

### अपहरण के मामले में फरार बदमाश गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अपहरण और मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे कुख्यात बदमाश को पकड़ा है। पुलिस ने उस पर तीन हजार का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी पर पूर्व में डेढ़ दर्जन से अधिक प्रकरण दर्ज है। पूरा मामला यह है कि विगत 13 अगस्त को एक्टिवा सवार बदमाशों ने चाकू की नोक पर दानिश खान को अगवा कर लिया था। इसके बाद उसके साथ मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने तीन बदमाशों को पकड़ कर उनके कब्जे से बंधक को छुड़ा लिया था।

वहीं चौथा बदमाश शाहिद फरार हो गया था जिस पर पुलिस ने 3 हजार का इनाम रखा था। इस दौरान पुलिस को जानकारी मिली की आरोपी प्लेटफार्म नंबर 6 पर घूमता पाया गया है। पुलिस ने तत्काल दबिश देकर उसे अपनी गिरफ्त में ले लिया। बदमाशा आदतन अपराधी है और निशातपुरा का रहने वाला है। उसके खिलाफ राजधानी के विभिन्न थानों में 20 से अधिक आपराधिक मामले दर्ज है।

## मप्र मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान, रिपोर्ट भी तलब

# राजधानी में संचालित हाईटेंशन लाइन के नीचे मैरिज गार्डन कलेक्टर, सीएमडी, नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल जिले के चार मामलों में संज्ञान लिया है। पहला मामला अवैध रूप से संचालित मैरिज गार्डनों के हाईटेंशन लाइन के नीचे संचालित होने का है। मामले में कलेक्टर, सीएमडी, मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत विकलि और नगर निगम आयुक्त को जांच के निर्देश दिए हैं।

आयोग के संज्ञान में आया है कि भोपाल शहर के हलालपुर रोड से लगे कई मैरिज गार्डनों के पीछे अवैध रूप से संचालित होने वाले तीन से अधिक मैरिज गार्डन हाईटेंशन लाइन के नीचे संचालित हो रहे हैं। हाईटेंशन लाइनों के नीचे ही आए दिन विवाह समारोह भी आयोजित हो रहे हैं। इस कारण समारोह में आने वाले लोगों की जान को खतरा बना हुआ है एवं बड़ा हादसा होने का डर बना रहता है।

**आयोग ने अधिकारियों से पूछे यह सवाल**

- कितने मैरिज गार्डन हलालपुर रोड पर अवैध रूप से संचालित हो रहे है ?
- ऐसे मैरिज गार्डन्स पर विद्युत कनेक्शन किन परिस्थितियों और शर्तो पर दिए गए हैं ?
- ऐसे कितने मैरिज गार्डन्स के ऊपर से हाईटेंशन विद्युत लाइन जा रही है और क्या ऐसी स्थिति ऐसे मैरिज गार्डन्स के उपयोग के दौरान जन सुविधा के लिए जोखिमपूर्ण है ?
- हाईटेंशन लाइन के नीचे ऐसे मैरिज गार्डन्स के लिए भवन आदि के निर्माण की अनुमति किन परिस्थितियों और शर्तो पर दी गई है ?
- ऐसे मैरिज गार्डन्स को बन्द करने या हटाने के संबंध में क्या कार्रवाई की गई है ?
- जन सुरक्षा एवं अन्य हानि को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई है?

**इन मामलों में भी जांच के निर्देश**

आयोग ने भोपाल शहर के निशातपुरा स्थित पन्ना नगर के एक रहवासी को अपनी कार चोरी की एफआईआर लिखाने के लिए विगत दस दिनों से पुलिस थाने में भटकने, प्रशासन अकादमी के सामने स्थित शाहपुरा तालाब किनारे लगे कई खंभे लोगों के लिए खतरा बने होने और वार्ड क्रं 52 में स्थित शाहपुरा थाने के सामने बनी रघुनाथ कॉलोनी से लगकर श्रीराम शरणम् कॉलोनी के रहवासियों को आवाजाही के लिए परेशान होने के मामले में संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को जांच के निर्देश दिए हैं।

# कलेक्टर का आदेश... शिक्षकों को अब अपनी मूल शाला में वापस जाना होगा

## अटैचमेंट पर काम कर रहे शिक्षकों की व्यवस्था खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप




औद्योगिक नगर में अपनी सुविधा के अनुसार पास के स्कूलों में अटैचमेंट पर काम कर रहे शिक्षकों को अब अपनी मूल शाला में वापस जाना होगा। कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा ने जिला शिक्षा अधिकारी को इस संबंध में कड़े निर्देश जारी किए हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने इस आदेश को तुरंत लागू करते हुए सभी हाई स्कूल और हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्यों तथा संकुल प्राचार्यों को निर्देश भेज दिए हैं।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि जिन शालाओं में अस्थाई शैक्षणिक व्यवस्था के तहत शिक्षकों को नियुक्त किया गया था, उन सभी व्यवस्थाओं को तत्काल प्रभाव से समाप्त किया जाता है। यह कार्रवाई उन शिक्षकों पर केंद्रित है जो अपने गृह नगर से दूर पदस्थापना होने पर नजदीकी स्कूलों में व्यवस्था के नाम पर कार्यरत हैं। कई शिक्षकों को अस्थाई व्यवस्था के तहत अटैच किया गया था, जिन्हें अब अनिवार्य रूप से अपने मूल स्कूल में उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

12 फरवरी को होना था जारी, एनटीए ने एक दिन पहले ही कर दिया घोषित

# जेईई मेन्स 2025 का रिजल्ट जारी, 14 को मिले शत-प्रतिशत अंक, मप्र टॉप 10 की सूची से बाहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मंगलवार को जेईई मेन्स 2025 सेशन-एक के प्रथम पेपर बीटेक बीई का रिजल्ट घोषित कर दिया गया है। जारी इंफार्मेशन बुलेटिन के अनुसार जेईई मेन रिजल्ट 12 फरवरी तक जारी होना था। एनटीए ने डेडलाइन से एक दिन पहले ही रिजल्ट घोषित जारी कर दिया है। जेईई मेन 2025 परीक्षा में 14 विद्यार्थियों को 100 परसेंटाइल यानि शत प्रतिशत अंक मिले हैं। इन सभी 14 में से सबसे अधिक 5 विद्यार्थी राजस्थान से हैं।

2 दिल्ली से, 2 उत्तर प्रदेश, एक-एक कर्नाटक, महाराष्ट्र, गुजरात, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से है। इस सूची से मध्य प्रदेश बाहर रहा है। इस साल जेईई मेन पेपर-वन बीई बीटेक के लिए 13,11, 544 विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था, इनमें से 12,58,136 ने परीक्षा में भाग लिया। उपस्थिति कुल 95.93 फीसदी रही। इसके लिए परीक्षा 22, 23, 24, 28 और 29 जनवरी 2025 को देश भर में 13 भाषाओं में आयोजित की गई थी।

## इन्होंने हासिल किए शत-प्रतिशत मार्क्स

- *आयुष सिंघल - राजस्थान*
- *रजित गुप्ता - राजस्थान*
- *सक्षम जिंदल - राजस्थान*
- *अर्णव सिंह - राजस्थान*
- *एसएम प्रकाश बेहरा - राजस्थान*
- *कुशाग्र गुप्ता -कर्नाटक*
- *दक्ष - दिल्ली (एनसीटी)*
- *हर्षझा- दिल्ली (एनसीटी)*
- *श्रेयस लोहिया-उत्तर प्रदेश*
- *सौरव - उत्तर प्रदेश*
- *विशाद जैन - महाराष्ट्र*
- *शिवेन विकास तोषनीवाल-गुजरात*
- *साईं मनोग्ना गुथिकोंडा - आंध्र प्रदेश*
- *बानी ब्रता माजी- तेलंगाना*

## भोपाल के रोहित बेदी और ध्रुव पुणेकर का हुआ चयन

**यह बोले राजधानी के टॉपर**

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एनटीए द्वारा मंगलवार को जेईई मेन सेशन 1 परीक्षा परिणाम की घोषणा की गई, जिसमें भोपाल से रोहित बेदी और ध्रुव पुणेकर का चयन हुआ है। जिन्होंने क्रमशः 99.98 एवं 99.9 परसेंटाइल लाकर सफलता अर्जित की हरिभूमि से बातचीत में इन्होंने अपनी सफलता का राज बताया।

### मम्मी-पापा का मेरी सफलता में बहुत बड़ा योगदान



99.98 परसेंटाइल लाने वाले भोपाल के रोहित बेदी ने कहा कि यह मेरा पहला प्रयास था और इसमें मेरा सिलेक्शन होना मेरे लिए बहुत खुशी की बात है। संकल्प पब्लिक स्कूल से स्टडी करने वाले रोहित का कहना है कि मेरा शुरू से ही सपना था कि मुझे आईआईटियन बना है और इसीलिए मैंने 11वीं क्लास से ही प्रिपरेशन स्टार्ट कर दी थी, कोचिंग ज्वाइन की थी, जिसमें मैं रोजाना 7 से 8 घंटे स्टडी करता था और एग्जाम टाइम में तो मैं करीब 12 घंटे तक पढ़ाई करता था। रोहित कहते हैं कि मेरे मम्मी-पापा का भी मेरी सफलता में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने मुझे बहुत सपोट किया। कई बार पढ़ते-पढ़ते बोर हो जाता था तो वह मुझे काफी मोटिवेट करते थे और हमेशा सपोर्ट करते थे।

हरिभूमि चर्चा

### एग्जाम टाइम में करता था 14 घंटे तक पढ़ाई



99.9% परसेंटाइल लाने वाले ध्रुव पुणेकर ने कहा कि यह मेरा फर्स्ट अटेम्प्ट था और इसमें मेरा सिलेक्शन हो गया। मेरा बचपन से ही सपना था कि मुझे एक आईआईटियन बनना है और उसी की कड़ी में यह एक मेरी सफलता है। बोनाफाइड स्कूल से पढ़ने वाले ध्रुव ने कहा कि मेरे पिता नवोद्‌य विद्यालय में टीचर हैं और मां गृहणी हैं और उन दोनों का ही मेरी शिक्षा में बहुत बड़ा योगदान है। उन्होंने कहा कि मैं रोजाना 10 घंटे पढ़ाई करता था और इसके अलावा एग्जाम टाइम में मैं 14-14 घंटे पढ़ता था तब जाकर मेरा सिलेक्शन जेईई मेंस में हो पाया है।

कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई में 146 लोगों ने दिया शिकायती आवेदन

# महिला आरक्षक को घर से निकाला बेटे को छीनकर ससुर को सौंपा

*आरक्षक पति ने कर ली दूसरी शादी पीड़िता ने दर्ज कराई शिकायत*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



मेरे पति ने मारपीट कर मुझे घर से निकाल दिया है। बेटे को भी छीनकर ससुर को दे दिया। इसके साथ ही आरक्षक पति ने दूसरी शादी भी कर ली है। यह बात मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई के दौरान एक महिला आरक्षक ने बताई। महिला की शिकायत सुनने के बाद अपर कलेक्टर अंकुर मेश्राम ने मामले की जांच पुलिस अधिकारियों को सौंपी है।

मंगलवार को जनसुनवाई में 146 लोगों ने शिकायती आवेदन पेश कर मदद की गुहार लगाई। चूना भट्टी निवासी एक महिला आरक्षक ने बताया कि उसकी शादी पुलिस आरक्षक विकास कुमार राणा से 2017 में हुई थी। शादी के बाद से वह पीड़िता को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। इसी बीच पति ने बेटे को डेढ़ वर्ष की उम्र में अपने माता-पिता को दे दिया और बाद में मुझे भी घर से निकाल दिया। इसके बाद विकास राणा ने मुझे तलाक दिए बिना बुलंदशहर उत्तर प्रदेश में एक युवती से शादी कर ली जो अपराध है। महिला ने आरक्षक पर सख्त कार्रवाई करते हुए उसे न्याय दिलाने की मांग की है।

### जोन अधिकारी ने दूसरे के नाम कर दिया नामांतरण

छोला इंदिरा सहायता नगर निवासी ओमिया काजले ने बताया कि मकान मालिक खुमान सिंह ने मृत्यु से पहले मकान उनके नाम कर दिया था। जिसके नामांतरण की कार्रवाई भी की जा चुकी है, जिसके बदले में कुल तीन हजार 375 रुपए दिए गए हैं। इसके बाद भी जोन तीन के जोन अधिकारी ने नामांतरण में मेरा नाम न दर्ज करते हुए किसी अन्य के नाम कर दिया है।

### महिला ने दो पतियों से मांगा खर्च

कृष्णा नगर कोच फैक्ट्री निवासी महिला ने शिकायत दर्ज कराई है कि पूर्व में मेरा विवाह मोहन अहिरवार से हुआ था, कुछ समय बाद पति का देहांत हो गया। इसके बाद परिवार के लोगों ने मेरा पुनर्विवाह करा दिया। जिससे मेरे दो पुत्र हैं। पति लंबे समय से मुझे भरण पोषण नहीं दे रहा था, जिसको लेकर मैंने न्यायालय में केस लगाया है। वकील ने मुझे हर्जाना दिलाने के लिए तीन लाख रुपए फीस ले ली। तलाक करा दिया गया। दोनों बच्चों को भी ललित जाटव को दिलवा दिया गया। इसके बाद मैं एक अन्य व्यक्ति के साथ लिव इन में रहने लगी, बाद में उसने विवाह किया, लेकिन वह भी मुझे छोड़कर चला गया। अब वह भी मुझे हर्जाना नहीं दे रहा है। महिला की शिकायत की जांच पुलिस को सौंपी गई है।

## श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में भक्तों ने ग्रहण किया प्रसाद



**भोपाल।** श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर छोला दशहरा मैदान में मंगलवार को आयोजित विशाल भंडारे में हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण कर हनुमानजी का आशीर्वाद प्राप्त किया। श्री खेड़ापति हनुमान मंदिर में शिवहरे परिवार द्वारा हर वर्ष विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। भंडारे में महापौर मालती राय ने पहुंचकर श्री खेड़ापति हनुमानजी का आशीर्वाद और प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे के आयोजक हरिमोहन शिवहरे, अशोक शिवहरे ने बताया कि सुबह मंदिर प्रांगण में भगवान श्री हनुमान जी महाराज का अभिषेक कर पूजा अर्चना की। श्री खेड़ापति हनुमानजी की आरती कर प्रसाद का भोग लगाकर भंडारा शुरू किया गया। हरिमोहन शिवहरे ने कहा कि ये भंडारा भगवान हनुमानजी की कृपा से आयोजित किया गया।

## अश्लेषा नक्षत्र और शोभन योग में आज मनाई जाएगी माघी पूर्णिमा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माघी पूर्णिमा बुधवार को अश्लेषा नक्षत्र और शोभन योग में मनाई जाएगी। माघ माह में पड़ने वाली पूर्णिमा का विशिष्ट महत्व है। मां चामुंडा दरबार के पुजारी गुरूजी पंडित रामजीवन दुबे ने बताया कि इस बार अश्लेषा नक्षत्र और शोभन योग में मनाई जाएगी। जोकि शुभता का प्रतीक है।

इस योग में स्नान, दान आदि धार्मिक कार्य का विशेष फल प्राप्त होता है। माघी पूर्णिमा को डांडा रोपिणी पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस दिन शहर में अनेक स्थानों पर होली का डांडा स्थापित करने का विधान है। मान्यता है कि इस दिन देवतागण पृथ्वी पर आते हैं। इस दिन स्नान और दान का विशेष महत्व है।

### उदया तिथि के चलते आज मनाई जाएगी पूर्णिमा

पूर्णिमा तिथि मंगलवार को शाम 6:55 बजे से प्रारंभ हो गई। जिसका समापन बुधवार को शाम 7:22 बजे होगा। ऐसे में उदया तिथि में माघ पूर्णिमा 12 फरवरी को रहेगी। पूर्णिमा तिथि पर स्नान-दान का शुभ मुहूर्त सुबह 5:19 बजे से सुबह 6:10 बजे तक। पूर्णिमा की तिथि शुभ मानी गई है।

मुख्यमंत्री से मिले चिकित्सक महासंघ पदाधिकारी

## मुख्यमंत्री ने डॉक्टरों से कहाः जल्द ही गठित की जाएगी उच्च स्तरीय समिति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश के चिकित्सकों की लंबित मांगों को लेकर चिकित्सक महासंघ के पदाधिकारियों ने मंगलवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की।

इस बैठक में विभिन्न चिकित्सा संगठनों के प्रतिनिधियों ने समयमान चयन वेतनमान, प्रशासनिक हस्तक्षेप, चिकित्सकों की सुरक्षा और प्रदेश के स्वास्थ्य सुधारों को लेकर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने मांगों पर विचार करने और नीतिगत समाधान के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा राष्ट्रीय टास्क फोर्स की सिफारिशों के अनुरूप चिकित्सकों की सुरक्षा वातावरण को बेहतर बनाने पर चर्चा हुई।

डिग्री लेकर राजनेता बनने का मौका

## आरएनटीयू में पॉलिटिकल लीडरशिप में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू, रजिस्ट्रेशन हुआ


हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सेंटर फॉर दि स्टडी ऑफ़ सोसाइटी एंड पॉलिटिक्स (सीएसएसपी) कानपुर और राजधानी स्थित रबीन्द्रनाथ टैगोर विवि के संयुक्त रूप से पॉलिटिकल लीडरशिप में सर्टिफिकेट कोर्स शुरू हो रहा है।

इसके माध्यम से भारत के युवाओं को राजनीतिक नेतृत्व के लिए ज्ञान और दक्षता प्रदान कर उनमें राजनीति को एक प्रोफेशन के रूप में स्वीकार करने की प्रेरणा मिलेगी। इसके लिए सेंटर फॉर दि स्टडी ऑफ सोसाइटी एंड पॉलिटिक्स कानपुर तथा रबीन्द्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी (आरएनटीयू) ने संयुक्त पहल करके इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल पॉलिटिक्स की स्थापना की है। इसके द्वारा राजनीतिक नेतृत्व और राजनीति के क्षेत्र में बहुत सारे रोजगार के कार्यक्रम संचालित करने का प्रस्ताव है। मंगलवार से पहले पाठ्यक्रम सर्टिफिकेट प्रोग्राम इन पॉलिटिकल लीडरशिप का पंजीकरण शुरू हुआ है।


*उद्योग लगाने के लिए सुगमता (ईओडीबी)इकोसिस्टम को बेहतर बनाने में मध्य प्रदेश लगातार अग्रणी रहा है। अपने प्रगतिशील सुधारों और कुशल शासन के लिए पहचाने जाने वाले राज्य को बिजनेस रिफॉर्म्स एक्शन प्लान (बीआरएपी) 2022 रैंकिंग में 'शीर्ष उपलब्धि प्राप्तकर्ताओं' में स्थान दिया गया है। यह पहल मध्यप्रदेश की व्यापार के अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है।*

# मध्यप्रदेश में उद्योग लगाना बेहद आसान यहां हर एक जरूरी सुविधाएं हैं मौजूद




**मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है**

*मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने जन विश्वास (प्रावधानों का संशोधन) विधेयक 2024 पेश किया है। यह विधेयक 5 विभागों द्वारा प्रशासित 8 राज्य अधिनियमों में 64 प्रावधानों को अपराधमुक्त करता है। इसका उद्देश्य राज्य में जीवन सुगमता और कारोबार सुगमता को और बढ़ाना है। इसके अलावा अनुपालन बोझ कम करने के लिए विनियमों को सुव्यवस्थित करना:37 विभागों में 2,483 अनुपालनों को कम किया गया। कानूनी सुधार:920 पुराने अधिनियमों को निरस्त किया गया और 67 प्रावधानों को अपराधमुक्त किया गया, जिससे एक सरलीकृत नियामक ढांचा सुनिश्चित किया गया।*

**व्यावसायिक संचालन में होती है सुगमता**

उद्योग स्वीकृतियांःमध्यप्रदेश उद्योगों की स्थापना एवं परिचालन का सरलीकरण अधिनियम 2023 के तहत तीन वर्षों के लिए 22 स्वीकृतियों/निरीक्षणों से 340 से अधिक उद्योगों को छूट प्रदान की गई। समझी गई स्वीकृतियों के तहत 30 दिनों के भीतर 11 लाख से अधिक आवेदनों पर कार्रवाई की गई, '30 दिनों में अपना व्यवसाय शुरू करें' पहल के तहत 20,000 से अधिकआवेदन स्वीकृत माने गए।




**साइबर तहसील**

*यह सभी 55 जिलों में कागज रहित, ऑनलाइन भूमि उत्परिवर्तन और रिकॉर्ड सुधार को सक्षम बनाता है।राजस्व केस प्रबंधन प्रणाली (आरसीएमएस) के माध्यम से 18.95 लाख से अधिक मामलों का समाधान करते हुए राजस्व सेवाओं को सुव्यवस्थित करता है।*

**लेबर केस प्रबंधन प्रणाली**

*मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य है जिसने श्रम संबंधी विवादों के समाधान के लिए देश में 'लेबर केस प्रबंधन प्रणाली' लागू की है।*



**समर्पित एकल खिड़की प्रणाली**

एक मजबूत एकल खिड़की प्रणाली (सिंगल विंडो सिस्टम) संचालित करता है जो 13 विभागों में 54 सेवाएं प्रदान करता है, जिससे निर्बाध अनुमोदन और स्वीकृतियां सुगम होती हैं। यह राष्ट्रीय एकल खिड़की प्रणाली (एनएसडब्ल्यूएस) और इंडिया इंडस्ट्रियल लैंड बैंक (आईआईएलबी) के साथ एकीकृत है, जो राष्ट्रीय ढांचे के साथ संरेखित है और निवेशकों के लिए पहुंच को बढ़ाता है।

**बुनियादी ढांचा योजना के लिए जियो पोर्टल**

राज्य का भू-स्थानिक गेटवे पर्यावरण, कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों के लिए 250 से अधिकजीआईएस परतें, सैटेलाइट इमेजरी और उपकरण प्रदान करता है, जिससे कुशल बुनियादी ढांचा योजना और अंतर विश्लेषण सक्षम होता है।

**क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन**

मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा शुरू किए गए क्षेत्रीय उद्योग सम्मेलन (आरआईसी) राज्य की क्षेत्रीय औद्योगिक क्षमता को प्रदर्शित करते हैं, निवेशकों को आकर्षित करते हैं और समग्र विकास को बढ़ावा देते हैं।




**भूमि आवंटन एवं सुधार**

समय अनुकूलनःभूमि आवंटन प्रक्रिया की समय सीमा को 59 दिनों से घटाकर 29 दिन कर दिया गया है, आशय पत्र (एलओआई) और आवंटन पत्र (एलओए) जारी करने के लिए एक समझी गई अनुमोदन तंत्र की शुरुआत की गई है।

D-19274/24



अखिल भारतीय रूपक महोत्सव में नाटकों की प्रस्तुति

# धोती-कुर्ते में चंदन तिलक लगाए महिला पात्रों ने निभाया ऋषि, मुनि और भरतमुनि का किरदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मस्तक पर तिलक, गले में रुद्राक्ष माला और हाथों में फूलों की माला लिए मंत्रमुग्ध करती मुद्राओं में सफेद-सफेद वस्त्र पहनें हुई ऋषि, मुनि और उनके मध्य में भरतमुनि द्वारा नाट्य शास्त्र का ज्ञान देना। यह सभी किरदार महिला पात्रों द्वारा जब निभाए गए तो सम्पूर्ण सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। जी हां नाट्य शास्त्र के जनक भरतमुनि की कहानी कहता नाटक 'नाट्योत्पत्तिकथा' का सजीव चित्रण किया गया अखिल भारतीय रूपक महोत्सव के शुभारंभ अवसर पर। रवीन्द्र भवन सभागार में, केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय महोत्सव में मंगलवार को पांच प्रस्तुतियां हुईं। सर्वप्रथम पूर्व रंग की प्रस्तुति में 'रंगदैवतपूजन्च' की प्रस्तुति हुई। इसके बाद 'नाट्योत्पत्तिकथा' रूपक की प्रस्तुति हुई। प्रो राधावल्लभ त्रिपाठी द्वारा रचित इस नाट्य प्रस्तुति में नाट्य शास्त्र की उत्पत्ति को दर्शाया। नाटक में पात्रों ने भरत मुनि के आश्रम तथा भरत मुनि से आत्रेय मुनि के विभिन्न प्रश्नों, ब्रह्मा, इंद्र व अप्सराओं आदि को सजीव चित्रण के द्वारा विस्तार से दर्शाया गया।



### बोधायन रचित 'भगवदज्जूकम' की प्रस्तुति रही खास

प्रथम दिन के अंत में तमिलनाडु, चेन्नई से आए संस्कृतरंगम की नंदनी रमणी ने संस्कृत साहित्य के सर्वाधिक लोकप्रिय नाटकों में से एक 'भगवदज्जूकम' नामक नाटक की प्रस्तुति दी। इसे छठवीं शताब्दी के महान कवि बोधायन द्वारा रचा गया था। अत्यंत सुंदर कल्पना के साथ इस नाटक में ब्रह्मांड के विज्ञान को दर्शाया गया।

### समाज में व्याप्त समस्या के हल के विषय में बात करता है

इसके पश्चात श्रीएकरसानंद संस्था मैनपुरी, उत्तर प्रदेश ने 'मंत्र दानम' नाट्य प्रस्तुति दी। पं. श्री बाबूराम अवस्थी द्वारा विरचित 'मंत्र दानम' एक एकांकी रूपक है। जो समाज में व्याप्त दस्यु (डाकू) समस्या के हल के विषय में बात करता है। तीसरी प्रस्तुति केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के लखनऊ परिसर द्वारा 'नेतृलीलायतम' की रही जिसमें समाज की वर्तमान व्यवस्था को दर्शाया। पात्रों ने कौतुकप्रिय नारद मुनि तथा यमराज का रूप धरकर वर्तमान समयानुसार राजनीतिक परिदृश्य को चित्रित किया।



## खबर संक्षेप

### अंतरराष्ट्रीय विश्व मैत्री मंच का समारोह 16 फरवरी को भोपाल में

**भोपाल।** अंतरराष्ट्रीय विश्व मैत्री मंच 16 फरवरी को राष्ट्रीय सम्मेलन एवं हेमंत स्मृति कविता सम्मान समारोह का आयोजन करेगा। इस अवसर पर संस्था हेमंत स्मृति कविता सम्मान सहित 14 साहित्यकारों को अलंकरण सत्र में विधा पुरस्कार से सम्मानित करेगी। संस्था की संस्थापक अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने बताया कि होटल पलाश रेजिडेंसी में सुबह 11:30 बजे से कार्यक्रम के दो अन्य सत्र कहानी और लघु कथा पाठ भी होंगे। इस मौके पर कैलाश चंद्र पंत भी उपस्थित रहेंगे।

### दुष्यंत कुमार संग्रहालय में नाटक 'कॉफी हाउस' का मंचन

**भोपाल।** कला गुरु स्वर्गीय शांति वर्द्धन की स्मृति में 'रंग ए शांति' नाट्य समारोह का शुभारंभ मंगलवार को दुष्यंत कुमार संग्रहालय में किया गया। जिसमें पहले दिन नाटक 'कॉफी हाउस' का मंचन हुआ। नाटक में लेखन लक्ष्मी नारायण लाल का रहा और निर्देशन अदनान खान का।

### रेलवे की मॉक ड्रिल में दिखी तैयारियों की व्यवस्था

**भोपाल।** भोपाल मंडल के बुदनी-नर्मदापुरम रेलखंड पर मॉक ड्रिल का सफल आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार सुबह 11:56 बजे नर्मदापुरम स्टेशन मास्टर ने भोपाल कंट्रोल रूम को सूचित किया कि एक रेल ग्रिलिंग मशीन पटरी से उतर गई है, जिसमें 10-12 रेलवे कर्मचारी घायल हुए हैं।

जनजातीय संग्रहालय में दो दिवसीय 'आचार्य भरतमुनि महोत्सव' का शुभारंभ

# भरतनाट्यम और कथक के साथ शास्त्रीय गायन से सजा 'आचार्य भरतमुनि महोत्सव'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कृष्ण और गोपियों के बीच की अठखेलियों के बीच भरतनाट्यम प्रस्तुति, तो वहीं ताल प्रधान कथक प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। भरतनाट्यम और कथक की जुगलबंदी से सजी यह मनभावन प्रस्तुति का संयोजन किया मंगलवार को जनजातीय संग्रहालय में आयोजित 'भरतमुनि महोत्सव' में। बौद्धिक विमर्श, गायन, नृत्य और प्रदर्शनी पर केंद्रित इस दो दिवसीय महोत्सव का संयोजन संस्कार भारती मप्र और कालिदास संस्कृत अकादमी मप्र के संयुक्त तत्वावधान में हुआ। इस दौरान आचार्य भरतमुनि पर केंद्रित चित्र प्रदर्शनी भी लगाई गई।

### तुलसीदास के अदम्य साहस को प्रदर्शित करता नाटक 'संत तुलसीदास'

महोत्सव के पहले दिन शाम को संजय मेहता के निर्देशन में नाटक 'संत तुलसीदास' का मंचन हुआ। नाटक में दिखाया कि तुलसी हमारी सनातन परंपरा का ऐसा चरित्र है, जो व्यक्तिगत रूप से और राम चरित मानस से समाज का मार्ग प्रशस्त करता रहा है। कभी कृष्ण, कभी गौरख या कहें कि आदि शंकराचार्य या कबीर के माध्यम से ये नाटक उसी का एक प्रयास है। नाटक में तुलसीदास का एक सम्राट को जवाब देना उनके अदम्य साहस और आत्मविश्वास को दर्शाता है।

### नृत्य में दिखाई दी कृष्ण लीला

*प्रस्तुति के अगले क्रम में नीरजा सक्सेना एवं साथी कलाकारों ने भरतनाट्यम, कथक की मनमोहक प्रस्तुति दी। उन्होंने नाट्यशास्त्र में नृत्य भरतमुनि के मूर्त और अमूर्त को प्रस्तुत किया।*




### रस से रंग की यात्रा है नाट्यशास्त्र

महोत्सव के दूसरे सत्र में वरिष्ठ रंगकर्मी व रंगनिर्देशक संजय मेहता नाट्य शास्त्र में वर्तमान रंगमंच की दशा और दिशा विषय पर वक्तव्य दिया। उन्होंने कहा जिस समय उन्होंने थियेटर करना आरम्भ किया तब तक सिर्फ विदेशी नाट्य निर्देशकों के नाम अधिक प्रचलित थे हमने भरतमुनि के नाट्यशास्त्र के बारे में अधिक नहीं सुना था। धीरे धीरे भरतमुनि को सुना, पढ़ा और समझा।



### चारों वेद का दृश्य पंचम वेद में दिखाई दिया

इस अवसर पर संस्कृति मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने कहा कि चारों वेद का दृश्य पंचम वेद में दिखाई दिया है। इसमें ऋग्वेद, संवेद, यजुर्वेद और अर्थवेद से सब कुछ लेकर प्रस्तुतियों को समाहित किया। जीवन में सभी भाव भंगिमाओं को प्रदर्शित करने का कार्य नाट्य शास्त्र से जुड़ी है।

### विज्ञान और धर्म हैं एक दूसरे के विपरीत

कार्यक्रम में गिरीश जोशी ने कंटेंपरेरी सनातन विषय पर चर्चा करते हुए वर्तमान समय में सनातन के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि विज्ञान और धर्म एक दूसरे के विपरीत है। उन्होंने कहा कि निवृत्ति का आशय किए गए कार्य की पूर्ति से है और प्रवृत्ति का आशय पूर्णता की ओर ले जाता है।

### राग पुरिया कल्याण ने किया मुग्ध

शाम के सत्र में अमित आलेकर के शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति का शुभारंभ राग पुरिया कल्याण में बंदिश आज सूबना लाड...को पेश किया। इसके बाद उन्होंने दिन रेन कछु ना सुहावे... के बाद प्रस्तुति का समापन भजन गोविंद दामोदर मधवेती... के साथ किया।

*इंदिरा गांधी मानव संग्रहालय में आठवीं जनजातीय साहित्य महोत्सव में जनजातीय कलाकारों के उत्पादों की प्रदर्शनी*

# मकई के झाड़ की पत्तियों से बनाया जाता है भारिया जनजाति वर-वधू का सेहरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



हर एक जनजातीय का रहन-सहन, पहनावा अलग होता है

हर एक जनजातीय का रहन-सहन, पहनावा सभी अलग है। किसी जनजातीय समूह में वैवाहिक पद्धति को लेकर अनोखी चीज देखने को मिलती है तो कि सी जनजाती में ठाकुर देव की पूजा का विशेष महत्व है। ऐसी ही प्रदेश के छिंदवाड़ी के पातालकोट निवासी भारिया जनजाती में वर-वधू का सेहरा एकदम अलग होता है।

यह सेहरा मकई के झाड़ की पत्तियों से बनाया जाता है, जिसे गांवों में भी झाड़ू के रुप में प्रयोग किया जाता है। भारिया जनजाती के कलाकारों ने अपने इस अनोखे सेहरे को प्रदर्शित किया।

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय में आयोजित आठवें जनजातीय साहित्य महोत्सव के अंतर्गत लगे जनजातीय स्टॉल पर। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मप्र के जनजातीय कार्य मंत्री कुंवर विजय शाह, विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रो. चंद्र चारु त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### काले रंग की वेशभूषा में तीव्र गति से कालबेलिया की प्रस्तुति रही खास

कार्यक्रम में शाम की बेला में राजस्थान के प्रसिद्ध कालबेलिया नृत्य की प्रस्तुति खास रही। काले रंग की वेशभूषा में तीव्र गति से किए जाने वाले नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया वहीं अगली कड़ी में घूमर नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां हुईं, जिसमें घेरदार लहंगा और उम्दा हाव भावों ने नृत्य प्रस्तुति को खास बना दिया।

### महोत्सव के दौरान तीन सत्रों का आयोजन किया गया

- **विषय**-जनजातीय फिल्म निर्माण: समावेशी कथाएं और आवाजों पर परिचर्चा
- **अध्यक्षता**: फिल्म निर्माता राजेश बादल।
- **वक्ता**: एडवोकेट डॉ. बिंदु ए. (केरल), डॉ. शांता नाइक (कर्नाटक), डॉ. देबजानी मुखर्जी और मुकेश दरबार (मध्य प्रदेश)।

### विषय- वैश्वीकरण: आदिवासी साहित्य और उनकी संस्कृति

- **अध्यक्षता**: प्रो. सरित कुमार चौधरी।
- **वक्ता**: डॉ. गंगा सहाय मीना, महादेव टोप्पो, श्रीकांत नंदकुमार, दयाराम राठोडिया और मंगला एस. गरवाल।
- **विषय- मिथक, लोककथाएं और महाकाव्य: आदिवासी साहित्य का आधार**
- **अध्यक्षता**: महादेव टोप्पो।
- **वक्ता**: वसंत निगुर्णे, इंदुमति लामानी, डॉ. इंदु वी. मेनन, जनार्दन गोंड, डॉ. राजेश राठवा, शैलेंद्र के. शर्मा और डॉ. के.एस. मलान।

### पारंपरिक जनजातीय भोजन के साथ पुस्तकों का प्रदर्शन

कार्यक्रम में दर्शकों के लिए पारंपरिक जनजातीय भोजन की विशेष व्यवस्था की गई, जिसमें मिलेट्स से बने विभिन्न जनजातीय व्यंजनों का रसास्वादन दर्शकों ने किया और महोत्सव का आनंद उठाया। इसके साथ ही भोपाल के विभिन्न संस्थानों और पब्लिशर्स ने जनजातीय साहित्य से संबंधित पुस्तकें प्रदर्शित कीं।

प्रथम दिवस हुईं अनेक प्रतियोगिताएं

# उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में वार्षिकोत्सव 'तरंग' का शुभारंभ



**भोपाल।** उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान में मंगलवार से रंगारंग चार दिवसीय वार्षिकोत्सव 'तरंग' का शुभारंभ बड़े भव्य तरीके से आयोजित हुआ। प्रथम दिवस अनेक प्रतियोगिताएं हुईं जिसमें पुष्प सज्जा प्रतियोगिता 'गुलदस्ता-ए-हुनर' की थीम सुंदरता से ज्ञान तक-एक पुष्पक यात्रा पर आयोजित की गई।

### रंगोली प्रतियोगिता

रंगोली प्रतियोगिता सृजनाकृति की थीम संस्कृति के रंग, ज्ञान के संग थी, जिसमें सची जैन प्रथम, संजना गुप्ता द्वितीय स्थान पर रहीं। वहीं वॉल पेंटिंग 'रंगीन चित्रानम' भित्ति कला के रंग, परंपरा संग थीम पर आयोजित हुई।

पीले परिधान पहनकर किया बसंत ऋतु पर काव्य पाठ

# अंतरराष्ट्रीय महिला काव्य मंच की मासिक गोष्ठी में बसंतोत्सव की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अन्तर्राष्ट्रीय महिला काव्य मंच भोपाल इकाई की मासिक गोष्ठी गुरुवार को रजनी यादव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सीमा रघुवंशी व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवशरण रघुवंशी थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि के दीप प्रज्वलन एवं रीटा की सरस्वती वंदना से हुई।

महिला काव्य मंच की अध्यक्ष सुनीता केसवानी ने पुष्प गुच्छ भेंटकर अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में सभी ने पीले परिधान पहन कर बसंत ऋतु पर काव्य पाठ किया। वंदना गुप्ता, करुणा दयाल, सुनीता शर्मा, शकुन्तला कालिया, मृदुल त्यागी, रजनी यादव सर्वेश मदान आदि ने काव्य पाठ किया। कुमकुम सिंह एवं डॉ. प्रभा मिश्रा ने अपनी गजल से सबका मन मोह लिया। मृदुल त्यागी ने कार्यक्रम का संचालन किया। रजनी यादव ने सबका आभार व्यक्त किया। सौहार्दपूर्ण वातावरण में शानदार गोष्ठी सम्पन्न हुई।



# युवाओं को मिला रोजगार, 65 कंपनियां हुई सम्मिलित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रोजगार कार्यालय ने रोजगार मेले का आयोजन किया। गोविंदपुरा क्षेत्र के एक निजी कॉलेज में आयोजित मेले में 12वीं, स्नातक सहित करीब तीन हजार उम्मीदवार शामिल हुए। जिला रोजगार अधिकारी डॉ. एबी खान ने बताया कि मेले में शामिल हुई लगभग 65 कंपनियों ने 464 युवाओं को चयनित किया और 369 को शार्टलिस्ट किया गया है। यह 13वां रोजगार मेला था, जिसमें अधिकतम 10 लाख वार्षिक वेतन प्रदान करने वाली कंपनियां शामिल हुईं।

### कार्यक्रम सफल रहा

आइटीआई गोविंदपुरा प्राचार्य श्रीकांत गोलाईत ने बताया कि यह रोजगार मेला युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने में सफल रहा। इसमें एक्सिस बैंक, इसाफ स्माल फाइनेंस बैंक, हेक्सा वेयर, आइसीआइसीआई बैंक, एलआईसी आफ इंडिया, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, वर्धमान, बजाज कैपिटल, सदर लैंड, एयरटैल पैमेंट बैंक, एमपी ऑनलाइन जैसी प्रतिष्ठित कंपनियां शामिल हुईं। इस मेले में भोपाल सहित मध्यप्रदेश के 25 अन्य जिलों के युवा शामिल हुए।

शहीद भवन में हास्य से भरपूर कहानी 'हार-जीत' का मंचन

# वैचारिक मतभेद होते हुए भी साथ की आशा एवं विश्वास ही वैवाहिक जीवन का आधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

वैचारिक मतभेद होते हुए भी साथ की आशा एवं विश्वास ही वैवाहिक जीवन का आधार हैं। पूरे वैवाहिक जीवन में विभिन्न उतार-चढ़ाव आते रहते हैं। खट्टी-मीठी बातें मान-मनुहार, झगड़ा-उलझनें कितनी भी हों परन्तु पति-पत्नी का प्रेम एवं संबंध अटूट रहता है। विभिन्न वैचारिक मतभेद होते हुए भी साथ की आशा एवं विश्वास ही हार-जीत कहानी का आधार है। इसी कहानी को दर्शाता हबीब थिएटर समिति द्वारा रचित नाटक 'हार-जीत' का मंचन शहीद भवन सभागार में किया गया।


### पति-पत्नी का प्रेम एवं संबंध अटूट रहता है



### आत्यमीयता की अजब मिसाल की गई पेश

### कथासार

नाटक में आध्यात्मिक प्रेम एवं आत्मीयता की एक अजब अनूठी मिसाल पेश की गई। हार-जीत में हार न पति की होती है और न पत्नी की क्योंकि जीते कोई भी हारे कोई भी, सुलह ही एक मात्र हथियार है। अन्त में जहां पत्नी कांच का पावडर खाकर आत्महत्या करने की धमकी देती है। साथ ही साथ माफ भी कर रही है और नायक से कहती है- लो जी लिख दो मैं अपनी मर्जी से जान दे रही हूं ताकि कोई तुम्हें कुछ न कहे। इस बात पर नायक निसार हो जाता है।



# जीवनभर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले महाकुंभ को लेकर कर रहे दुष्प्रचारः योगी

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि जीवन भर वीवीआईपी ट्रीटमेंट लेने वाले लोग आज महाकुंभ को लेकर दुष्प्रचार में जुटे हैं। उन्होंने विपक्ष द्वारा महाकुंभ को लेकर किए जा रहे दुष्प्रचार का जवाब देते हुए कहा कि प्रयागराज में 29 दिन में 45 करोड़ श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है, जो एक ऐतिहासिक घटना है। भारत और चीन के बाद दुनिया के किसी देश की आबादी 45 करोड़ नहीं है, एक अस्थाई शहर में 45 करोड़ से अधिक श्रद्धालु आकर डुबकी लगाए इससे बड़ी बात और क्या हो सकती है। उन्होंने कहा कि कुछ लोग इसे वीआईपी स्नान से जोड़कर भ्रम फैलाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन सच यह है कि महाकुंभ समरसता और आस्था का संगम है, जहां जाति, धर्म, भाषा, क्षेत्र के भेदभाव को खत्म करके सभी श्रद्धालु एक साथ जुड़ते हैं। लेकिन ये नकारात्मकता फैलाने वाले कौन लोग हैं, ये वही लोग हैं जिन्होंने जीवन भर सरकार की वीवीआईपी ट्रीटमेंट लिया है और अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए एक रास्ता खोलने का प्रयास किया था। ये वही लोग हैं जो नकारात्मकता पैदा करके भारत और सनातन के विरोध में सदैव खड़े रहते हैं और दुष्प्रचार करने में मशगूल रहते हैं।

## माघ पूर्णमा पर 3 लाख श्रद्धालु करेंगे अमृत स्नान



## इस्कॉन के संस्थापक ध्वजवाहक श्रील प्रभुपाद को मिली विश्व गुरु की उपाधि

दुनियाभर में 'हरे कृष्णा' मूवमेंट के माध्यम से सनातन धर्म का प्रभाव बढ़ाने वाले इस्कान के संस्थापक स्वामी श्रील प्रभुपाद को अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद ने 'विश्व गुरु' की उपाधि प्रदान की है। श्री निरंजनी अखाड़ा के आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि के शिविर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन हुआ। मंत्रोच्चार के बीच प्रभुपाद की प्रतिमा पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा करके विधि-विधान से पट्टाभिषेक किया गया। उक्त दुर्लभ पल के साक्षी अखाड़ा परिषद और इस्कान से जुड़े संतों के साथ उनके अनुयायी बने। हर कोई अभीभूत रहा। स्वामी कैलाशानंद गिरि ने कहा कि संगम तट पर चल रहे विशाल, भव्य, स्वच्छ और दिव्य महाकुंभ में प्रभुपाद को विश्व गुरु की उपाधि प्रदान करके हम सभी गौरवांवित हैं। उन्होंने अपनी विद्वता, त्याग और समर्पण के बल पर राधारानी से जोड़कर उनका जीवन स्तर सुधारने का अनूठा कार्य किया।



**प्रयागराज से शुरू की आध्यात्मिक यात्रा**

अभय चरण डे अर्थात प्रभुपाद का जन्म कोलकाता में एक सितंबर 1896 को कोलकाता में हुआ। वह 1923 से 1936 तक प्रयागराज के साउथ मलाका मोहल्ला में रहे। हीवेट रोड में उनकी दवा की दुकान थी। उन्होंने रूप गौड़ीय मठ से जुड़कर आध्यात्मिक यात्रा शुरू की। 14 नवंबर 1977 को उन्होंने वृंदावन में अंतिम सांस ली।

## कानपुर स्टेशन पर लगभग 600 जवान तैनात

**आरोपों की बौछार**

### अखिलेश ने पूछाः ड्रोन डिजिटल इंडिया कहां है?



समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने मंगलवार को लोकसभा में महाकुंभ की व्यवस्था के मुद्दे पर उत्तर प्रदेश सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि महाकुंभ जो कि 144 साल बाद आया है, ये झूठा प्रचार किया गया। विकसित भारत की जो दूसरी तस्वीर देखी उसने न केवल हम लोगों को बल्कि सनातन धर्म के लोगों को तकलीफ पहुंचाई गई। लोग तकलीफ में रहे, परेशानी में रहे। ये पहली बार हुआ होगा कि लोग 300 किलोमीटर के जाम में फंस गए। केवल एक बल्कि दो-दो मुख्यमंत्री इन्हें लगाने पड़े कि कैसे जाम रोका जाए। इसके साथ-साथ इन्हीं संगठन के लोगों को जब लगा कि वो व्यवस्था नहीं बना सकती तो इतने दिनों के बाद इनके भाजपा कार्यकर्ताओं से अपील है कि वो मदद के लिए आएं। आप ट्रैफिक नहीं संभाला पाया। हर शहर में कहा गया कि कोई निकले नहीं, सब बॉर्डर सील हुए हैं। अखिलेश ने कहा कि चांद पर पहुंचने का क्या फायदा जब जमीन की समस्या नहीं दिखती। वो ड्रोन कहां हैं, जो डिजिटल इंडिया की बात कही गई, वो कहां हैं।

### भगदड़ पर योगी ने एडीजी भानु को लताड़ा हो सकते हैं सस्पेंड

महाकुंभ में हुई भगदड़ और जाम पर सीएम योगी ने एडीजी प्रयागराज और एडीजी ट्रैफिक की क्लास लगाई। सीएम ने दोनों अफसरों को सस्पेंड करने की चेतावनी तक दी। योगी ने प्रयागराज एडीजी भानु भास्कर से कहा- महाकुंभ मेले में आप ही सारी व्यवस्थाएं संभाल रहे थे। जैसे ही भगदड़ हुई आपने दूसरे अफसरों को आगे कर दिया। वहीं, एडीजी ट्रैफिक के. सत्यनारायण से सीएम ने कहा- जब वीकेंड पर दिल्ली एनसीआर में पिकनिक स्पॉटों पर भीड़ हो जाती है, तो आपको अंदेशा नहीं था ।

### महाकुंभ माघ पूर्णिमा अमृत स्नान को तैयारःकानपुर से 500 बसें और 50 स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रहीं

आज बुधवार को माघ पूर्णिमा पर प्रयागराज में अमृत स्नान के लिए कानपुर से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का प्रवास शुरू हो गया है। रोडवेज प्रशासन ने 500 से अधिक बसों की व्यवस्था की है, जबकि रेलवे 50 मेला स्पेशल ट्रेनें चला रहा है। अनुमान है कि सेंट्रल और गोविंदपुरी स्टेशन से करीब तीन लाख श्रद्धालु प्रयागराज पहुंचेंगे। यात्रियों की सुविधा के लिए हर 20 मिनट पर ट्रेन और झकरकटी से हर 10 मिनट पर बस की सेवाएं उपलब्ध होंगी। रोडवेज के आरएम अनिल कुमार के अनुसार, सोमवार को ही 89 बसें प्रयागराज रूट पर चलीं। भीड़ बढ़ने पर अनुबंधित बसें भी चलाई जाएंगी। बसों की संख्या बढ़ाने के लिए लखनऊ, झांसी और दिल्ली-मेरठ रूट की बस सेवाएं कम कर दी गई हैं। एसीएम संतोष कुमार त्रिपाठी ने यात्रियों की सुविधा के लिए विशेष व्यवस्था की जानकारी दी। प्रयागराज जाने वाली ट्रेनें प्लेटफॉर्म नंबर 3, 4 और 5 से चलेंगी।

### नाफेड ने 1000 मीट्रिक टन से अधिक राशन वितरित किया

प्रयागराज महाकुंभ में श्रद्धालुओं के लिए केंद्र सरकार की विशेष योजना के तहत सस्ती दरों पर राशन उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय की पहल पर नेफेड (नाफेड) के माध्यम से आटा, दाल, चावल और अन्य आवश्यक वस्तुएं श्रद्धालुओं को सस्ती दरों पर वितरित की जा रही हैं। श्रद्धालु व्हाट्सएप या कॉल के माध्यम से भी राशन मंगवा सकते हैं। अब तक 1000 मीट्रिक टन से अधिक राशन वितरित किया जा चुका है और यह वितरण कार्य 20 मोबाइल वैन के माध्यम से पूरे महाकुंभनगर और प्रयागराज में निरंतर जारी है। श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री की परेशानी न हो, इसके लिए मोबाइल वैन के माध्यम से राशन की डिलीवरी की जा रही है।

**ढाबे पर 400 में आलू पराठा 500 रुपए में दी दाल फ्राई**

हाईवे पर जब कई किलोमीटर लंबा जाम लगा तो ढाबे वाले मुंहमांगा दाम वसूलने लगे। 400 रुपए में आलू पराठा तो 500 में दाल फ्राई बेचने लगे। मथुरा से निजी वाहन से प्रयागराज पहुंचे 70 वर्षीय विनय किशोर बताते हैं, मैंने अपने जीवन में ऐसा जाम नहीं देखा। फतेहपुर से प्रयागराज के बीच तमाम ढाबों में उन्हें भोजन नहीं मिला। जहां मिला भी तो वहां आलू के एक पराठे के लिए 400 रुपए उन्हें चुकाने पड़े। चाय भी 50 रुपए में एक कप मिली।

## खबर संक्षेप

### लॉटरी पर सरकार नहीं वसूल सकती टैक्स



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को अपने एक बड़े फैसले में साफ किया कि लॉटरी पर टैक्स लगाने का अधिकार केवल राज्य सरकारों का होगा। केंद्र सरकार को इस पर कर लगाने का कोई अधिकार नहीं होगा। जस्टिस बीवी नागरत्ना और सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने इस फैसले को सुनाते हुए केंद्र सरकार के लॉटरी डिस्ट्रीब्यूटर्स पर सर्विस टैक्स लगाने के प्रयास को असंवैधानिक घोषित कर दिया। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि संविधान के अंतर्गत सट्टेबाजी और जुआ के रूप में लॉटरी पूरी तरह से राज्यों के अधिकार क्षेत्र में आती है।

### एल्विश और पूर्व मंत्री के बेटे पर एफआईआर!



**जयपुर।** पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने मंगलवार सुबह प्रेस कॉन्फ्रेंस करते कहा है कि राजस्थान पुलिस की तरफ से यूट्यूबर एल्विश यादव को कोई सुरक्षा नहीं दी गई। एल्विश ने कोई पुराना वीडियो तोड़-मरोड़ कर पेश किया है। ये एक प्रोपेगेंडा है, जिस पर हम एक्शन लेंगे। जल्द ही एल्विश यादव और उसके साथ गाड़ी में बैठे पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास के बेटे के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाएगा और फिर कानून के मुताबिक उन पर कार्रवाई होगी। एल्विश 8 फरवरी को गाना रिकॉर्ड करने के लिए जयपुर आए थे।

संविधान का अपडेटेड वर्जन 22 कृतियों के साथ ऑनलाइन जारी

## इधर सदन में मामला उठा, उधर काम हो गया

◆ पक्ष, विपक्ष और सभापति राज्यसभा में हुई तीखी बहस

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राज्यसभा में एकबार फिर पक्ष, विपक्ष और आसंदी के बीच ठन गई। मामला था संविधान की मूल प्रति से 22 कृतियों को हटाया जाना। सभापति की अनुमति से भाजपा के राधामोहन अग्रवाल ने मामला उच्च सदन में उठाया। उन्होंने कहा कि संविधान की जो प्रति बाजार पर नेट पर या अन्य जगहों पर उपलब्ध है, जो संविधान की प्रति विभिन्न प्रकाशकों द्वारा प्रकाशित की जा रही हैं उनमें वो 22 कृतियां शामिल नहीं जो संविधान सभा द्वारा अनुशंसित और हस्ताक्षरित थी। उन्होंने आरोप लगाय कि बिना संसद से पारित कराये संविधान में पूर्ववर्ती सरकार ने संशोधन कर दिये जो सर्वथा गैर संवैधानिक है।

राधामोहन अग्रवाल ने कहा कि 26 जनवरी 1949 को संविधान सभा द्वारा नंदलाल बोस को जो संविधान लागू करने को थमाया गया था उसके 22 अध्यायों में देश की हजारों साल की सभ्यता का दर्शन था। जिनमें सिंधु घाटी सभ्यता, मोहन जोदडो, बादशाह अकबर, शिवा जी राव, नेताजी सुभाषचंद्र बोस, महात्मा गांधी, भगवान श्रीराम के अयोध्या लौटने के समय की चित्र, श्रीकृष्ण कुरुक्षेत्र में अर्जुन को युद्ध मंत्र देते हुए चित्र, भगवान बुद्ध, महावीर जैसे कई महापुरुषों और इतिहास की कृतियां थीं, लेकिन आज जो संविधान विभिन्न जगहों पर उपलबध है उनमें ऐसे कोई कृति दिखायी नहीं देती। इसे अविलंब सुधार की मांग केंद्र सरकार से करता हूं। इस पर कडी प्रतिक्रिया दर्ज करते हुए विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खडगे ने कहा कि ये बाबा साहेब का अपमान करने की कोशिश है। जो संविधान उन्होंने दिया उसमें संशोधन की मांग करना ठीक नहीं। उनके इस बात पर सदन में हंगामा मच गया। सभापति जगदीप धनखड जैसे पूरी तैयारी से आंसदी पर थे। उन्होंने तमाम धारायें और संसदीय नियमों की दुहाई देते हुए कहा कि संविधान में किसी तरह का संशोधन करने का अधिकार केवल संसद को है। जूडिशरी को भी संविधान संशोधन में दखल देने का अधिकार नहीं। ऐसे में वो कृतियां जिनका पांच हजार साल पुराना इतिहास है, संविधान की मूल प्रति में शामिल थी, उन्हें शामिल होना ही चाहिए। उन्होंने आसंदी से सदन के नेता जगतप्रकाश नड्डा को निर्देश दिया कि संविधान का मूल स्वरूप वापिस लाया जाए। जो भी प्रकाशक मूल स्वरूप से इतर संविधान की प्रति छापेगा उस पर कानूनी कार्रवाई की जाए। सभापति पर आरोप लगते रहे कि उन्होंने विपक्ष के नेता को बोलने नहीं दिया। सभापति ने कहा कि इस विषय पर राजनीति नहीं करने दी जाएगी। थोडी ही देर बाद राधामोहन अग्रवाल पुनः अपनी सीट से उठे, सदन के नेता जगतप्रकाश नड्डा का धन्यवाद देते हुए कहा, सभापति जी मैं नड्डा जी का धन्यवाद देना चाहता हूं।

सदन में मामला उठने के बाद ऑनलाइन संविधान की मूल प्रति, मूल स्वरूप में उपलब्ध हो गई है।

आप की टूट और खुद के पार्टी छोड़ने पर बोले सीएम मान

## आम आदमी पार्टी की टूट के दावे करने वाले खुद के विधायक गिनें और बताएं कितने हैं?

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

*भगवंत मान ने कहा कि आपको पता है कि दिल्ली में भाजपा की तरफ से कितना पैसा और गुंडागर्दी चली। हमे हर 3 से 4 घंटे में चुनाव आयोग के पास जाना पड़ता था। अब रिजल्ट आ गया है, जिसे हमने स्वीकार किया है। पंजाब में तो हमने कई चुनाव लड़ लिए, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया।*

1 पंजाब के सीएम ने गिनाई अपनी उपलब्धियां

2 मान का आरोप- भाजपा ने दिल्ली में जमकर पैसा खर्च किया

दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजों के बाद आप संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पंजाब के विधायकों की मीटिंग बुलाई थी। यह मीटिंग दिल्ली के कपूरथला हाउस में हुई, जहां सारे विधायकों को लेकर खुद सीएम भगवंत मान पहुंचे। इस मीटिंग को लेकर कयास थे कि पार्टी टूटने का डर है। इसके चलते केजरीवाल अलर्ट मोड पर आ गए हैं और विधायकों को बुलाया गया है। इस बीच खुद भगवंत मान ने मीटिंग से निकलने के बाद मीडिया से बात की। उन्होंने पार्टी में टूट और खुद के छोड़कर जाने की चर्चाओं को भी खारिज किया। भगवंत मान ने कांग्रेस के दावे को लेकर कहा कि वे लोग अपने विधायकों की गिनती करें। एक बार देखें कि दिल्ली में उनके कितने विधायक हैं।भगवंत मान ने कहा कि बाजवा तो पौने तीन साल से पंजाब में ऐसे ही दावे कर रहे हैं। उनकी आदत है और वे ऐसी बातें पहले भी करते रहे हैं।

विधायकों के टूटने के दावे पर भगवंत मान ने कहा कि हमारे कार्यकर्ता लालच में बिकने वाले नहीं हैं। खुद के ही आम आदमी पार्टी छोड़ने के दावे को लेकर भगवंत मान ने कहा कि उनको बोलने दीजिए। वहां ये कल्चर है कि कोई छोड़ जाता है और कोई लौट आता है। हमने तो यह पार्टी खून-पसीना एक करके खड़ी की है। हम धर्म, गुंडागर्दी और पैसे बांटने की राजनीति नहीं करते। भगवंत मान ने कहा कि आपको पता है कि दिल्ली में भाजपा की तरफ से कितना पैसा और गुंडागर्दी चली। हम हर तीन से 4 घंटे में चुनाव आयोग के पास जाना पड़ता था। अब रिजल्ट आ गया है, जिसे हमने स्वीकार किया है। पंजाब में तो हमने कई चुनाव लड़ लिए, लेकिन हमने ऐसा नहीं किया।

### विधायकों की 6-6 पेंशन लेने की नीति खत्म की



पंजाब के मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब में आते ही हमने विधायकों की 6-6 पेंशन लेने की नीति खत्म की। अब सभी को एक पेंशन मिलती है। उन्होंने कहा कि यह मीटिंग हमारी नियमित प्रैक्टिस का हिस्सा थी। इसमें कुछ भी खास नहीं है। महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपए देने पर उन्होंने कहा कि हम हर गारंटी पूरी करेंगे। जो वादे हमारे मेनिफेस्टो में नहीं थे, हम वे भी पूरे कर रहे हैं। बता दें कि दिल्ली में एक दशक तक शासन करने वाली आप को पांच फरवरी के दिल्ली विधानसभा चुनाव में बड़ा झटका लगा और वह 70 में से केवल 22 सीट ही जीत पाई। भाजपा की जीत के साथ ही राष्ट्रीय राजधानी में आप का शासन खत्म हो गया, जिससे पार्टी के भविष्य को लेकर चिंताएं बढ़ गई हैं।

**भाजपा पर मान ने साधा निशाना**

भगवंत मान ने कहा कि तीन साल के अंदर हमने पंजाब हमने हजारों लोगों को नौकरियां दी। मान ने कहा कि तीन साल में हम 50 हजार से ज्यादा नौकरी दे चुके हैं। वह भी बिना भ्रष्टाचार के। एक घर में 2-3 नौकरियां भी मिली हैं। दिल्ली चुनाव में पार्टी की हार पर उन्होंने कहा कि दिल्ली में बीजेपी ने पैसे बांटे। बीजेपी ने गुंडागर्दी की। मान ने कहा कि चुनाव में हार जीत चलती रहती है। बता दें कि आज दिल्ली में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और सभी मंत्रियों और विधायकों-सांसदों के साथ बैठक की। मीटिंग में पंजाब आप संगठन के मंत्री भी शामिल थे।

**आरपी सिंह बोले- केजरीवाल को पंजाब जाना चाहिए**

भाजपा नेता आरपी सिंह ने भी केजरीवाल की ओर से दिल्ली में पंजाब विधायकों की बैठक पर तंज कसा। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल को बैठक के लिए पंजाब जाना चाहिए था। पंजाब की हालत अच्छी नहीं है। उन्होंने कहा कि अरविंद केजरीवाल घबराहट में बैठकें ले रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि पंजाब में भी अरविंद केजरीवाल की पार्टी की छुट्टी जल्द होने वाली है।

**पंजाब में 117 सीटों में से आप के पास हैं 94 विधायक**


जानकारी के अनुसार, मौजूदा समय में पंजाब में आम आदमी पार्टी के 94 विधायक है। पंजाब में विधायकों की कुल संख्या 117 है। पंजाब में आम आदमी पार्टी ने भारी बहुमत के साथ सरकार बनाई थी। केजरीवाल के भरोसेमंद माने जाने वाले भगवंत को मुख्यमंत्री बनाया गया था।

करीब आधा दर्जन एफआईआर, लोग कड़ी से कड़ी सजा

## माता-पिता पर अभद्र टिप्पणी करने वाला गंदगी से भरा रणवीर इलाहाबादिया चौतरफा घिरा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो के दौरान माता-पिता को लेकर की गई अश्लील टिप्पणी की वजह से यूट्यूबर रणवीर इलाहाबादिया चौतरफा विवादों में घिर गया हैं। इस मामले में मुंबई पुलिस ने उन्हें समन जारी किया है और जांच में सहयोग करने का निर्देश दिया है। वहीं इंदौर में भी उसके खिलाफ एफआईआर हुई है। इसके अलावा, असम पुलिस भी इस मामले में कार्रवाई करते हुए मुंबई में उनके घर पहुंची। देशभर में पुलिस में कई शिकायतें दर्ज कराई गई हैं और यह विवाद संसद तक पहुंच चुका है। मुंबई पुलिस और असम पुलिस जांच कर रही है। वहीं, तमाम राजनीतिक दलों के नेता इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया दे रहे हैं और इसे डिजिटल क्रिएटर्स की जवाबदेही से जोड़ा जा रहा है। शिवसेना (यूबीटी) सांसद प्रियंका चतुर्वेदी इस मुद्दे को संसद में उठाने की तैयारी कर रही हैं।



**मुंह काला करके गधे पर बिठाओः मुकेश खन्ना**



*महाभारत में भीष्म की भूमिका निभाने वाले मुकेश खन्ना ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर कर रणवीर इलाहाबादिया की आलोचना की। उन्होंने कहा कि भविष्य में कोई ऐसा गैर जिम्मेदाराना बयान न दे ये सुनिश्चित करने के लिए इन्हें कड़ी से कड़ी सजा दी जानी चाहिए। मेरे पास ऐसे लोगों के लिए एक सजा है। इनका मुंह काला करके गधे पर बिठा कर शहर भर में घुमाओ। एक्टर ने लिखा, यह जानकर दुख हुआ कि रणवीर इलाहाबादिया जैसे यूट्यूबर ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' में ऐसा स्टेटमेंट दिया है। उनका स्टेटमेंट माता-पिता और सेक्स से जुड़ा हुआ था। उनके इस स्टेटमेंट की वजह से पूरा देश इस वक्त गुस्से में है। यह ये दर्शाता है कि हमने हमारे देश के युवाओं को फ्रीडम ऑफ स्पीच का दुरुपयोग करने की स्वतंत्रता दी हुई है। खन्ना ने आगे लिखा, यह पहली बार नहीं है जब किसी ने सीमा पार की हो।*

**शाह को पत्र लिखकर प्रतिबंध लगाने की मांग**

ऑल इंडियन सिने वर्कर्स एसोसिएशन ने 'इंडियाज गॉट लेटेंट' शो बैन के लिए गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर बैन की मांग की है। एसोसिएशन का कहना है कि इस तरह के शो देश के युवाओं को भ्रमित कर रहे हैं। महिला आयोग ने भी इलाहाबादिया, समय रैना और अन्य को समन भेजा है। सभी को 17 फरवरी को एनसीडब्ल्यू कार्यालय बुलाया गया है। इंदौर में भी रणवीर इलाहाबादिया के खिलाफ शिकायत की गई है।

## दिल्ली में हुई हरियाणा भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक मेयर और चेयरमैनों के नाम का फाइनल पैनल तैयार

प्रदेश अध्यक्ष बडौली बोले, हरियाणा में नगर निकाय चुनाव में भाजपा की जीत तय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

हरियाणा में नगर निकाय चुनाव के संदर्भ में मंगलवार को दिल्ली हरियाणा भवन में भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक हुई। देर सायं हुई बैठक के दौरान हरियाणा में होने वाले नगर निकाय चुनावों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, भाजपा प्रदेश प्रभारी डा. सतीश पूनिया, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहन लाल बड़ौली, केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल, केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, संसदीय बोर्ड की सदस्य डा. सुधा यादव, संगठन मंत्री फणीन्द्रनाथ शर्मा, सांसद धर्मबीर सिंह, सांसद रामचंद्र जांगडा, मंत्री कृष्ण बेदी, पूर्व मंत्री राम बिलास शर्मा, पूर्व मंत्री कैप्टन अभिमन्यु, पूर्व मंत्री जेपी दलाल, पूर्व सांसद सुनीता दुग्गल, पूर्व विधायक सत्य प्रकाश जरावता आदि नेताओं की उपस्थिति में मेयर और चेयरमैन के नामों पर विस्तृत चर्चा कर उम्मीदवारों के नामों के फाइनल पैनल तैयार किए गए। बैठक में बीजेपी नेताओं ने दावा करते हुए कहा कि हरियाणा के नगर निकाय चुनाव में बीजेपी की जीत तय है।

**जल्द ही नामों की घोषणा कर दी जाएगी**



*भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली ने बैठक के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि प्रदेश के लोगों ने बहुमत के साथ ट्रिपल इंजन की सरकार बनाने का मन बनाया हुआ है। उन्होंने कहा कि आज की कोर ग्रुप की बैठक में मेयर और चेयरमैन के नामों पर विस्तृत रूप से चर्चा करने के बाद प्रत्याशियों के नामों का फाइनल पैनल तैयार कर केंद्रीय नेतृत्व के पास भेजा गया है जिस पर जल्द ही निर्णय लेने के बाद नामों की घोषणा कर दी जाएगी।*

# भारत में चर्चा में एक और पॉडकास्टर

# लेक्स फ्रीडमैन, ट्रंप से लेकर नेतन्याहू तक उनके शो का हिस्सा रहे, वे खुद पीएम मोदी का इंटरव्यू लेने से पहले रखेंगे उपवास

फ्रीडमैन ने 19 जनवरी को एक्स पर एक पोस्ट में ऐलान किया था कि वह पीएम नरेंद्र मोदी का इंटरव्यू करने के लिए भारत की यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने बताया था कि वह पॉडकास्ट के लिए पीएम मोदी का साक्षात्कार करेंगे। कहा कि मैं कभी भारत नहीं गया, लेकिन वहां की ऐतिहासिक और संस्कृति का अनुभव लेने के लिए उत्साहित हूं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत में इस वक्त दो पॉडकास्टर चर्चा में हैं। इनमें एक नाम से लगभग पूरा देश वाकिफ है। इनका नाम है रणवीर इलाहबादिया, जो कि एक कॉमेडी शो में अपने अभद्र मजाक की वजह से घिर गए हैं। हालांकि, इस बीच एक और पॉडकास्टर चर्चा में हैं। वैसे तो उनका भारत से कोई सीधा नाता नहीं है, लेकिन पीएम नरेंद्र मोदी के इंटरव्यू के लिए भारत आने की वजह से फिलहाल देश में लेक्स फ्रीडमैन के नाम को लेकर कौतूहल की स्थिति बनी हुई है। अमेरिका और पश्चिमी देशों में अपने पॉडकास्ट्स से नाम कमा चुके लेक्स को भले ही भारत में कम लोग जानते हों लेकिन विदेश में डोनाल्ड ट्रंप से लेकर बेंजामिन नेतन्याहू तक उनके शो का हिस्सा रह चुके हैं।

पीएम मोदी का लेक्स के साथ दूसरा और पहला अंतरराष्ट्रीय पॉडकास्ट होगा

लेक्स भारत की ऐतिहासिक और संस्कृति को जानने के लिए उत्सुक



### गूगल और एमआईटी में काम कर चुके

लेक्स फ्रीडमैन 2014 में पीएचडी के दौरान गूगल का हिस्सा बने थे। हालांकि, छह महीने में ही उन्होंने कंपनी छोड़ दी। इसके बाद 2015 में उन्होंने दुनिया के टॉप तकनीक संस्थान- मैसाच्युसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी) के एजलैब में काम शुरू किया। यहां उन्होंने साइकोलॉजी और बिग डाटा के क्षेत्र में काम किया। बताया जाता है कि एमआईटी में काम करने के दौरान 2019 में फ्रीडमैन ने टेस्ला के ऑटो पायलट सिस्टम को लेकर एक स्टडी प्रकाशित की थी, जिसने कंपनी के संस्थापक एलन मस्क का ध्यान भी आकर्षित किया था।

### पीएम मोदी को बताया दिलचस्प व्यक्ति

लेक्स फ्रीडमैन ने 19 जनवरी को एक्स पर एक पोस्ट में ऐलान किया था कि वह पीएम नरेंद्र मोदी का इंटरव्यू करने के लिए भारत की यात्रा पर जा रहे हैं। उन्होंने बताया था कि वह लेक्स फ्रीडमैन पॉडकास्ट के लिए पीएम मोदी का साक्षात्कार करेंगे। लेक्स ने लिखा था कि मैं कभी भारत नहीं गया, लेकिन आखिरकार वहां की ऐतिहासिक और आकर्षक संस्कृति के कई पहलुओं का अनुभव लेने के लिए मैं काफी उत्साह में हूं। वहीं, 8 फरवरी को अपने एक और पोस्ट में फ्रीडमैन ने कहा कि मैंने अब तक जितने लोगों को समझा है, पीएम मोदी उनमें से सबसे दिलचस्प व्यक्तित्व वाले हैं।

### कई हस्तियों के साथ पॉडकास्ट

*फ्रीडमैन एक अमेरिकी कंप्यूटर वैज्ञानिक और पॉडकास्टर हैं। लेक्स फ्राइडमैन 2018 से पॉडकास्टिंग कर रहे हैं। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, खेल और राजनीति) की कई प्रमुख हस्तियों के साथ पॉडकास्ट किया है। इनमें एलन मस्क, जेफ बेजोस, डोनाल्ड ट्रम्प, मार्क जुकरबर्ग और यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर ज़ेलेंस्की आदि शामिल हैं। फ्रीडमैन के यूट्यूब चैनल पर 4.5 मिलियन से अधिक सब्सक्राइबर हैं। आपको बता दें कि ये पीएम मोदी का दूसरा पॉडकास्ट होगा और पहला अंतरराष्ट्रीय पॉडकास्ट होगा। इससे पहले उन्होंने निखिल कामथ के साथ अपना पहला पॉडकास्ट किया था। इस इंटरव्यू में पीएम मोदी ने अपने निजी जीवन, राजनीति और भारत के भविष्य के बारे में बात की।*

### कंप्यूटर साइंस में बैचलर और मास्टर्स की डिग्री

*लेक्स फ्रीडमैन का जन्म सोवियत संघ का हिस्सा रहे ताजिक सोवियत सोशलिस्ट रिपब्लिक में एक यहूदी परिवार में हुआ। उनका असल नाम एलेक्सई एलेक्सान्ड्रोविच फ्रीडमैन है। उनके माता-पिता का जन्म यूक्रेन में हुआ, जबकि उनका जन्म ताजिकिस्तान में हुआ। शुरुआती जीवन रूस की राजधानी मॉस्को में गुजरा। जब वह 11 साल के थे, तभी सोवियत संघ के पतन की वजह से उनका परिवार अमेरिका के शिकागो में आकर बस गया। यहां उन्होंने इलिनॉय के एक स्कूल में पढ़ाई की रि ड्रेक्जेल यूनिवर्सिटी से कंप्यूटर साइंस में बैचलर और मास्टर्स की डिग्री हासिल की। 2014 में फ्रीडमैन ने ड्रेक्जेल से ही इलेक्ट्रिकल और कंप्यूटर इंजीनियरिंग में पीएचडी पूरी की।*

### मोदी के उपवास से प्रेरित

*लेक्स ने मोदी के 'मानवीय पक्ष' को समझने की इच्छा जताई और नवरात्रि के दौरान उनके नौ दिनों तक उपवास करने की आदत को दिलचस्प बताया। लिखा कि भारत का समृद्ध और जटिल इतिहास और उसमें मोदी की भूमिका महत्वपूर्ण है. लेकिन मोदी का व्यक्तिगत जीवन भी उतना ही दिलचस्प है। उन्होंने कई बार आध्यात्मिक कारणों से नौ दिनों तक उपवास रखा है। मैं भी अक्सर उपवास करता हूं। इसलिए भारत आने के बाद पॉडकास्ट से पहले 48-72 घंटे का उपवास करूंगा।*

## खबर संक्षेप

### मणिपुर सीएम के लिए पांच नामों की चर्चा



**इंफाल।** मणिपुर के पूर्व सीएम एन बीरेन सिंह के इस्तीफे के बाद अगले सीएम की रेस में पांच नाम चर्चा में हैं। सीएम पद के लिए सत्यब्रत मौजूदा स्पीकर, शिक्षा मंत्री थौनाओजम बसंत कुमार सिंह, राधेश्याम भाजपा विधायक, नगर प्रशासन एवं आवास विकास मंत्री खेमचंद और पर्यावरण व वन मंत्री बिस्वजीत सिंह ने मणिपुर राज्य के भाजपा प्रभारी संबित पात्रा ने मुलाकात की।

### पूर्वी कांगो में हमला 55 नागरिकों की मौत



**गोमा।** कांगो के पूर्वोत्तर हिस्से में सशस्त्र समूह के हमले में 55 नागरिकों की मौत हो गई। इनमें अधिकांश विस्थापित लोगों को निशाना बनाया गया। सशस्त्र समूह कोडेको के लड़ाकों ने सोमवार की रात इटुरी प्रांत के जाइबा गांव पर हमला किया। यह विस्थापितों का घर भी है। शिविर की नेता एंटोइनटेट नजाले ने बताया कि हमले में 55 नागरिकों की मौत हो गई।

## ट्रंप कैबिनेट से मुलाकात में पीएम मोदी का कई मुद्दों पर रहेगा फोकस

# आव्रजन, वीजा नीतियों, आयात शुल्क और हिंद प्रशांत महासागर को लेकर होगी द्विपक्षीय वार्ता

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी आज से तीन दिवसीय अमेरिका के दौरे पर रहेंगे। पीएम मोदी आज शाम को पहुंचेंगे और फिर 14 तारीख को वहां से रवाना होंगे। इस दौरान पीएम मोदी अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे। इस मीटिंग की अहमियत को इससे समझा जा सकता है कि डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद पहला दौरा इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का हुआ तो वहीं दूसरी विजिट पीएम मोदी की हो रही है।

ट्रंप भारत को भी एक अहम सहयोगी के तौर पर देख रहे हैं। पीएम नरेंद्र मोदी और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच चर्चा का सबसे बड़ा विषय व्यापार का मुद्दा रहेगा। इसके अलावा रक्षा सहयोग, अवैध अप्रवासी भारतीयों का निर्वासन, एच1बी वीजा, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, उर्जा जैसे क्षेत्रों में अहम द्विपक्षीय चर्चा होगी।

> डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद पहला दौरा इजराइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू का हुआ तो वहीं दूसरी विजिट पीएम मोदी की हो रही है। ट्रंप के एजेंडे को भी इससे समझा जा रहा है कि वे भारत को अहम सहयोगी मान रहे है

पीएम मोदी अमेरिका में अवैध अप्रवासी भारतीयों के निर्वासन का मुद्दा उठा सकते हैं

भारत अमेरिका से युद्धक वाहनों और लड़ाकू विमानों के इंजन की खरीदी कर सकता है



### चीन के बढ़ते वर्चस्व पर भी चर्चा संभव

*भारत के पीएम और अमेरिकी राष्ट्रपति के बीच चर्चा में चीन का मुद्दा उठना तय है। दरअसल, एशियाई क्षेत्र और ताइवान में चीन के बढ़ते वर्चस्व ने अमेरिका की चिंताएं बढ़ा दी हैं। इसके अलावा नौसैन्य क्षेत्र में भी चीन ने तेजी से अपनी क्षमताओं को मजबूत किया है। ऐसे में अमेरिका हिंद प्रशांत नीति के तहत भारत के साथ सहयोग बढ़ाने पर बात कर सकता है।*

### रक्षा सहयोग को लेकर समझौता

अमेरिकी राष्ट्रपति रक्षा सहयोग को लेकर भी पीएम मोदी से बात करेंगे। जहां पीएम मोदी इस मुलाकात में अमेरिका से युद्धक वाहनों और लड़ाकू विमानों के इंजन को खरीदने का समझौता फाइनल करेंगे तो वहीं ट्रंप उन्हें ज्यादा से ज्यादा अमेरिकी रक्षा सामग्री खरीदने के लिए कहेंगे।

### ट्रंप ने प्लास्टिक स्ट्रॉ की वापसी का किया ऐलान

*वॉशिंगटन। डोनाल्ड ट्रंप ने प्लास्टिक स्ट्रॉ की वापसी का ऐलान किया है। उन्होंने कहा कि पेपर स्ट्रॉ 'काम नहीं करते' और उनका इस्तेमाल 'बेवकूफी भरा' है। ट्रंप ने एक कार्यकारी आदेश पर साइन करते हुए कहा, 'हम वापस प्लास्टिक स्ट्रॉ पर जा रहे हैं।' यह कदम पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन की उस नीति के उलट है, जिसमें 2027 तक सरकारी संस्थानों में सिंगल-यूज प्लास्टिक पर रोक लगाने का फैसला किया था।*

### एच1बी वीजा की संख्या बढ़ाने की मांग

*पीएम मोदी डोनाल्ड ट्रंप से एच1बी वीजा की संख्या बढ़ाने को लेकर बात करेंगे। ट्रंप प्रशासन एच-1बी वीजा के जरिए लोगों के आने का समर्थन भी कर चुके हैं। इस वीजा की मांग भारत के टेक क्षेत्र में काफी ज्यादा है। ऐसे में मोदी एच-1बी वीजा की संख्या को बढ़ाने का मुद्दा उठाएंगे। भारत के पीएम अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे भारतीयों के निर्वासन का मुद्दा उठा सकते हैं।*

## एलओसी के पास आईईडी ब्लास्ट

# सेना के दो जवान शहीद एक गंभीर रूप से घायल



एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर के अखनूर में एलओसी के पास मंगलवार को आईईडी ब्लास्ट होने से सेना के दो जवान बलिदान हो गए हैं जबकि एक गंभीर रूप से घायल हैं। ब्लास्ट के बाद तीनों को अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था, जहां दो ने दम तोड़ दिया, जबकि एक का इलाज जारी है। मरने वालों में एक सेना के अधिकारी थे।

ब्लास्ट के बाद इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और तलाशी अभियान चलाया गया है। एक अधिकारियों ने बताया कि सभी जवान दोपहर करीब 3.50 बजे गश्त पर थे। इसी दौरान भट्टल क्षेत्र में एक चौकी के पास विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि घायल जवानों को अस्पताल ले जाया गया, जहां एक कैप्टन समेत एक जवान की मौत हो गई। अन्य घायल जवान की हालत खतरे से बाहर है।

इलाके की घेराबंदी कर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है

### एक दिन पहले स्नाइपर हमला

बता दें कि एक दिन पहले ही पाकिस्तान ने कायराना हरकत की थी। सोमवार को केरी सेक्टर में भारतीय सेना के गश्ती दल पर गोलीबारी के बाद अब नौशेरा सेक्टर में स्नाइपर हमला किया। इसमें गोली लगने से गश्ती दल का एक जवान घायल हुआ था। उसे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। बता दें कि केरी सेक्टर में नियंत्रण रेखा से सटे बारतगाला में आठ फरवरी को भी पाकिस्तानी सेना ने गश्त कर रहे भारतीय जवानों पर गोलीबारी की थी। मुंहतोड़ जवाब दिए जाने पर पाकिस्तान ने गोलीबारी बंद कर दी थी। केरी सेक्टर में पाकिस्तान ने 2 सितंबर 2020 को गोलीबारी की थी। इसमें सेना के जेसीओ बलिदान हो गए थे।

## केंद्र सरकार की अनोखी पहल

# ... अब 'नारी अदालत' के जरिए महिलाओं को मिलेगा शीघ्र न्याय



हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

अब वो दिन दूर नहीं जब महिलाओं को उनकी रिहाइश के करीब ही आसानी से न्याय सुलभ हो जाएगा। केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने इसके लिए 'नारी अदालत' नामक एक अनोखी पहल की है। फिलहाल जम्मू-कश्मीर और असम में प्रायोगिक परियोजना के तौर पर यह अदालत चल रही है। लेकिन मंत्रालय ने देशभर में नारी अदालतों का क्रियान्वयन करने के लिए सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को पत्र भेजे हैं। जिससे जरूरतमंद महिलाओं को त्वरित न्याय मिल सकेगा। यह जानकारी केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने मंगलवार को केंद्रीय बजट-2025-26 में मंत्रालय के लिए किए गए आवंटन के विषय पर जानकारी देने के लिए आयोजित किए गए संवाददाता सम्मेलन में दी।

### कानूनी सिस्टम से होगा जुड़ाव

केंद्रीय मंत्री ने नारी अदालतों की कानूनी वैधानिकता से जुड़े एक प्रश्न के जवाब में कहा कि वर्तमान में ग्रामीण स्तर पर विवादों का निपटारा शुरुआती स्तर पर पंच और सरपंच के माध्यम से होता है। लेकिन अगर वो चाहें तो मामले को नारी अदालत में भेज सकते हैं। जहां विवाद का हल निकालने के लिए अदालत में गांव का मुखिया या अन्य लोग मौजूद रहेंगे। यहां विवाद न सुलझने की स्थिति में यह लोग वन स्टॉप सेंटर (ओएससी) को मामले को ट्रांसफर कर सकते हैं। जहां पुलिस व अन्य प्रकार की कानूनी सहायता ली जा सकती है। उन्होंने कहा कि दिल्ली में भाजपा की सरकार बनने के बाद अब वहां भी पहले के मुकाबले तेजी के साथ केंद्र की तमाम योजनाएं लागू हो सकेंगी।


### 18 मार्च से 2 अप्रैल तक होगा पोषण माह

उन्होंने बताया कि इस वर्ष मंत्रालय द्वारा पोषण माह का आयोजन 18 मार्च से लेकर 2 अप्रैल तक किया जाएगा। यह कार्यक्रम का सातवां संस्करण होगा। मुख्य रूप से मंत्रालय का लक्ष्य पोषण माह के जरिए जन जागरूकता को बढ़ाना और व्यवहार परिवर्तन करना होगा। पोषण भी पढ़ाई भी अभियान के जरिए आंगनबाड़ी कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इसके लिए 30 हजार मास्टर ट्रेनर मौजूद हैं। मंत्रालय का लक्ष्य सभी 14 लाख आंगनबाड़ी कर्मियों को प्रशिक्षित करने का है।

## संसद में 6 नई भाषाओं में अनुवाद सेवाओं का होगा विस्तार

# भड़का विपक्ष, स्पीकर बोले भारत की मूल भाषा संस्कृत से इतनी दिक्कत क्यों?

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मंगलवार को संसद में बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, उर्दू और संस्कृत सहित छह नई भाषाओं में अनुवाद सेवाओं के विस्तार की घोषणा की। सदन को संबोधित करते हुए बिरला ने कहा कि पहले, अनुवाद सेवाएं हिंदी और अंग्रेजी के अलावा असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल और तेलुगु सहित 10 भाषाओं में उपलब्ध थीं। ओम बिरला ने कहा कि अब हमने छह और भाषाओं- बोडो, डोगरी, मैथिली, मणिपुरी, उर्दू और संस्कृत को भी शामिल किया है।

### डीएमके सांसद ने जताई आपत्ति

वहीं, डीएमके सांसद दयानिधि मारन ने लोकसभा अध्यक्ष की घोषणा पर आपत्ति जताते हुए पूछा कि संस्कृत में एक साथ अनुवाद पर जनता का पैसा क्यों बर्बाद किया जा रहा है, जिसे जनगणना के अनुसार केवल 70,000 लोग बोलते हैं। उन्होंने कहा कि संस्कृत देश के किसी भी राज्य में नहीं बोली जा रही है। दयानिधि मारन ने तर्क देते हुए पूछा कि आपकी आरएसएस विचारधाराओं के कारण करदाताओं का पैसा क्यों बर्बाद किया जाना चाहिए? इस पर प्रतिक्रिया देते हुए स्पीकर ने उनकी खिंचाई की और पूछा कि वह किस देश में रह रहे हैं? यह भारत है, जिसकी "मूल भाषा" संस्कृत रही है इसीलिए हमने सिर्फ संस्कृत नहीं बल्कि 22 भाषाओं का जिक्र किया। आपको संस्कृत से दिक्कत क्यों है?

### ग्वाटेमाला में बस हादसा, 55 की मौत



**ग्वाटेमाला सिटी।** मध्य अमेरिका में स्थित ग्वाटेमाला देश की राजधानी ग्वाटेमाला सिटी में सोमवार को एक बस पुल से नीचे गिर गई। हादसे में 55 लोगों की मौत हो गई। यात्रियों से भरी यह बस सैन अगस्टिन अकासागुस्तलान शहर से राजधानी जा रही थी। फायर बिग्रेड के एक अधिकारी एडविन विलाग्रान ने बताया कि कई हादसे से पहले कई गाड़ियां आपस में टकरा गई थी, इसके बाद बस करीब 20 मीटर गहरे नाले में जा गिरी।

## जयशंकर की फ्रांस के विदेश मंत्री से भेंट

# एआई, इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ पेरिस

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने सोमवार को पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष जीन-नोएल बैरोट से मुलाकात की। दोनों नेताओं ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इनोवेशन, कनेक्टिविटी और स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।

जयशंकर ने बैठक का ब्योरा शेयर करते हुए कहा कि सोमवार शाम पेरिस में विदेश मंत्री जीन-नोएल बरोट से मिलकर खुशी हुई। एआई और इनोवेशन, कनेक्टिविटी और



स्वच्छ ऊर्जा पर ध्यान केंद्रित करते हुए हमारे व्यापक सहयोग पर चर्चा हुई। क्षेत्रीय और वैश्विक विकास के बारे में भी बात हुईं।

फ्रांसीसी विदेश मंत्री ने भी सोशल मीडिया पर पोस्ट किया कि भारत के साथ, एआई हमारी रणनीतिक साझेदारी का नया क्षेत्र है। 2026 में, हम मिलकर इनोवेशन का एक फ्रेंको-भारतीय वर्ष लिखेंगे!

### ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन के बांध का मुद्दा गूंजा



**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद नेता गौरव गोगोई ने लोकसभा में यारलुंग त्सांगपो ब्रह्मपुत्र नदी पर चीन द्वारा बनाए जा रहे दुनिया के सबसे बड़े बांध का मुद्दा उठाते हुए इसे चिंताजनक बताया। उन्होंने कहा कि हमें इस बात पर सहमति बनानी होगी कि चीन बाढ़ पूर्वानुमान और प्रबंधन को लेकर हाइड्रोलोजिकल डाटा हमसे साझा करे। उन्होंने पूछा क्या सरकार जानती है कि चीन एक बांध बना रहा है? इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय फोरम पर उठाने के लिए सरकार ने क्या किया है?

## हवाई खतरों के खिलाफ भारत की रक्षा तैयारियों में मिली कामयाबी

# एयरो इंडिया में व्हीकल माउंटेड काउंटर ड्रोन लॉन्च

**10** किलोमीटर की रेंज में टारगेट को हिट कर सकेगा

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट ऑर्गेनाइजेशन (डीआरडीओ) के साथ मंगलवार को 'एयरो इंडिया 2025' में व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम का अनावरण किया। इस प्लेटफॉर्म को डीआरडीओ के महानिदेशक (इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार प्रणाली) डॉ. बीके. दास ने रक्षा विशेषज्ञों और उद्योग भागीदारों की उपस्थिति में लॉन्च किया। कंपनी ने अपने बयान में कहा कि यह अत्याधुनिक प्रणाली उभरते हवाई खतरों के खिलाफ भारत की रक्षा तैयारियों को बढ़ाने में एक महत्वपूर्ण कदम है। आधुनिक युद्ध में टोही और आक्रामक

इसमें 7.62 एमएम गन और एडवांस रडार लगा हुआ



अभियानों के लिए ड्रोन के बढ़ते उपयोग के कारण एक मजबूत एंटी-ड्रोन सिस्टम की आवश्यकता अनिवार्य हो गई है।"अडाणी डिफेंस और एयरोस्पेस के सीईओ आशीष राजवंशी ने कहा कि यह भारत के डिफेंस इनोवेशन इकोसिस्टम की क्षमता को दिखाता है।

### हाई-एनर्जी लेजर सिस्टम से सुसज्जित

व्हीकल-माउंटेड काउंटर-ड्रोन सिस्टम लंबी दूरी की सुरक्षा, चपलता और सटीकता सुनिश्चित करता है, जो इसे आधुनिक रक्षा बलों के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति बनाता है। यह उन्नत सेंसर क्षमताओं के माध्यम से निर्बाध सुरक्षा प्रदान करता है, जिसमें ड्रोन का ऑटोमेटिक डिटेक्शन, वर्गीकरण और निष्क्रिय करना शामिल है। इस ड्रोन को सिंगल 4×4 व्हीकल के साथ एकीकृत किया गया है। इसमें किसी ड्रोन को मार गिराने के लिए हाई-एनर्जी लेजर सिस्टम लगा हुआ है। इसमें 7.62 एमएम गन और एडवांस रडार है। यह 10 किलोमीटर की रेंज में टारगेट को हिट कर सकता है।

### देश के पास स्वदेशी रक्षा तकनीक

आशीष राजवंशी ने कहा कि अडाणी डिफेंस एंड एयरोस्पेस सफलतापूर्वक डीआरडीओ की टेक्नोलॉजी को ऑपरेशनल रेडी सॉल्यूशंस में बदलने में सफल रहा है। इससे हमारी सेनाओं की क्षमता बढ़ेगी। अपनी उन्नत विनिर्माण क्षमताओं का लाभ उठाकर, हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि हमारे सशस्त्र बलों के पास देश के रणनीतिक हितों की रक्षा के लिए सबसे उन्नत, स्वदेशी रक्षा टेक्नोलॉजी तक पहुंच हो।

# ऑस्ट्रेलिया के तीन सहित अन्य देशों के कई स्टार खिलाड़ी चैंपियंस ट्रॉफी से हुए बाहर

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

आगामी चैंपियंस ट्रॉफी का आगाज 19 फरवरी से होने जा रहा है। इसके लिए सभी टीमों ने अपने दल का ऐलान कर दिया है। काफी समय के बाद पाकिस्तान में किसी बड़े टूर्नामेंट का आयोजन होने जा रहा है। हालांकि, भारतीय क्रिकेट टीम अपने मुकाबले दुबई में खेलने वाली है। जैसे-जैसे ये टूर्नामेंट नजदीक आ रहा है कई खिलाड़ी अलग-अलग वजहों से अपनी-अपनी टीम से बाहर हो गए हैं।



## ऑस्ट्रेलिया के 3 खिलाड़ी टूर्नामेंट से बाहर

ऑस्ट्रेलिया के 3 प्रमुख खिलाड़ी कप्तान पैट कमिंस, जोश हेजलवुड और ऑलराउंडर मार्कस स्टोइनिस ये टूर्नामेंट नहीं खेलेंगे। कमिंस और हेजलवुड चोटिल होने के कारण टीम से बाहर हैं। वहीं, स्टोइनिस ने सभी को चौंकाते हुए अचानक वनडे क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी। अभी तक ये भी तय नहीं हुआ है कि टीम का कप्तान कौन होगा। हालांकि अभी ऑस्ट्रेलिया की टीम में बदलाव होना है। तेज गेंदबाजी का सारा दारोमदार मिचेल स्टार्क के कंधों पर होगा।

## दक्षिण अफ्रीका से बाहर हुए 2 खिलाड़ी

तेज गेंदबाज एनरिक नोर्खिया पीठ की चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। उनके अलावा टीम का एक और तेज गेंदबाज गेराल्ड कोएट्जी भी चोटिल होने के कारण यह टूर्नामेंट नहीं खेलेगा। ये दक्षिण अफ्रीका की टीम के लिए बहुत बड़ा झटका है। तेम्बा बावुमा की टीम कगिसो रबाडा और मार्को येंसन पर पूरे टूर्नामेंट में निर्भर रहेगी। हालांकि, लुंगी एनगिडी की वापसी से टीम को फायदा जरूर पहुंचेगा।



## इंग्लैंड के जेकेब बेथल टीम से बाहर

इंग्लैंड क्रिकेट टीम के युवा बल्लेबाज जैकेब बेथेल भी चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए हैं। कप्तान जोस बटलर ने इसकी पुष्टि की है। बेथेल को हैमस्ट्रिंग इंजरी हुई है। यह खिलाड़ी भारत के खिलाफ पहले वनडे में टीम का हिस्सा था। हालांकि, वह दूसरा मुकाबला नहीं खेले थे। बेथेल की जगह टॉम बैंटन की इंग्लैंड की टीम में वापसी हुई है। वह दुबई में इंटरनेशनल टी-20 लीग खेल रहे थे। उनके बल्ले से 2 शतक भी निकले थे।

## पाकिस्तान के सैम अयूब भी बाहर

पाकिस्तान क्रिकेट टीम के लिए सभी प्रारूप में सैम अयूब खूब रन बना रहे थे। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दौरान उन्हें फील्डिंग करते हुए टखने में चोट आई और वह अपनी सरजमीं पर होने वाले चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए। अयूब को 3 जनवरी को चोट आई थी और उस समय से उन्हें ठीक होने में 10 हफ्तों का समय लगेगा। फखर जमान और बाबर आजम अब सलामी बल्लेबाज के रूप में नजर आ रहे हैं।

## खबर संक्षेप



### पंकज बने भारतीय स्नूकर चैंपियन, कुल 36वां राष्ट्रीय खिताब जीता

**इंदौर।** भारत के सबसे कुशल खिलाड़ी पंकज आडवाणी ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प का शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां यशवंत क्लब में राष्ट्रीय स्नूकर चैंपियनशिप जीती जो उनके करियर का कुल मिलाकर 36वां राष्ट्रीय और 10वां पुरुष स्नूकर खिताब है। ओएनजीसी की तरफ से खेल रहे आडवाणी ने खराब शुरुआत से उबरते हुए फाइनल में ब्रिजेश दमानी को हराया। इस प्रतियोगिता के प्रदर्शन के आधार पर ही एशियाई और विश्व चैंपियनशिप के लिए भारतीय टीम का चयन किया जाएगा। एशियाई स्नूकर चैम्पियनशिप 15 फरवरी से शुरू होगी जिसमें आडवाणी और दमानी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से हराकर गुजरात रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में



**राजकोट।** तेज गेंदबाजों प्रियजीत जडेजा और अर्जन नागवासवाला ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे गुजरात ने मंगलवार को यहां सौराष्ट्र को पारी और 98 रन से हराकर रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहली पारी के आधार पर 295 रन से पिछड़ी सौराष्ट्र की टीम क्वार्टर फाइनल मुकाबले के चौथे दिन दूसरी पारी में भी 197 रन पर सिमट गई। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज प्रियजीत ने 32 रन देकर चार जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज नागवासवाला ने 54 रन देकर तीन विकेट चटकाए। जैकसन ने अपनी टीम के क्वार्टर फाइनल से बाहर होने के बाद पेशेवर क्रिकेट से संन्यास ले लिया।

### मां के निधन के कारण टूर्नामेंट से हटे टाइगर वुड्स

**सैन डिएगो।** टाइगर वुड्स टॉरे पाइंस में होने वाले जेनेसिस इनविटेशनल गोल्फ टूर्नामेंट से यह कहते हुए हट गए कि वह अभी तक अपनी मां के अचानक निधन से नहीं उबर पाए हैं। टाइगर की मां कुल्टिडा वुड्स का पिछले मंगलवार को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। वुड्स ने सोशल मीडिया पर जारी पोस्ट में कहा मैंने इस सप्ताह खेलने की योजना बनाई थी लेकिन मैं अभी इसके लिए तैयार नहीं हूं। वुड्स इस टूर्नामेंट के मेजबान भी हैं और उनके इस सप्ताह के आखिर में टॉरे पाइंस में उपस्थित रहने की उम्मीद है।



### मिश्रित युगल पुरस्कार राशि 10 लाख डॉलर की

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी ओपन अपनी मिश्रित युगल चैंपियनशिप का आयोजन टूर्नामेंट शुरू होने से पहले के हफ्ते में कराएगा और उसे उम्मीद है कि प्रारूप में बदलाव तथा 10 लाख डॉलर की इनामी राशि से शीर्ष एकल खिलाड़ी ग्रैंडस्लैम युगल खिताब जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे।

**भारत बनाम इंग्लैंड, तीसरा वनडे : नरेंद्र मोदी स्टेडियम में आज दोपहर 1.30 बजे से**

# सीरीज जीत चुकी टीम इंडिया आज इंग्लैंड को क्लीन स्वीप करने के इरादे से उतरेगी

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

पहले दो मैच में आसान जीत से उत्साह से लबरेज भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ आज बुधवार को यहां होने वाले तीसरे और अंतिम एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच में अपनी लय बरकरार रखकर क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगी। भारतीय क्रिकेट टीम और इंग्लैंड क्रिकेट टीम के बीच खेली जा रही 3 मैचों की वनडे सीरीज का आखिरी मुकाबला आज दोपहर 1.30 बजे से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। रोहित शर्मा की कप्तानी में इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ भारतीय क्रिकेट टीम ने शुरुआती 2 मैचों को जीतकर वनडे सीरीज में अजेय बढ़त बनाई हुई है।

जहां तक जोस बटलर की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम का सवाल है तो उसे चैंपियंस ट्रॉफी से पहले मनोबल बढ़ाने वाली जीत हासिल करने के लिए तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। ऑलराउंडर जैकब बैथेल के चोटिल होने के कारण बाहर हो जाने से भी उसकी टीम की परेशानियां बढ़ गई हैं। पिछले मैच में फिल साल्ट और बेन डकेट की सलामी जोड़ी ने इंग्लैंड को अच्छी शुरुआत दिलाई थी लेकिन वह उसका फायदा नहीं उठा पाया। जो रूट ने भी अपना प्रभाव छोड़ा है लेकिन उन्हें दूसरी तरफ से सहयोग नहीं मिला है। गेंदबाजी में स्पिनर आदिल रशीद ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया है लेकिन अगर इंग्लैंड को जीत हासिल करनी है तो उसके बल्लेबाजों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।



## कोहली के लिए अग्निपरीक्षा है यह मैच

इस मैच में हालांकि विराट कोहली पर निगाह रहेगी जिनके पास चैंपियंस ट्रॉफी से पहले फॉर्म हासिल करने का यह आखिरी मौका होगा। यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी से पहले कोहली की फॉर्म को लेकर चिंतित होगी। कप्तान रोहित शर्मा ने दूसरे वनडे में 90 गेंद पर 119 रन बनाकर फॉर्म में वापसी की जो भारत के लिए अच्छे संकेत हैं। कोहली अपने इस साथी से प्रेरणा लेकर यहां बड़ी पारी खेलना चाहेंगे। कोहली पूरी तरह से लय में नहीं दिख रहे हैं लेकिन वह इतनी देर तक क्रीज पर नहीं टिके हैं कि खुद को बड़ी पारी खेलने का मौका दे सकें। कोहली का बल्ला अगर चल जाता है तो यह स्टार बल्लेबाज वनडे क्रिकेट में 14000 रन बनाने वाला तीसरा खिलाड़ी बन सकता है। कोहली को इस मुकाम पर पहुंचने के लिए केवल 89 रन की जरूरत है।

## नरेंद्र मोदी स्टेडियम के अन्य आंकड़े

वनडे क्रिकेट के इतिहास में इस मैदान पर सबसे बड़ा स्कोर (365/2) दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने बनाया है। भारतीय टीम का सबसे बड़ा स्कोर (325/5) रन रहा है। यहां इंग्लैंड का सबसे बड़ा स्कोर (282/9) रन है। इस मैदान पर सबसे छोटा स्कोर (85) जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के नाम है। भारतीय टीम का सबसे छोटा स्कोर (100) रन रहा है। इंग्लैंड का सबसे छोटा स्कोर (228/9) रन है।

## टीम इस प्रकार हैं

**भारतः** रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल (उप-कप्तान), यशस्वी जायसवाल, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर, केएल राहुल (विकेटकीपर), ऋषभ पंत (विकेटकीपर), हार्दिक पंड्या, रविंद्र जड़ेजा, वॉशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, हर्षित राणा, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

**इंग्लैंडः** जोस बटलर (कप्तान और विकेटकीपर), हैरी ब्रूक, बेन डकेट, जो रूट, फिलिप साल्ट, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), टॉम बैंटन, ब्रायडन कार्स, लियाम लिविंगस्टोन, जेमी ओवरटन, जोफ्रा आर्चर, गस एटकिंसन, साकिब महमूद, आदिल रशीद और मार्क वुड।

## इन बल्लेबाजों ने बनाए हैं सबसे ज्यादा रन

रोहित इस मैदान पर सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने यहां 7 मुकाबले खेले हैं और इसकी 7 पारियों में 50.57 की औसत से 354 रन बनाने में सफल रहे हैं। उनके बल्ले से 3 अर्धशतक निकले हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 95 रन है। विराट कोहली ने यहां 9 मैच में 246 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के लिए केविन पीटरसन और जो रूट ने इस मैदान पर संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा रन (90) बनाए हैं।

## इन गेंदबाजों ने झटके हैं सबसे ज्यादा विकेट

भारतीय टीम के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर कपिल देव ने इस मैदान पर सबसे ज्यादा 10 विकेट लिए हैं। उन्होंने यहां 6 वनडे मुकाबले खेले थे और उनकी औसत 15.60 की रही थी। उन्होंने 3.04 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की थी। भारत के सक्रिय गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज के नाम सबसे ज्यादा 5 मैच में 8 विकेट है। इंग्लैंड के लिए क्रिस वोक्स ने इस मैदान पर सबसे ज्यादा 3 मैच में 4 विकेट झटके हैं।

**राष्ट्रीय खेल**

# रवीना और सर्विन ने जीता स्वर्ण, सभी नौ खिलाड़ियों ने तोड़ा पिछला रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| देहरादून

अभूतपूर्व नतीजे में मंगलवर को यहां राष्ट्रीय खेलों की महिला 10 किमी पैदल चाल स्पर्धा पूरी करने वाली सभी नौ प्रतिभागियों ने 26 साल पहले बने खेलों के रिकॉर्ड समय से बेहतर प्रदर्शन किया।

स्पर्धा में 11 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया लेकिन दो स्पर्धा को पूरा नहीं कर पाए। राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक प्रियंका गोस्वामी ने अपनी प्रविष्टि भेजी थी लेकिन उन्होंने स्पर्धा में हिस्सा नहीं लिया। मणिपुर में 1999 के बाद इस स्पर्धा की राष्ट्रीय खेलों में वापसी हुई है। पिछले साल 20 किमी स्पर्धा में राष्ट्रीय अंतर राज्यीय और राष्ट्रीय ओपन चैंपियनशिप जीतने वाली हरियाणा की रवीना ने 45.52 सेकेंड के समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। सेना के सर्विन सबेस्टियन ने एक घंटा 21 मिनट 23 सेकेंड के निजी सर्वश्रेष्ठ समय के साथ स्वर्ण पदक जीता। उन्होंने 1999 खेलों के दौरान इम्फाल में बनाए मणिपुर की वाई बाला देवी के 51.56 सेकेंड के खेलों के पिछले रिकॉर्ड में सुधार किया। वहीं सर्विन का पिछला निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन एक घंटा 21 मिनट 39 सेकेंड था।

## शालिनी ने रजत, मुनीता ने कांस्य जीता

उत्तराखंड की शालिनी (46.12 सेकेंड) ने रजत जबकि उत्तर प्रदेश की मुनिता प्रजापति (46:23 सेकेंड) ने कांस्य पदक जीता। रवीना के बाद स्पर्धा पूरी करने वाली आठ प्रतिभागियों ने भी 51.56 सेकेंड के खेलों के पिछले रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन किया। इन्होंने निकाला पिछले से बेहतर समय : तमिलनाडु की मोकावी मुथुराथिनम (46.23 सेकेंड), उत्तराखंड की पायल (47.36 सेकेंड), उत्तर प्रदेश की रेशमा पटेल (48.16 सेकेंड), उत्तराखंड की मानसी नेगी (48.32 सेकेंड), महाराष्ट्र की सेजल सिंह (49.33 सेकेंड) और हरियाणा की मोनिका (51.45 सेकेंड) ने भी पिछले राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर समय निकाला।

## शेल्डन ने हर प्रारूप के क्रिकेट से लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** घरेलू क्रिकेट के स्टार खिलाड़ी शेल्डन जैक्सन ने पेशेवर क्रिकेट से भी संन्यास ले लिया है। वह पहले ही वनडे और टी-20 क्रिकेट खेलना छोड़ चुके हैं। सौराष्ट्र क्रिकेट टीम के लिए जैक्सन ने 2006 में डेब्यू किया था। इंडियन प्रीमियर लीग में यह खिलाड़ी कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल चुका है। हालांकि, 38 साल के इस विकेटकीपर बल्लेबाज को भारतीय क्रिकेट टीम की ओर से खेलने का कभी मौका नहीं मिला।

**बढ़ती उम्र के कारण लिया संन्यास :** जैक्सन ने वनडे और टी-20 क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद था, जिस तरह से सौराष्ट्र के युवा खिलाड़ियों ने सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में खेला, उसने मुझे यकीन दिलाया कि मेरा समय पूरा हो गया है। मुझे यह सही नहीं लगा कि मैं किसी युवा खिलाड़ी की जगह लूं।

**जो जीतेगा वही पहुंचेगा फाइनल में**

# पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच त्रिकोणीय सीरीज का तीसरा मैच आज



एजेंसी ▶▶| कराची

इस समय खेली जा रही त्रिकोणीय वनडे सीरीज का तीसरा मैच दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम और पाकिस्तान क्रिकेट टीम के बीच 12 फरवरी को कराची के नेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले को जीतने वाली टीम फाइनल में प्रवेश करेगी। बता दें कि न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम अपने शुरुआती 2 मैच जीतकर पहले ही फाइनल का टिकट हासिल कर चुकी है। पाकिस्तान और दक्षिण अफ्रीका के बीच होने वाला यह मैच 12 फरवरी को कराची के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भारतीय समयानुसार दोपहर 2:30 बजे से शुरू होगा।

## दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा रहा है भारी

वनडे प्रारूप में अब तक दोनों देशों की भिड़ंत में दक्षिण अफ्रीका का पलड़ा भारी रहा है। अब तक दोनों टीमें कुल 86 वनडे में आमने-सामने हुई है, जिसमें से 52 में प्रोटियाज टीम जीती है और 33 मैच पाकिस्तान ने अपने नाम किए हैं। इस बीच 1 वनडे मैच बेनतीजा रहा है। दिलचस्प रूप से आखिरी 5 आपसी भिड़ंत में से पाकिस्तान ने 4 वनडे में जीत दर्ज की थी।

**पाकिस्तानी :** फखर जमान, बाबर आजम, मोहम्मद रिजवान (कप्तान और विकेटकीपर), खुशदिल शाह, कामरान गुलाम, सलमान आगा, तैय्यब ताहिर, शाहीन अफरीदी, नसीम शाह, हारिस रऊफ और अबरार अहमद।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), मैथ्यू ब्रीट्जके, जेसन स्मिथ, वियान मुल्डर, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), मिहलाली मपोंगवाना, सेनुरान मुथुसामी, ईथन बॉश, जूनियर डाला, लुंगी एनगिडी और केशव महाराज।

## इन खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर होंगी नजरें

ब्रीट्जके ने पिछले मैच में डेब्यू करते हुए 150 रन की पारी खेलकर प्रभावित किया है। बाबर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 14 वनडे पारियों में 60.08 की औसत के साथ 721 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 1 शतक और 6 अर्धशतक लगाए हैं। क्लासेन ने पाकिस्तान के विरुद्ध 8 वनडे पारियों में 3 अर्धशतकों की मदद से 292 रन बनाए हैं। शाहीन ने प्रोटियाज टीम के खिलाफ 12 वनडे में 25.86 की औसत से 23 विकेट लिए हैं।

**दक्षिण अफ्रीकी टीम में होंगे कुछ बदलाव :** दक्षिण अफ्रीका अपने अगले मुकाबले में हेनरिक क्लासेन और केशव महाराज को शामिल कर सकती है। ये दोनों खिलाड़ी पिछले मैच के लिए टीम में उपलब्ध नहीं थे। निश्चित तौर पर अपने प्रमुख खिलाड़ियों की वापसी के बाद दक्षिण अफ्रीकी टीम को मजबूती मिलेगी।

## बतौर सलामी बल्लेबाजी में रोहित ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम ने बीते रविवार को इंग्लैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ सीरीज के दूसरे वनडे मैच में 4 विकेट से जीत दर्ज की। कटक के बाराबती स्टेडियम में हुए मैच में भारत की जीत के नायक रोहित शर्मा रहे, जिन्होंने शतक लगाया। इस बीच रोहित ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में बतौर सलामी बल्लेबाज, रनों के मामले में सचिन तेंदुलकर को पीछे छोड़ा। इस बीच 15,000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रन बनाने वाले भारतीय सलामी बल्लेबाजों के बारे में जानते हैं।

**वीरेंद्र सहवाग (16,119 रन)**
वीरेंद्र सहवाग ने अपने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट करियर का अंत 17,253 रन बनाने के साथ किया था। इसमें से 16,119 रन उन्होंने बतौर सलामी बल्लेबाज बनाए थे।

**रोहित शर्मा (15,404 रन)**
सलामी बल्लेबाज के रूप में रोहित ने 368 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 45.43 की औसत के साथ 15,404 रन बनाए हैं। इस बीच उन्होंने 264 रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 44 शतक और 79 अर्धशतक लगाए हैं।

**सचिन तेंदुलकर (15,335 रन)**
सलामी बल्लेबाजों के रूप में सचिन तेंदुलकर ने 342 अंतरराष्ट्रीय पारियों में 15,335 रन बनाए थे। इस दौरान उन्होंने 200* रन के सर्वोच्च स्कोर के साथ 45 शतक और 75 अर्धशतक लगाए थे।







हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930